

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन जन की आवाज़

लखनऊ वर्ष : 5 अंक : 181 बुधवार, 12 अगस्त 2026 श्रावण माह, कृष्ण, चतुर्दशी, विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 12 मूल्य : 5 रुपया


## गांजा पीकर पायलट उड़ा था विमान

### एअर इंडिया फ्लाइट टर्बुलेंस मामले में अहम खुलासा, दूसरा डोप टेस्ट आया पॉजिटिव

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** फुकेट से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट AI2379 के पायलट-इन-कमांड की साइकोएक्टिव पदार्थों की जांच दूसरी बार पॉजिटिव आई है। सूत्रों के मुताबिक, 4 अगस्त की घटना के बाद दोनों पायलटों का अनिवार्य स्क्रीनिंग टेस्ट कराया गया था। सह-पायलट की जांच में ऐसी कोई चिंता सामने नहीं आई, जबकि पायलट-इन-कमांड की शुरुआती रिपोर्ट के बाद सैंपल को पुष्टि के लिए अधिकृत प्रयोगशाला भेजा गया था, जहां टेस्ट पॉजिटिव आया।

सूत्रों के अनुसार, शुरुआती जांच में पायलट-इन-कमांड के सैंपल में आगे विश्लेषण की जरूरत सामने आई थी। इसके बाद नमूना निर्धारित प्रयोगशाला में कंफर्मेटरी टेस्ट के लिए भेजा गया। अब इस जांच की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। सूत्रों के मुताबिक, पायलट के सैंपल में साइकोएक्टिव पदार्थ की मौजूदगी पाई गई है। पायलट की जांच में मारिजुआना के इस्तेमाल की पुष्टि हुई है। दोनों पायलटों को जांच पूरी होने तक उड़ान ड्यूटी से हटा दिया गया है।

एअर इंडिया की फ्लाइट अक्2379 ने 4 अगस्त को फुकेट से दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। क्रूज के दौरान विमान ने अचानक करीब 300 फीट की ऊंचाई खो दी थी। एयरबस अ320 विमान में 137 यात्री सवार थे, जिनमें तीन शिशु भी शामिल थे। इसके अलावा विमान में आठ क्रू



सदस्य थे। दिल्ली में सुरक्षित लैंडिंग के बाद 13 यात्रियों और चार केबिन क्रू सदस्यों को अस्पताल ले जाया गया था।

इस घटना की जांच में विमान से जुड़ी कुछ कथित तकनीकी गड़बड़ियों को भी शामिल किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, उड़ान के दौरान ऑटोपायलट डिस्कनेक्ट होने, हाइड्रोलिक सिस्टम में तीन बार समस्या आने और अन्य तकनीकी दिक्कतों की जानकारी सामने आई थी। बताया गया कि ऑटोपायलट डिस्कनेक्ट होने के बाद सह-पायलट ने मैनुअल कंट्रोल संभाला। इसके बाद फ्लाइट-कंट्रोल स्टॉल मैसेज भी सामने आया और कुछ इंडिकेटर स्विच थोड़ी देर के लिए बंद हो गए। जांच में यह देखा जा रहा है कि इन तकनीकी समस्याओं, टर्बुलेंस और अचानक ऊंचाई कम होने की घटनाओं के बीच कोई संबंध था या नहीं।

एअर इंडिया की फुकेट-दिल्ली फ्लाइट से जुड़ी घटना की जांच कर रहे एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो ने कहा है कि वह मामले से जुड़े सभी जरूरी सबूत व्यवस्थित तरीके से जुटाने, सुरक्षित रखने और उनकी जांच करने में लगा है। जांच में तकनीकी, संचालन, मेडिकल और मानव कारकों से जुड़े पहलुओं को शामिल किया जा रहा है। जांच एजेंसी ने बताया कि विमान और उसके सिस्टम की जांच के साथ रिकॉर्ड किए गए फ्लाइट डेटा, संचालन और रखरखाव से जुड़े दस्तावेज, मेडिकल जानकारी और संबंधित लोगों के बयान भी जुटाए जा रहे हैं। अअक्ष ने स्पष्ट किया कि किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी उपलब्ध साक्ष्यों की समग्र रूप से जांच की जाएगी।

## 'वंदे मातरम' बिल को राष्ट्रपति की मंजूरी, जन गण मन जैसा मिलेगा कानूनी संरक्षण; कितनी होगी सजा?

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को एक विधेयक को मंजूरी दे दी, जिसके तहत जानबूझकर राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के गायन में बाधा डालना या उसे रोकना अपराध माना जाएगा। सरकार के एक बयान में कहा गया है कि इसे वही कानूनी सुरक्षा मिलेगी जो अभी राष्ट्रीय गान को हासिल है।

राष्ट्रपति की सहमति से राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम (संशोधन) विधेयक, 2026, कानून बन गया है। लोकसभा ने 30 जुलाई को विधेयक पारित किया था, जबकि राज्यसभा ने इसे एक दिन पहले ही मंजूरी दे दी थी। इस विधेयक के अंतर्गत वंदे मातरम को राष्ट्रगान 'जन गण मन' के समान दर्जा दिया गया है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में पहली बार लाल किले की प्राचीर से वंदे मातरम गाया जाएगा। इससे पहले, राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम अधिनियम के तहत जानबूझकर राष्ट्रगान (जन गण मन) गाने से रोकना या ऐसे गायन में लगे किसी भी सभा में अशांति



पैदा करना प्रतिबंधित था।

इन अपराधों के लिए अधिकतम तीन साल की कैद, जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती थी, जबकि दूसरी और उसके बाद की हर सजा के लिए कम से कम एक साल की कैद का प्रावधान था। पूर्ववर्ती कानून में राष्ट्रगान को समान संरक्षण प्रदान नहीं किया गया था।

बिल में कहा गया था, 'अभी 'वंदे मातरम' के गायन के अपमान को रोकने के लिए कोई खास कानूनी प्रावधान नहीं है, जबकि इसे राष्ट्रीय गीत का सम्मान प्राप्त है। इसलिए, किसी व्यक्ति को जानबूझकर राष्ट्रीय गीत गाने से रोकने या ऐसे गायन में लगी किसी सभा में बाधा डालने से रोकने के लिए, उक्त अधिनियम की धारा 3 में संशोधन करके राष्ट्रीय गीत को भी इसके दायरे में लाने का प्रस्ताव है, ताकि ऐसे कार्यों को दंडनीय बनाया जा सके।'

विधेयक में आगे कहा गया है कि संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने 24 जनवरी, 1950 को कहा था कि बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित गीत 'वंदे मातरम', जिसने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी, को राष्ट्रगान 'जन गण मन' के समान सम्मान दिया जाएगा और उसे उसके बराबर दर्जा प्राप्त होगा।

इस वर्ष की शुरुआत में, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने निर्देश दिया था कि जब राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत एक साथ बजाए जाएं तो 'वंदे मातरम' के सभी छह श्लोक पहले गाए जाएं। 28 जनवरी के एक आदेश में, गृह मंत्रालय ने राष्ट्रगान गाने के लिए प्रोटोकॉल का पहला सेट जारी किया, जिसमें निर्देश दिया गया कि इसके छह छंद, जिनकी अवधि 3 मिनट और 10 सेकंड है, राष्ट्रपति के आगमन, राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राज्यपालों के भाषण जैसे आधिकारिक समारोहों में गाए जाएंगे।

### सपा के कारण पंचायत चुनाव में देरी हुई : ओमप्रकाश

एजेंसी न्यूज

**लखनऊ।** ओमप्रकाश ने कहा कि आजमगढ़ की पुरानी जेल को स्थानांतरित कर उसकी भूमि का जनहित में उपयोग करने की योजना पर भी काम किया जा रहा है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में देरी के सवाल पर राजभर ने कहा कि मामला सपा की ओर से न्यायालय में ले जाने के कारण लंबित हुआ। न्यायालय के निर्देश पर पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन कर दिया गया है। अब आगे की प्रक्रिया भी कोर्ट के आदेश के अनुसार पूरी की जाएगी।

### मायावती बोलीं- छात्रों के आंदोलन को सत्ता-विपक्ष की राजनीति से बचाएं

एजेंसी न्यूज

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने मंगलवार को छात्रों और युवाओं के मुद्दे पर केंद्र और राज्य सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सत्ता और विपक्ष किसी न किसी मुद्दे की आड़ में जनता का ध्यान ज्वलंत समस्याओं से भटका रहे हैं। छात्रों और जेन-जी के आंदोलनों को राजनीतिक दलों की राजनीति का हिस्सा नहीं बनने देना चाहिए। मायावती ने कहा कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों और युवाओं के आंदोलन को कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने हाईजैक कर लिया। अब झारखंड की राजधानी रांची में चल रहे छात्रों और युवाओं के आंदोलन के समर्थन में भाजपा और उसके सहयोगी दल सामने आ रहे हैं।

### दरोगा से इंस्पेक्टर बनने की 46 साल चली कानूनी लड़ाई

एजेंसी न्यूज

**प्रयागराज।** इंस्पेक्टर बनने की 46 साल चली कानूनी लड़ाई एक दरोगा ने सेवानिवृत्ति के बाद 85 की उम्र में जीत ली। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूर्व दरोगा को 16 मार्च 1980 से इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नति का लाभ देने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा और न्यायमूर्ति सत्यवीर सिंह की खंडपीठ ने इटावा निवासी राम अवतार सिंह यादव की याचिका पर दिया है। कोर्ट ने कहा कि पुलिस विभाग यह साबित नहीं कर सका कि जिन प्रतिकूल प्रविष्टियों के आधार पर पदोन्नति रोकी गई, वे उन्हें कभी बताई भी गई थीं।

## हाईकोर्ट से इन टीचर्स को बड़ी राहत, नियमित शिक्षकों के समान वेतन और सेवा लाभ देने का आदेश

एजेंसी न्यूज

**लखनऊ।** विशेष जरूरत वाले बच्चों को सरकारी विद्यालयों में पढ़ाने वाले विशेष शिक्षकों और रिसोर्स शिक्षकों को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि इन शिक्षकों को संबंधित नियमित शिक्षकों के समान वेतनमान और अन्य परिणामी सेवा लाभ दिए जाएं। अदालत ने आदेश के अनुपालन के लिए प्रमाणित प्रति प्रस्तुत किए जाने की तारीख से चार महीने का समय दिया है।

न्यायमूर्ति इरशाद अली की पीठ ने विपिन मिश्रा समेत 24 याचिकाकर्ताओं की ओर से दाखिल याचिका स्वीकार करते हुए यह आदेश दिया। याचिकाकर्ताओं की नियुक्ति जिला स्तरीय चयन समितियों के माध्यम से इटिनरेंट टीचर और रिसोर्स टीचर के रूप में सर्व शिक्षा अभियान और शासनादेशों के तहत हुई थी। शुरुआत में इन शिक्षकों की नियुक्ति संविदात्मक बताते हुए उन्हें 6,000 रुपये



प्रतिमाह मानदेय दिया जाता था। शिक्षकों का कहना था कि वे नियमित विशेष शिक्षकों के समान ही जिम्मेदारियां निभा रहे हैं, इसलिए उन्हें भी समान वेतन और सेवा लाभ मिलना चाहिए।

याचिकाकर्ताओं ने सरकारी विद्यालयों में विशेष जरूरत वाले बच्चों को शिक्षा देने के अलावा उनके आकलन, पुनर्वास, काउंसलिंग और लगातार निगरानी का कार्य भी किया। इन शिक्षकों के पास भारतीय पुनर्वास परिषद (फ्छक) द्वारा निर्धारित आवश्यक योग्यताएं थीं। संविदा की अवधि लगातार बढ़ाए जाने के कारण कई याचिकाकर्ताओं ने वर्षों तक अपनी सेवाएं दीं। इसके बावजूद उन्हें नियमित शिक्षकों के मुकाबले निश्चित मानदेय ही दिया जा रहा था। याचिकाकर्ताओं ने अदालत में तर्क दिया कि जब वे नियमित विशेष शिक्षकों के समान प्रकृति का कार्य कर रहे हैं तो उन्हें अलग वेतन देना संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन है। उन्होंने समान वेतनमान और सेवा लाभ दिए जाने की मांग की। पीठ ने पाया कि विशेष शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य करने वाले याचिकाकर्ताओं को केवल निश्चित मानदेय दिया जा रहा था, जबकि समान कार्य करने वाले नियमित शिक्षकों को नियमित वेतनमान और अन्य सेवा लाभ प्राप्त हो रहे थे। अदालत ने इंटिग्रेटेड एजुकेशन फॉर डिसेबल्ड चिल्ड्रेन योजना की धारा 12.3 का भी उल्लेख किया। इसमें विशेष शिक्षकों को संबंधित राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में उसी श्रेणी के शिक्षकों के समान वेतनमान दिए जाने का प्रावधान है। हाईकोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार योजना के लाभकारी प्रावधानों को लागू करने के साथ शिक्षकों की सेवा शर्तों से जुड़े प्रावधानों की अनदेखी नहीं कर सकती। पीठ ने स्पष्ट किया कि केवल नियुक्ति को संविदात्मक बताए जाने के आधार पर योग्य शिक्षकों को उनके वैधानिक और संवैधानिक अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता।

### नीट पर तमिलनाडु में फिर घमासान, खत्म करने का प्रस्ताव पास

एजेंसी न्यूज

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा ने मेडिकल दाखिलों के लिए ठष्ठएळ खत्म करने की मांग वाला प्रस्ताव पारित किया। राज्य सरकार ने 12वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम के आधार पर मेडिकल प्रवेश की पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग की। वहीं, FCRA 2026 संशोधन विधेयक को वापस लेने की मांग वाला प्रस्ताव भी विधानसभा में पेश किया गया। चेन्नई। तमिलनाडु विधानसभा ने मंगलवार को मेडिकल स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए होने वाली नेशनल एलिजिबिलिटी-कम-एंट्रेंस टेस्ट (NEET) को खत्म करने की मांग वाला प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव के जरिए राज्य सरकार ने एक बार फिर केंद्र सरकार से मेडिकल प्रवेश की केंद्रीकृत व्यवस्था समाप्त कर 12वीं की बोर्ड परीक्षा के अंकों के आधार पर दाखिले की पुरानी व्यवस्था बहाल करने का आग्रह किया है। प्रस्ताव को लेकर सदन में तीखी बहस हुई। भाजपा विधायक एम. भोजराजन ने इसका विरोध किया और मतदान से ठीक पहले सदन से वॉकआउट कर दिया। राज्य के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्री केजी अरुणराज ने सदन के पटल पर ठष्ठएळ विरोधी प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने केंद्र से मेडिकल पाठ्यक्रमों में दाखिले की मौजूदा केंद्रीकृत व्यवस्था को समाप्त करने और इससे जुड़े केंद्रीय कानूनों में जरूरी संशोधन करने का आग्रह किया।

## कंगना ने नसीरुद्दीन शाह को बताया लोमड़ी; पुराने बयान पर भड़कीं

एजेंसी न्यूज

**मुंबई।** नसीरुद्दीन शाह ने बीते दिनों सीजेपी विरोध प्रदर्शन के दौरान एक बयान दिया था। इस बयान पर तब खूब बवाल हुआ था। अब उनके इसी बयान पर कंगना रनौत ने भी अभिनेता की जमकर आलोचना की है।

बॉलीवुड अभिनेत्री और मंडी सांसद कंगना रनौत ने अब नसीरुद्दीन शाह पर निशाना साधा है। उन्होंने दिग्गज अभिनेता के छात्र विरोध प्रदर्शन के दौरान दिए गए पुराने बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। इसके साथ ही उन्होंने शाह की देशभक्ति पर भी सवाल उठाए।

कंगना रनौत ने नसीरुद्दीन शाह के पूर्व बयान पर एक्टर की जमकर अलोचना की। उन्होंने शाह के भारत के प्रति प्रेम और निष्ठा पर भी प्रतिक्रिया दी। पढ़िए, क्या बोलीं कंगना? मैं जिस घर उसी घर की रक्षा करती हूं जहां से मुझे खाना मिलता है। नसीर साहब इस जमीन से खाते हैं और पड़ोसियों की रक्षा करते हैं। मैं




(देश) की रोटी खाती हूं उसकी रखवाली करती हूं। सच तो ये है कि हर कोई किसी न किसी का कुत्ता है। नसीर साहब खाते तो इस देश की हैं लेकिन लड़ते पड़ोसी देश के लिए हैं। मुझे गर्व है कि मैं नसीरुद्दीन जी की तरह लोमड़ी बनने के बजाय कुत्ता बनना ज्यादा पसंद करूंगी। सीजेपी के विरोध प्रदर्शन के दौराम एक्टर नसीरुद्दीन ने बॉलीवुड एक्टर्स की चुप्पी पर तीखी प्रतिक्रिया दी थी।

## छात्र प्रदर्शन पर योगी का विपक्ष पर वार, बोले- लोकतंत्र सवाल पूछने की आजादी देता है, जवाब सुनने का दायित्व भी

एजेंसी न्यूज

**लखनऊ।** विद्यार्थियों के विरोध-प्रदर्शन और उनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के लोकसभा में जवाब देने से पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र सवाल पूछने की स्वतंत्रता देता है, लेकिन जवाब सुनने का दायित्व भी तय करता है। योगी ने विपक्ष से तथ्यों का सामना करने और सदन की गरिमा बनाए रखने की अपील की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह विद्यार्थियों से जुड़े विषय पर सदन में विस्तारपूर्वक अपना पक्ष रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कांग्रेस और समूचे विपक्ष



से अपेक्षा जताई कि वे तथ्यों का सामना करेंगे, सदन की गरिमा बनाए रखेंगे और गृह मंत्री का जवाब पूरा सुनेंगे।

योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, लोकतंत्र में बहस से प्रतिष्ठा बढ़ती है, भागने से नहीं। मुख्यमंत्री का यह बयान ऐसे समय आया है जब विपक्ष विद्यार्थियों के विरोध-प्रदर्शन और पुलिस कार्रवाई को लेकर सरकार से सदन में जवाब की मांग कर रहा है। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी इस मुद्दे पर कांग्रेस और राहुल गांधी को घेरा। उन्होंने एक्स पर आरोप लगाया कि कांग्रेस पहले आरोप लगाती है और जब सरकार तथ्यों के साथ जवाब देने के लिए तैयार होती है तो विपक्ष सदन से बाहर चला जाता है। मौर्य ने कहा कि कांग्रेस की राजनीति का आधार झूठ, शोर और भ्रम फैलाना है। उन्होंने दावा किया कि देश की जनता अब कांग्रेस की इस राजनीति को पहचान चुकी है।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने सोमवार को कहा था कि सरकार देशभर में विद्यार्थियों के विरोध-प्रदर्शन और पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर लोकसभा में विस्तृत चर्चा के लिए तैयार है।

## मानसून दिखा रहा रंग: दिल्ली में बारिश का कोटा पूरा होने के करीब है आंकड़ा

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** मानसून को लेकर मौसम विभाग के अनुमान को गलत ठहराते हुए दिल्ली में बारिश लगातार अपना रंग जमाए हुए है। आलम यह है कि सिर्फ 11 दिन की बारिश ने पूरे अगस्त माह का कोटा पूरा करने के करीब है। ऐसे में आने वाले दिनों में भी अभी और अच्छी वर्षा से इन्कार नहीं किया जा सकता। दिल्ली में अगस्त की औसत वर्षा का आंकड़ा 233.1 मिमी है, जबकि मंगलवार शाम साढ़े पांच बजे यह आंकड़ा 201.2 मिमी पहुंच गया।

मौसम विभाग के अनुसार, अभी तक की सामान्य वर्षा 360.4 मिमी है, जबकि 493 मिमी बारिश हो चुकी है। हालांकि, मौसम विभाग ने अनुमान लगाया था कि इस साल अल नीनो के



असर के चलते मानसून की वर्षा सामान्य से कम ही रहने का अनुमान है। वहीं, मौसम विभाग के अनुसार, बीते 24 घंटों के दौरान दिल्ली में ज्यादातर जगहों पर हल्की से बहुत हल्की बारिश के साथ आंधी-तूफान और बिजली कड़कने की घटनाएं हुईं, जबकि कुछ जगहों पर मध्यम बारिश दर्ज की गई। साथ ही, बीते 24 घंटों के दौरान दिल्ली में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है।

दिल्ली में बदरा जमकर बरस रहे हैं। ऐसे में मंगलवार सुबह से आसमान में काले बादल छाए रहे और कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। बारिश के चलते तापमान में गिरावट आई और पिछले कई दिनों से उमस और गर्मी से परेशान लोगों को राहत मिली। सुबह के समय ठंडी हवाओं ने मौसम को और भी खुशनुमा बना दिया। हालांकि, इस राहत के साथ कई इलाकों में जलभराव और लंबा ट्रैफिक जाम भी देखने को मिला।

### ओपी राजभर का सपा पर हमला, कहा-

## अखिलेश की वजह से पंचायत चुनाव में हुई देरी; 2027 में सफाया तय

एजेंसी न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि साल 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा। 2028 तक पार्टी के राजनीतिक अस्तित्व पर संकट खड़ा हो जाएगा।

मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगा। सपा नेता अबू आजमी के बयानों पर राजभर ने कहा कि यदि उनमें हिम्मत



है तो सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुसलमान को मुख्यमंत्री बनाने का एलान कराकर दिखाएं।

उन्होंने कहा कि सपा में चाटुकारिता का बोलबाला है। पार्टी में कोई व्यक्ति नेतृत्व से सवाल करता है तो उसे बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है। उन्होंने सपा के पीडीए फॉर्मूले को भी छलावा करार दिया। उन्होंने कहा कि सपा चार बार प्रदेश की सत्ता में रही, लेकिन पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के हित में कोई ठोस काम नहीं किया। शिक्षा के क्षेत्र में भी अपेक्षित कार्य नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए काम कर रही है।

## एक नजर

### लोहे की राड मारकर किया घायल, रिपोर्ट

**बहेड़ी।** नाली में कूड़ा डालने के मामूली विवाद में दबंगों ने घर में घुसकर गृहस्वामी पर लोहे की रॉड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।थाना शेरगढ़ मार्ग स्थित ग्राम इटौआ धुरा निवासी कैलाश चंद्र ने पुलिस को बताया कि 7 अगस्त को वह काम पर गए थे। घर पर मौजूद उनकी पत्नी मीना का नाली में कूड़ा डालने को लेकर जेठानी ज्योति से विवाद हो गया। ज्योति ने मीना पर लाठी से हमला किया, जिसे ग्रामीणों ने शांत कराया। आरोप है कि उसी शाम ज्योति अपने पति जगदीश, संतोष, श्याम बाबू, रामबाबू और सुनील के साथ लाठी-डंडे और लोहे की रॉड लेकर कैलाश के घर में घुस आई। विरोध करने पर आरोपियों ने कैलाश के सिर पर रॉड मारकर उन्हें लहूलुहान कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# टेंपो-ट्रैक्टर भिड़ंत में एक की मौत, 24 घायल

## जलाभिषेक कर घर लौट रहे थे कांवड़िए, हादसे के बाद सड़क पर पलटी ट्रॉली, टेंपो सवार की मौके पर मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आंवला।** जलाभिषेक कर घर लौट रहे कांवड़ियों की ट्रैक्टर-ट्रॉली से मंगलवार को टेंपो की टक्कर हो गई।टक्कर के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई, जबकि टेंपो करीब दस फीट गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में टेंपो सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कांवड़ियों समेत करीब 24 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।







आंवला क्षेत्र के गांव किटौना से शिवभक्तों का एक जत्था पिछले सोमवार को गंगाजल लेने हरिद्वार गया था। मंगलवार को शिवतेरस के अवसर पर गौरीशंकर मंदिर गुलड़िया में जलाभिषेक करने के बाद सभी कांवड़िए ट्रैक्टर-ट्रॉली से गांव लौट रहे थे। इसी दौरान मऊचंदपुर और रामनगर के मध्य ट्रैक्टर-ट्रॉली की टेंपो से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क पर ही पलट गई और टेंपो सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरा। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। राहगीरों और पुलिस ने घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया। हादसे में घायल अजय वर्मा (15), मुनीष वर्मा (10), दिव्यांश (15), स्वाती (12), नवल (12), अनूप (8), लौंगश्री (35), वीरेश (16), नन्ही (50), नितिन (14), सौरभ (8), सादिका (12), अखिलेश (15), राजेश्वरी (40), ऋषिपाल (30), होरी (10), अनिल (15), जयप्रकाश (15), रूपेश (15), राजकुमार (20) और तुलशी (15) समेत अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया। टेंपो सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। देर शाम तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गंभीर घायलों को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे के बाद सड़क पर ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से यातायात बाधित हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया।

## तमंचे के बल पर युवक से लूट

**फरीदपुर (बरेली)।** बिथरी चैनपुर के ग्राम बहगुलपुर निवासी अखिलेश यादव ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात बदमाशों पर तमंचे के बल पर लूटपाट का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार, सोमवार रात करीब 9 बजे वह बाइक से फरीदपुर के गांव पहलऊ में अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे।इनायतपुर उगनपुर नहर मार्ग पर पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि बदमाशों ने तमंचा तानकर मारपीट की और पीड़ित की बाइक, मोबाइल, पर्स, दस्तावेज व 1200 रुपये नकद लूट लिए। वारदात के बाद बदमाश उन्हें सूखी नहर में धक्का देकर भाग गए। दूसरी ओर, इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि युवक रात को बेहद नशे की हालत में था और बार-बार घटना की लोकेशन बदल रहा था। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध है, फिर भी पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है।

# फतेहगंज पूर्वी में भव्य तिरंगा यात्रा, नारों से गूंजा नगर





जागरण मोर्चा कार्यालय

**फतेहगंज पूर्वी।** फतेहगंज पूर्वी में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। फतेहगंज पूर्वी नगर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे से गूंज उठा। तिरंगा यात्रा में ईशान ग्वाल अध्यक्ष संजय पाठक डॉक्टर महेंद्र देव छत्रपाल दिवाकर जवाहरलाल शिव प्रताप सिंह मनदीप मिश्रा पंकज अग्रवाल डॉक्टर यशपाल सिंह स्वतंत्र शर्मा नवीन शर्मा विनय सक्सेना मयंक तिवारी गया सिंह दीपक सिंह विशाल गुप्ता संजीत मिश्रा जयपाल शर्मा मयंक त्रिवेदी महेश राठौर और बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता और नगर के नौजवान जुलूस के साथ मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से क्षेत्राधिकार फरीदपुर कोतवाल फतेहगंज पूर्वी राजकुमार सिंह कस्बा इंचार्ज लक्ष्मी नारायण भारी पुलिस बल के साथ जुलूस में मौजूद रहे और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रशासन ने शांतिपूर्वक पूरे नगर में जुलूस निकलवाया।

## ग्राम अठायन से शिव भक्तों का जत्था हुआ रवाना

### छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में होगा जलाभिषेक

**फरीदपुर (बरेली)।** सावन के पावन महीने के अवसर पर भुता क्षेत्र के ग्राम अठायन से भगवान शिव के भक्तों का कांवड़ियों का जत्था कछला घाट से पवित्र गंगा जल भरने के लिए रवाना हुआ। जत्थे के प्रस्थान के समय पूरे गांव में 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारों के साथ माहौल पूरी तरह शिवमय हो गया। ग्रामीणों ने फूल-मालाओं और तिलक लगाकर कांवड़ियों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया और उनकी सुरक्षित यात्रा की कामना की। यह जत्था कछला से गंगाजल लेकर वापस लौटेगा और छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ धाम शिव मंदिर में विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेगा। यात्रा को सुरक्षित और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन सतर्क है। कांवड़ियों को यात्रा के दौरान अनुशासन, यातायात नियमों का पालन करने और कांवड़ की पवित्रता बनाए रखने की सलाह दी गई है। कांवड़ यात्रा में वीरेश भोले,धर्मेंद्र भोले,आशीष भोले,विनोद भोले,राजू भोले,श्याम वीर भोले,अनुज भोले,रितिक भोले,सुशील भोले, आदेश भोले, बाबू भोले,मोनू भोले,छोटू भोले,राजकुमार भोले,धर्मवीर भोले आदि शिवभक्त शामिल रहे।

# तिरंगा यात्रा में गूंजा भारत माता का जयघोष

जागरण मोर्चा कार्यालय



**भमोरा।** ब्लॉक आलमपुर जाफराबाद परिसर से मंगलवार दोपहर एक बजे पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में राष्ट्रध्वज थामे भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बना। यात्रा के दौरान भारत माता की जय और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री जिंदाबाद के नारे गूंजते रहे। इससे पूरा माहौल राष्ट्रभक्ति से सराबोर हो गया। तिरंगा यात्रा ब्लॉक परिसर से शुरू होकर मेन रोड, भमोरा तिराहा होते हुए ग्राम पंचायत खेड़ा स्थित पंचायत घर पहुंची, जहां यात्रा का समापन किया गया। यात्रा में पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप के साथ विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ता तिरंगा लहराते हुए देशभक्ति के नारों के साथ आगे बढ़े। यात्रा में ब्लॉक प्रमुख वेद प्रकाश यादव, राजू उपाध्याय, रामेंद्र पाल सिंह, राम फूल सिंह, विनोद लोधी, विशाल दीक्षित, अर्जुन सिंह, धर्मेश राजपूत और रामनिवास राजपूत समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। मार्ग में स्थानीय लोगों ने भी तिरंगे के प्रति सम्मान व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं ने देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। पंचायत घर पहुंचने के बाद तिरंगा यात्रा का विधिवत समापन किया गया।

# जुआ खेलते दो युवक पकड़े 1620 रुपये किए बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** ट्रक यूनियन रोड पर सोमवार देर रात वहाँ खड़े ट्रकों की आड़ में जुआ खेल रहे दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। मौके से ताश के पत्तों के अलावा डेढ़ हजार से अधिक नकदी भी बरामद हुई। जुआरियों के खिलाफ धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

जानकारी के अनुसार गुजरी रात कस्बा चौकी इंचार्ज नीरज कुमार अपनी टीम के साथ संदिग्ध व्यक्तियों व वाहन चेकिंग अभियान में व्यस्त थे उसी दौरान मुखबिर के जरिये सूचना मिली कि ट्रक यूनियन से जाफरी चौराहे को जाने वाले रास्ते पर ट्रक की आड़ में दो लोग जुआ खेल रहे हैं। पुलिस जब मुखबिर द्वारा बताई गई जगह पर पहुंची तो मोमबत्ती की मद्धिम रोशनी में दो लोग जुआ खेलते हुए दिखाई दिए जिन्हें घेराबंदी कर पुलिस ने अपने कब्जे में कर लिया। साथ ही मौके की वीडियो बनाकर फड़ पर लगाए गए 1000 रूपये और ताश की गड्डी भी कब्जे में कर ली। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम शानू पुत्र बदरूद्दीन निवासी मोहल्ला शाहगढ़ तथा अशफाक पुत्र मोहब्बत शाह निवासी मदार नगर बताए। तलाशी में शानू के पास से 220 तथा अशफाक की जेब से 400 रूपये और बरामद किए गए। मुकदमा दर्ज कर पुलिस अब आगे की कार्रवाई कर रही है।

## खंड शिक्षाधिकारी का आकस्मिक निरीक्षण

**फतेहगंज पूर्वी।** खंड शिक्षा अधिकारी (BEO) शीशपाल सिंह ने क्षेत्र के बीलपुर, निवडिया, अशोकपुर और सिमरा सहित आधा दर्जन से अधिक सरकारी स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस औचक कार्रवाई से शिक्षकों में हड़कंप मचा रहा।निरीक्षण के दौरान कई स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति कम पाई गई, जिस पर बीईओ ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने प्रधानाध्यापकों को छात्र संख्या और नामांकन बढ़ाने के कड़े निर्देश दिए। साथ ही स्कूलों में मिली अन्य कमियों को जल्द दूर करने को कहा। बीईओ ने आगामी 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) की तैयारियों की भी समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# आंवला में निकली भव्य कांवड़ यात्रा, गूंजे जयकारे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आंवला।** सावन माह की शिवरात्रि के अवसर पर मंगलवार की सुबह कस्बे में भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। हजारों शिवभक्त कांवड़ लेकर शोभायात्रा में शामिल हुए। नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई यात्रा विभिन्न शिवालयों तक पहुंची। इस दौरान पूरा नगर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गुंजायमान हो गया। शोभायात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।



कस्वा समेत आसपास क्षेत्र के हजारों शिवभक्त सोमवार की शाम को हरिद्वार, कछला गंगा घाट समेत विभिन्न तीर्थस्थलों से गंगाजल लेकर आंवला लौटे और विभिन्न स्थानों पर रात्रि विश्राम किया। कांवड़िए सुबह से ही शिवालयों में पहुंचने लगे थे। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। कई श्रद्धालुओं ने दूध, दही, शहद और बेलपत्र अर्पित कर पूजा-अर्चना की। प्रमुख शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। नगर में जगह-जगह शिविर लगाकर लोगों ने कांवड़ियों का स्वागत किया। शिवभक्तों को हलवा, फल, पानी और अन्य प्रसाद वितरित किया गया। कांवड़ियों ने कस्बे में निर्धारित मार्गों से होकर शोभायात्रा यात्रा निकाली। शोभायात्रा का पक्का कटरा में सभासद सपना अग्रवाल आदि ने छोटी बाजार में ब्राह्मण महासभा की ओर से नितिन महाराज, शुभ महाराज, लाले महाराज, लल्ला पंडित, सुमित महाराज, जुगनू महाराज, अनमोल कंसल, अभिषेक मिश्रा, अंकुर मिश्रा, रुद्र पाठक, आयुष गुप्ता, ऋषभ शर्मा आदि ने भूमि विकास बैंक चौराहे पर सपाईयों में मशकूर खान, अब्दुल मुतालिब, इरशाद अहमद, डॉ इंद्रपाल सिंह यादव रजत भारती, आकाश प्रेमी, राकेश प्रताप सिंह आदि ने चाचा नेहरू चौराहा पर उत्तर प्रदेश सरकार के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह, पूर्व चेयरमैन संजीव सक्सेना आदि ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

## महाकाल समिति ने बांटे भोजन-पानी

**बहेड़ी।** महाकाल सेवा समिति की ओर से मेला श्री राम लीला परिसर में बनाए गये सेवा शिविर में दूरदराज़ से कांबड लेकर आने वाले शिवभक्तों के ठहरने से लेकर खाने पीने तक की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई है। व्यवस्था में समिति से जुड़े लोगों के अलावा स्थानीय श्रद्धालु भी अपना योगदान दे रहे हैं।


## क्लासीफाइड

### बिकाऊ है

तीन मंजिल दुकान ब्लॉक रोड मुथूट फाइनेंस के सामने गली में रोड से दूसरी दुकान जिसका एरिया 12 फीट रोड फ्रंट और गहराई 9 :30 फिट है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें मोबाइल नंबर 9627 739 857

### नाम परिवर्तन

मैने अपना नाम नाज़मा परवीन से बदलकर नाज़मा रख लिया है। भविष्य में मुझे नाज़मा के नाम से जाना जाये।

-नाज़मा पत्नी इदरीस छोटे भाई, पुराना गंज मस्जिद लोहारान, रामपुर

### नाम परिवर्तन

मैने अपना नाम MOHAMMAD KAIF KHAN से बदलकर MOHD KAIF रख लिया है अब मुझे MOHD KAIF निवासी घेर पुरन सिंह मज़ार मुरशद मियां के नाम से जाना जाये।

### संबंध विच्छेद

मैंने बेटे प्रेमपाल, बहू किरन को परिवार से गलत बर्ताव के कारण से चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में किसी भी कृत्य का दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा और परिवार का इन दोनों से कोई वास्ता नहीं हैं।

-सुन्दर लाल पुत्र चंद्रसेन नि.ग्राम राम नगरिया थाना केमरी जनपद रामपुर।


# कांवड़ मार्ग से हटाए गए 13 गोवंश

## पांच आक्रामक नंदी भेजे गए गोशाला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**भमोरा।** कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को देखते हुए मंगलवार को ब्लॉक आलमपुर क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया। टीम ने कांवड़ मार्ग पर घूम रहे 13 गोवंश को पकड़कर कुड्डा गोशाला भेजा। इनमें पांच नंदी आक्रामक बताए गए, जिन्हें पकड़ने में टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी।



अभियान के दौरान ब्लॉक प्रमुख वेद प्रकाश यादव, डीवाईसीवी आंवला, खंड विकास अधिकारी आलमपुर हर्षेंद्र कुमार, पशु चिकित्सा अधिकारी आलमपुर डॉ. गौरव मोहन शर्मा और खेड़ा के ग्राम प्रधान समेत संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे। टीम ने कांवड़ मार्ग का निरीक्षण कर सड़क पर घूम रहे गोवंश को सुरक्षित तरीके से हटाया और गोशाला पहुंचाया। आक्रामक नंदियों को पकड़ने के दौरान दो पैरावेट कर्मचारियों को चोट भी आई। इसके बावजूद टीम ने अभियान जारी रखा और सभी 13 गोवंश को मार्ग से हटाकर गोशाला भेजा। अधिकारियों ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कांवड़ मार्ग पर गोवंश के आवागमन को रोकने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## अमान्य पास पर खनिज परिवहन, केस दर्ज

**बहेड़ी।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मुंडिया टोल प्लाजा पर एक ट्रक को पकड़ा गया। जांच के दौरान ट्रक चालक द्वारा दिखाया गया इंटर स्टेट ट्रांजिट पास अमान्य व संदिग्ध पाया गया।एसडीएम गोपाल शर्मा के निर्देश पर नायब तहसीलदार दिवाकर सिंह ने वाहन संख्या यूपी 25ई टी 5358 को सीज कर थाने भेज दिया। पुलिस ने वाहन स्वामी, चालक व अन्य संबंधितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। खनिज विभाग ने चेतावनी दी है कि बिना वैध दस्तावेजों के परिवहन करने वालों पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड विज्ञापन दर
रूपये - 500/-
साईज 40 SQCM (कलर)
अपने विज्ञापन अब देश भर में पहुंचाएं
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें:
7579849555, 9627739857
9997745413










## एक नजर

### किला पुलिस ने तमंचे के साथ युवक को दबोचा

**बरेली।** किला थाना पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को हुसैनबाग निवासी मोईन (27) को एक अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है ।थानाध्यक्ष अचल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि रघुवर दयाल रोड पर गंगा मंदिर के पास एक संदिग्ध युवक खड़ा है। पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर मोईन को दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर का तमंचा और एक कारतूस मिला। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने सुरक्षा के लिए यह तमंचा किसी राहगीर से खरीदा था। पुलिस के अनुसार, आरोपी मोईन के खिलाफ वर्ष 2024 में भी आपराधिक मामला दर्ज है।

# शाही में भव्य तिरंगे के साथ निकली देशभक्ति की पदयात्रा

**भारत माता के जयकारों से गूंजा मुख्य बाजार, विद्यार्थियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शाही में मंगलवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली गई तिरंगा पदयात्रा ने पूरे कस्बे को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे विद्यार्थी, भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक पूरे उत्साह के साथ यात्रा में शामिल हुए। भारत माता की जय, वंदे मातरम् और जय हिंद के नारों से मुख्य बाजार समेत आसपास का क्षेत्र गूंजता रहा।



यात्रा का शुभारंभ सुबह करीब 10 बजे गांधी इंटर कॉलेज से हुआ। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक डॉ. डीसी वर्मा के साथ भाजपा मंडल प्रभारी अंकित माहेश्वरी, मंडल अध्यक्ष अनुरोध सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पदयात्रा में शामिल हुए। गांधी इंटर कॉलेज और प्रताप इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर अनुशासन के साथ यात्रा में भाग लिया। गांधी इंटर कॉलेज से शुरू हुई पदयात्रा मुख्य बाजार के विभिन्न मार्गों से होती हुई प्रताप इंटर कॉलेज पहुंची। समापन स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा मंडल प्रभारी अंकित माहेश्वरी ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान लोगों में राष्ट्र के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने का माध्यम है। मंडल अध्यक्ष अनुरोध सिंह ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह तिरंगे का सम्मान करते हुए देश की एकता और अखंडता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाए। विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों और युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले वीर शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। देश की एकता, अखंडता, शांति और समृद्धि की कामना भी की गई। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष रोहित शर्मा, वरिष्ठ कार्यकर्ता सत्यपाल यदुवंशी, गांधी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अरविंद पांडे, प्रताप इंटर कॉलेज के प्रबंधक देवेश उर्फ अंशु शर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, विद्यार्थी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## तिरंगा अभियान में गूंजा देशभक्ति का संदेश

**▶ महिला महाविद्यालय में पोस्टर व रंगोली प्रतियोगिता, छात्राओं ने रचनात्मकता से दिखाया राष्ट्रप्रेम**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय में मंगलवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत चित्रकला विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में देशभक्ति, राष्ट्रीय स्वाभिमान तथा तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करना रहा। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। उन्होंने राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता, अखंडता और तिरंगे के सम्मान जैसे विषयों पर आकर्षक पोस्टर और रंगोलियां तैयार कर अपनी



रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्राओं ने देशभक्ति से जुड़े नारों के माध्यम से भी वातावरण को राष्ट्रप्रेम से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार के निर्देशन में संपन्न हुआ। हर घर तिरंगा अभियान की संयोजक डॉ. अनु महाजन एवं डॉ. सुरभि श्रीवास्तव ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रो. मनीष राव, डॉ. कामरान आलम खान, डॉ. रविंद्र, डॉ. हिमशिखा यादव सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे। शिक्षकों ने छात्राओं की रचनात्मकता और उत्साह की सराहना करते हुए उन्हें राष्ट्रहित एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना के साथ हुआ।

## श्री हनुमान जी की चौपाइयों से गूंजा श्री हरि मंदिर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**▶ सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और आरती में उमड़े श्रद्धालु, भंडारा प्रसाद का हुआ वितरण**

**बरेली।** सावन के पावन मास में मंगलवार को मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सुबह मंदिर के पंडित सुनील शास्त्री ने श्री हनुमान जी का विधिवत पूजन और श्रृंगार कराया। मंगलवार को मनोकामना पूर्ति के लिए बड़ी संख्या में भक्तों ने मंदिर पहुंचकर बजरंगबली के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की।

शाम के सत्र में श्री हरि संकीर्तन पुरुष मंडल की ओर से भजन-कीर्तन हुआ। रवि छाबड़ा, संजय आनंद, पंकज और सचिन सेठी सहित अन्य भक्तों ने भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों की मधुर धुनों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया और श्री हनुमान जी की आरती की। मंदिर सचिव रवि छाबड़ा ने बताया कि श्री हरि मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा और आरती का आयोजन कई वर्षों से हो रहा है। इसमें सभी आयु वर्ग के श्रद्धालु शामिल होते हैं। युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से उत्साहजनक है। कार्यक्रम में मंदिर अध्यक्ष सुशील अरोरा, अश्विनी ओबेरॉय, संजय आनंद, गोविंद तनेजा, रंजन कुमार, अतुल कपूर, हरीश लुनियाल, अभिषेक अरोरा, राजेश अरोरा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। शयन आरती के बाद भक्तों को भंडारा प्रसाद वितरित किया गया।

## 100 करोड़ के बोगस जीएसटी सिंडिकेट का खुलासा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** फर्जी फर्मों के जरिए बोगस जीएसटी इनवॉइस और इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC) का खेल कर सरकार को करोड़ों रुपये की चपत लगाने वाले बड़े सिंडिकेट का एसआईटी जीएसटी बरेली और कैंट पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मास्टरमाइंड समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच में विभिन्न बैंक खातों से अब तक 100 करोड़ रुपये से अधिक के लेनदेन का खुलासा हुआ है।



**▶ फर्जी फर्मों से तैयार होते थे बिल, नेपाल तक फैला नेटवर्क; मास्टरमाइंड समेत कई की भूमिका सामने आई**

पुलिस के मुताबिक, थाना किला में दर्ज मुकदमे की विवेचना के दौरान गिरोह की परतें खुलीं। गिरफ्तार आरोपियों में फरजान हाशमी, सागर अग्रवाल, विनीत अरोड़ा, अनुज अग्रवाल और शिवम गुप्ता उर्फ लाला शामिल हैं। सागर अग्रवाल को गिरोह का मुख्य सरगना बताया गया है। जांच में सामने आया कि डीएम कंपाउंड के सामने कार्यालय खोलकर फर्जी फर्मों की चेन संचालित की जा रही थी। फर्जी आधार-पैन के जरिए फर्में तैयार कर बिना वास्तविक माल की खरीद-फरोख्त के बिल काटे जाते थे। इसके बाद बोगस ITC के जरिए सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाया जाता था। पुलिस के अनुसार, कार्रवाई के बाद फरजान नेपाल भाग गया था और वहां दूसरे नाम से रहकर साथियों के संपर्क में था। जांच में कई अन्य संदिग्धों और फर्जी फर्मों के नाम भी सामने आए हैं। आरोपियों के कब्जे से एक लैपटॉप, चार्जर, माउस और छह मोबाइल बरामद हुए हैं। मामले में फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## पति की बेवफाई और कर्ज से परेशान महिला ने लगाई गुहार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के नरियावल निवासी शहनाज कोसर ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर अपने पति मोहम्मद अबरार पर घरेलू कलह, मारपीट, दूसरी महिला के साथ रहने और आर्थिक प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं।

पीड़ित महिला ने अपने और अपने चार बच्चों की सुरक्षा के साथ ही पति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है ।एसएसपी को दी तहरीर में शहनाज ने बताया कि शादी के बाद मिला दहेज का सामान, जेवर और फर्नीचर उसके पति ने धीरे-धीरे बेच दिया। आरोप है कि ससुर द्वारा बनवाए गए मकान पर भी पति ने बैंक और फाइनेंस कंपनियों से भारी कर्ज ले रखा है। किस्तें जमा न होने के कारण रिकवरी कर्मचारी घर आकर परेशान कर रहे हैं और मकान पर नोटिस भी चस्पा कर दिया गया है। बिजली बिल बकाया होने के कारण घर का कनेक्शन भी कट चुका है ।शहनाज का आरोप है कि उसका पति पिछले तीन साल से परिवार को छोड़कर नकटिया में 'शांति' नामक महिला के साथ रह रहा है और बच्चों के खर्च के लिए कोई रकम नहीं देता। ५ अगस्त को जब उसने पति को दूसरी महिला के साथ देखा, तो वह भाग निकला। महिला ने पति पर तलाक देने की धमकी और फर्नीचर दुकान का ताला तोड़ने का भी आरोप लगाया है।

## प्रेम विवाह के बाद युवती ने मांगी सुरक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बहेड़ी थाना क्षेत्र के बहादुरगंज गांव की एक युवती ने प्रेम विवाह के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से सुरक्षा की गुहार लगाई है। युवती का आरोप है कि उसने अपनी इच्छा से सत्यपाल के साथ विवाह किया है और अब उसके मायके पक्ष के लोगों से उसे तथा उसके पति और ससुरालवालों को जान-माल का खतरा है। एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में युवती ने बताया कि वह करीब तीन वर्षों से सत्यपाल के साथ प्रेम संबंध में थी। उसने परिजनों से सत्यपाल के साथ विवाह कराने की इच्छा जताई, लेकिन परिजनों ने कथित तौर पर उसकी बात नहीं मानी। युवती का आरोप है कि विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और उसे कई दिनों तक खाना-पानी



नहीं दिया गया। इसके बाद उसे जबरन रुद्रपुर स्थित बहन के घर भेज दिया गया। युवती के मुताबिक वह वहां से निकलकर सत्यपाल के पास पहुंची और दोनों ने सात अगस्त 2026 को प्रयागराज स्थित आर्य संस्कार समाज में हिंदू रीति-रिवाज से विवाह कर लिया। युवती ने खुद को बालिग बताते हुए कहा कि वह अपनी इच्छा से वैवाहिक जीवन व्यतीत कर रही है और अपने फैसले से खुश है।

प्रार्थना पत्र में युवती ने मायके पक्ष के कई लोगों से जान का खतरा बताते हुए आरोप लगाया है कि उसे धमकियां दी जा रही हैं। साथ ही दावा किया कि बहेड़ी थाना पुलिस उसके पति के घर बार-बार जाकर परिवार को परेशान कर रही है और अभद्र भाषा का प्रयोग करने के साथ सामान में तोड़फोड़ कर रही है। युवती ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर सुरक्षा उपलब्ध कराने तथा उसे तलाशने का प्रयास न किए जाने की मांग की है। विवाह से संबंधित दस्तावेज भी प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न किए गए हैं। जिसपर कप्तान ऑफिस से उन्हें आश्वासन देते हुए बहेड़ी थाना अध्यक्ष से मिलने को कहा गया।

## जापान की यात्रा का झांसा, 92 हजार लेकर वीजा नहीं कराया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** विदेश यात्रा कराने वाली कंपनी पर दंपती से 92,300 रुपये लेकर जापान का वीजा नहीं कराने और रिफंड की रकम हड़पने का आरोप लगा है। शिकायत के आधार पर एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर इज्जतनगर पुलिस ने ट्रैवल कंपनी की डायरेक्टर तनवी कथूरिया और कर्मचारी रवि कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महानगर निवासी आदित्य मोहित शर्मा के मुताबिक शादी के बाद घूमने के लिए उन्होंने ट्रूली अमेजिंग ट्रिप्स प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क किया था। कंपनी के जरिए दंपती पहले स्विट्जरलैंड, इटली, फ्रांस और जून 2025 में ग्रीस की यात्रा कर चुका था। इन यात्राओं की व्यवस्था ठीक रहने से कंपनी पर उनका भरोसा बढ़ गया। आरोप है कि अगस्त 2025 में जापान जाने के लिए कंपनी से संपर्क किया गया। तनवी के भेजे लिंक के जरिए 92,300 रुपये जमा किए गए। इसके बाद कर्मचारी रवि ने फ्लाइट टिकट उपलब्ध करा दिए और वीजा समय से आने की बात कही। यात्रा की तारीख नजदीक आने के बावजूद वीजा नहीं मिला और दंपती जापान नहीं जा सके। रिफंड मांगने पर कथित तौर पर टिकट कैंसिलेशन का भुगतान नहीं मिलने का संदेश दिखाया गया। बाद में थर्ड पार्टी कंपनी से जानकारी मिली कि 35,624 रुपये रिफंड के तौर पर तनवी को भेजे गए थे, जबकि 15 हजार रुपये के ट्रिप्स कॉइन भी दिए गए थे। पीड़ित ने इसे फर्जीवाड़ा बताते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद निर्विरोध चुनी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद की डिपो संचालन शाखा का चुनाव मंगलवार को पुराने बस स्टेशन परिसर में संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी राकेश बाबू और चंद्रकांत की देखरेख में हुई चुनाव प्रक्रिया में सभी पदों पर कर्मचारियों ने सर्वसम्मति जताते हुए निर्विरोध पदाधिकारियों का चयन किया। चुनाव में शाखा अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी गुलवीर सिंह को सौंपी गई, जबकि शाखा मंत्री के पद पर विजय पाल और कोषाध्यक्ष पद पर अभिषेक कुमार को चुना गया। प्रतिनिधि पदों के लिए सतीश, राम प्रताप, पंकज गौतम, विष्णु अवतार, कमलेश, संतोष शर्मा और सत्यपाल गंगवार सहित अन्य कर्मचारियों का चयन किया



गया। चुनाव अधिकारियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई कार्यकारिणी कर्मचारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए उनके हितों के लिए प्रभावी ढंग से कार्य करेगी। निर्विरोध चुनाव संपन्न होने पर कर्मचारियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष गुलवीर सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने कर्मचारियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाना और कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी। चुनाव के दौरान कर्मचारियों में उत्साह नजर आया। प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से पूरी होने के बाद सभी ने नई कार्यकारिणी को बधाई दी।

## सिंधिया स्कूल में सुरों की महफिल सजी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** संगम कला समूह, बरेली चैप्टर की ओर से माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल के सहयोग से विद्यालय परिसर में गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभिन्न आयु वर्गों के प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों और अतिथियों को प्रभावित किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई।




मुख्य आयोजक डॉ. सौरभ कुमार अग्रवाल ने अतिथियों, निर्णायकों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे मंच बच्चों और युवाओं में छिपी प्रतिभा को सामने लाने के साथ उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देते हैं। निर्णायक मंडल में संगम कला समूह के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राहुल यदुवंशी और सचिव डॉ. अवनीश यादव रहे। मिमिक्री कलाकार प्रशांत पांडेय ने बैंड के साथ प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में रंग भर दिया। किड्स वर्ग में अक्षिता सिंह प्रथम, आयुश्री सक्सेना द्वितीय और अर्णव त्रिवेदी तृतीय रहे। टीनएजर्स में कृपा दीक्षित, दिव्यांशी गोसाई और अस्मिता सिंह ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाया। यंगस्टर्स में स्नेहा विरमानी, प्रियंका और सिद्धांत शोरतिया विजेता रहे। एडल्ट्स वर्ग में अमित कुमार प्रथम, रीटा सक्सेना द्वितीय और ज्योति सक्सेना तृतीय रहीं। विजेताओं को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र और सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यक्रम में डॉ. विमल भारद्वाज, अंकुर सक्सेना, सौरभ मेहरोत्रा, पंडित सुशील पाठक, स्वयं वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## पंचायत सहायकों में नाराजगी, नहीं मिला यात्रा भत्ता

**मीरगंज।** राष्ट्रीय ग्रामीण स्वराज अभियान योजनांतर्गत पंचायतों की वार्षिक कार्ययोजना (पंचायत डेवलपमेंट प्लान) को लेकर बुधवार को ब्लॉक सभागार मीरगंज में अनावासीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। राज्य स्तर से प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा पंचायत सहायकों और सचिवों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए डीडी पंचायत डॉ. अजीत कुमार ने पत्र जारी कर संबंधित पंचायत सहायकों और सचिवों को प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से शामिल होने के निर्देश दिए हैं ।प्रशिक्षण से पहले पंचायत सहायकों ने आने-जाने के भुगतान का मामला उठाकर व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। पंचायत सहायकों का कहना है कि प्रशिक्षण में आने-जाने के लिए प्रति दिवस 200 रुपये भुगतान किए जाने का प्रावधान है, लेकिन पूर्व में आयोजित प्रशिक्षणों का भुगतान उन्हें नहीं मिला है।

## विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों का दीक्षारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के शिक्षा एवं संबद्ध विज्ञान संकाय के बीएड-एमएड विभाग (आईएएसई) में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बीएड, एमएड के विद्यार्थियों के साथ शिक्षा विषय में नए पीएचडी शोधार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई। विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक माहौल और उपलब्ध सुविधाओं से परिचित कराने के लिए लघु वृत्तचित्र दिखाया गया। संकाय एवं विभाग की शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी भी दी गई। संकाय की अधिष्ठाता




एवं विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) संतोष अरोड़ा ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल विद्यार्थी अपने शैक्षणिक और व्यावसायिक लक्ष्य हासिल करने में कर सकते हैं। पीएचडी शोधार्थियों के अभिमुखीकरण में शोध प्रक्रिया, अकादमिक ईमानदारी, मौलिक शोध और वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर जोर दिया गया।

एमएड प्रभारी डॉ. तरुण राष्ट्रीय और बीएड प्रथम वर्ष प्रभारी डॉ. प्रतिभा सागर ने पाठ्यक्रम से संबंधित जानकारी साझा की। डॉ. कीर्ति प्रजापति ने छात्रावास, डॉ. रश्मि रंजन ने विद्यार्थी कल्याण एवं छात्र परिषद और डॉ. रामबाबू सिंह ने प्रॉक्टोरियल अनुशासन की जानकारी दी। संचालन डॉ. विमल कुमार ने किया। कार्यक्रम में प्रो. यशपाल सिंह, प्रो. अंजू अग्रवाल, प्रो. सुधीर कुमार वर्मा, प्रो. क्षमा पांडे, डॉ. नीरज, डॉ. मीनाक्षी द्विवेदी, डॉ. सुरेश कुमार सहित शिक्षक और शोधार्थी मौजूद रहे।

## एक नजर

### हज-2027 के प्रशिक्षक पद के लिए 23 अगस्त तक करें ऑनलाइन आवेदन

**बदायूं।** हज कमेटी ऑफ इंडिया, मुंबई ने हज-2027 के यात्रियों को प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षकों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक और पात्र अभ्यर्थी 11 से 23 अगस्त 2026 तक हज कमेटी की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। प्रभारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया कि प्रशिक्षकों के चयन के लिए कंप्यूटर बेस्ड परीक्षा (सीबीटी) होगी। शॉर्टलिस्ट अभ्यर्थियों का साक्षात्कार एक से छह सितंबर तक होगा। चयनित प्रशिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण सितंबर के अंतिम सप्ताह में मुंबई में संभावित है। प्रशिक्षक के लिए न्यूनतम योग्यता इंटरमीडिएट और आयु 7 अगस्त 2026 को 25 से 60 वर्ष के बीच निर्धारित है। आवेदक का पिछले पांच वर्षों में हज किया होना जरूरी है।

# पीडीपी 2026 को लेकर सचिवों और पंचायत सहायकों को दिया प्रशिक्षण



कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी। -जागरण मोर्चा


कार्यक्रम में मौजूद पंचायत सहायक व सचिव। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण पंचायत विकास योजना (पीडीपी) 2026 को लेकर विकासखंड सलारपुर के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी नितिन कुमार और एडीओ पंचायत शिव कुमार ने किया।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर सुषमा राठौर और राजेश कुमार सक्सेना ने पंचायत विकास योजना क्यों और कैसे तैयार की जाए तथा इसमें किए गए नए बदलावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 में ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) के तहत 15 सवाल निर्धारित किए गए हैं, जिनके कुल 100 अंक हैं। कार्ययोजना फीड किए जाने के दौरान प्रत्येक सवाल के निर्धारित अंक भी शामिल किए जाएंगे।

सत्र में ग्राम पंचायत स्तर पर वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए तैयार की जाने वाली पंचायत विकास योजना के संबंध में सचिवों और पंचायत सहायकों को जरूरी जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर अरुण कुमार शेखर और राहत जहां ने आई-गॉट, टीएमपी पोर्टल तथा राज्य एवं वित्त से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी साझा की।

मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार सक्सेना ने ग्राम पंचायत स्तर पर निर्धारित योजना के अनुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पंचायत विकास योजना तैयार करते समय नियोजन, प्राथमिकता निर्धारण, उपलब्ध बजट और संसाधनों के प्रभावी क्रियान्वयन को ध्यान में रखना जरूरी है। योजना को पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण तरीके से लागू करने पर भी विशेष जोर दिया गया।

कार्यशाला का आयोजन पंचायती राज विभाग, बरेली मंडल बरेली की ओर से किया गया। इस दौरान सचिव कृपाल सिंह, पवन सक्सेना, धर्मेंद्र सिंह, सुधीर सिंह तथा पंचायत सहायक बाबूजी, जितेंद्र सिंह, आयेन्द्र यादव, शीतल यादव, शिवानी, विपिन कुमार, अनिकेत पटेल आदि मौजूद रहे।

### स्कूल संचालक पर पत्रकार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**उसहैत।** कस्बा उसहैत के मेन बाजार में रेडीमेड कपड़े की दुकान के बाहर एक स्कूल संचालक द्वारा पत्रकार को कथित रूप से जान से मारने की धमकी देने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामले में रेडीमेड कपड़ा व्यापारी संजीव गुप्ता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। संजीव गुप्ता ने शिकायत में बताया कि कस्बे के मेन बाजार में उनकी रेडीमेड कपड़ों की दुकान है और ऊपर उनका मकान भी है। रविवार रात करीब साढ़े सात बजे उनकी भतीजी दुकान पर बैठी थी। आरोप है कि इसी दौरान स्कूल संचालक अरविन्द यादव एक अन्य व्यक्ति के साथ दुकान पर पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने भतीजी से अभद्र टिप्पणी करते हुए पत्रकार अजय गुप्ता को बुलाने के लिए कहा और बाद में उसे जान से मरवाने की धमकी दी। शिकायतकर्ता के अनुसार, जानकारी मिलने पर उनके भाई मकान से नीचे दुकान पर पहुंचे और अरविन्द यादव को गलत बात न करने की हिदायत दी।

## संक्षेप समाचार

### महाकाल युवा ग्रुप ने लगाया शिवभक्तों के लिए विशाल भंडारा


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते शिव भक्त। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** सावन माह के पावन अवसर पर नगर के महाकाल युवा ग्रुप की ओर से पूर्णागिरि धर्मशाला में शिवभक्तों के लिए तृतीय विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में कांवड़ियों और शिवभक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंगलवार को तृतीय कलश कांवड़ यात्रा के कछला से नाथ जी मंदिर पहुंचने पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन कराया गया। इसके बाद शिवभक्तों को माला पहनाकर भंडारे एवं सेवा कार्य की शुरुआत की गई। आयोजन के दौरान पंडाल में हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। महाकाल युवा ग्रुप के सदस्यों ने कांवड़ियों और शिवभक्तों की सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लिया। भंडारे के आयोजन से नगर में धार्मिक आस्था और सेवा भावना का माहौल दिखाई दिया। इस अवसर पर हरिओम, श्यामलाल, नगर पालिका सभासद मंगतराम, ओमकार, लटूरी, महेश, अशोक, शिव कुमार, बॉबी, प्रदीप, दिलीप, प्रमोद, नीरज, अजय बाबू, राम, राजेश बाबू, मोंटा, अजय कुमार, धर्मपाल, नंदन, दीपक, हरकेश, सनी, लल्ला, विक्की, नितिन, सोनू, विकास, सागर, तुषार, आशीष, लखन, अनुज, करन, विक्की, अभिषेक, सौरव, रंजीत, युवराज, शिवम, हनी, ध्रुव, अंकुश, आदर्श, वंश, हर्ष, लव, कुश, रेहान, आर्यन, अतुल जय आदि मौजूद रहे।

# वारह वफात की सजावट को लेकर विवाद, एसडीएम से मिले दबतोरा के ग्रामीण

जागरण मोर्चा कार्यालय


एसडीएम बिसौली को शिकायती पत्र देते दबतोरा के लोग। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत दबतोरा में आगामी वारह वफात के त्योहार को लेकर गलियों में सजावट किए जाने के मुद्दे पर विवाद की स्थिति बन गई है। मामले को लेकर एक समुदाय के दो दर्जन से अधिक ग्रामीण मंगलवार को एसडीएम बिसौली प्रियंका कुमारी गोयल से मिले और शिकायती पत्र सौंपकर समस्या का समाधान कराने की मांग की।

दबतोरा गांव मिश्रित आबादी वाला है। यहां एक समुदाय के लोग वारह वफात का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। त्योहार के दौरान चंदा एकत्र कर मुख्य गलियों और घरों को सजाया जाता है। ग्रामीणों के अनुसार पिछले वर्ष सजावट के दौरान एक गली में दूसरे समुदाय का ट्रैक्टर निकलने में परेशानी हुई थी। सजावट नीचे होने के कारण ट्रैक्टर के नहीं निकल पाने पर दोनों पक्षों में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। सूचना पर तत्कालीन एसडीएम और सीओ मौके पर पहुंचे थे और दोनों पक्षों को बैठाकर समझौता कराया गया था।

उस समय तय किया गया था कि गलियों में सजावट करते समय बल्लियां पर्याप्त ऊंचाई पर लगाई जाएंगी, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। अब आगामी 26 अगस्त को वारह वफात का त्योहार प्रस्तावित है। ग्रामीणों का कहना है कि इस बार सजावट के लिए ठेका दिए जाने की जानकारी मिलने के बाद दूसरे समुदाय के कुछ लोगों ने गलियों में सजावट किए जाने का विरोध शुरू कर दिया है।

मामले को लेकर दबतोरा निवासी अकरम, अलीम, तस्लीम, फिरोज, खलील, फहीम, अमजद समेत दो दर्जन से अधिक लोग एसडीएम से मिले। उन्होंने दोनों पक्षों की सहमति से समाधान कराने की मांग की। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस और प्रशासन भी सतर्क है।

एसडीएम बिसौली प्रियंका कुमारी गोयल ने बताया कि दोनों पक्षों को बैठाकर वार्तालाप के माध्यम से दो दिन में समस्या का समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# 11 से 25 अगस्त तक चलेगा 'मिशन सेफ फ्यूचर 2.0' अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय


बैठक में मौजूद एडीएम अरुण कुमार ए आरटीओ हरिओम कुमार अधिकारी।

**बदायूं।** बच्चों की सुरक्षित यात्रा और विद्यालयी वाहनों में सुरक्षा मानकों के प्रभावी अनुपालन को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार की अध्यक्षता में जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में 11 से 25 अगस्त तक चलने वाले 'मिशन सेफ फ्यूचर 2.0' अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई। अभियान के तहत अनधिकृत और मानकों के विपरीत संचालित स्कूली वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने और इसे नियमित रूप से प्रार्थना सभा का हिस्सा बनाने के निर्देश दिए। विद्यालय प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को स्कूली बस, वैन समेत बच्चों के आवागमन में लगे सभी वाहनों में निर्धारित सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराने को कहा।

उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे बच्चों को अनधिकृत अथवा असुरक्षित वाहनों से विद्यालय न भेजें। विद्यालयी वाहनों के चालकों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने के साथ पुलिस से चरित्र सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए। छोटे बच्चों की सुरक्षा के लिए वाहनों में महिला या पुरुष सहायक की अनिवार्य व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि बच्चों को वाहन में सुरक्षित बैठाने और उतारने की जिम्मेदारी तय हो सके।

अभियान के दौरान जिले में स्कूल बस, वैन और बच्चों के आवागमन में प्रयुक्त अन्य वाहनों का सत्यापन और विशेष चेकिंग की जाएगी। ऐसे विद्यालयों को चिन्हित कर सूचीबद्ध किया जाएगा, जहां बिना पंजीकरण निजी बस, वैन या अन्य वाहनों से बच्चों को विद्यालय लाया-ले जाया जा रहा है। अधिक संख्या में अनधिकृत वाहनों का संचालन कराने वाले विद्यालयों की रेड लिस्ट तैयार कर संबंधित अधिकारियों को भेजी जाएगी।

बार-बार नोटिस के बावजूद फिटनेस नहीं कराने वाले अथवा सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले विद्यालयों और वाहन संचालकों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अनफिट वाहनों पर प्रवर्तन कार्रवाई के साथ जरूरत पड़ने पर उनका पंजीकरण निलंबित करने की कार्रवाई भी की जाएगी। बीएसए के प्रतिनिधि की गैरमौजूदगी पर जताई नाराजगी बैठक में बीएसए या उनके विभाग से किसी कर्मचारी के मौजूद न होने पर एडीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि भविष्य में ऐसी महत्वपूर्ण बैठकों में सभी संबंधित अधिकारी और विभागीय प्रतिनिधि समय से अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए प्रशासन के साथ विद्यालय प्रबंधन, वाहन चालक और अभिभावकों को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

# अस्पताल से रुपये-मोबाइल चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, 5500 रुपये बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय


चोरी के आरोपियों को कोर्ट में पेश करने ले जाती सिविल लाइन पुलिस।

**बदायूं।** सिविल लाइंस थाना पुलिस ने चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किए गए 5500 रुपये बरामद किए हैं। तीनों आरोपियों को मंगलवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सिविल लाइंस पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में बिजनौर के धामपुर निवासी अमित रस्तोगी, बदायूं के जवाहरपुरी निवासी अश्वनी वर्मा और नेकपुर गली नंबर चार निवासी गौरव सक्सेना शामिल हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने मुकेश जौहरी अस्पताल से सराय पिपरिया निवासी धर्मपाल के रुपये और मोबाइल चोरी कर लिया था। पीड़ित की तहरीर पर 10 अगस्त को सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में पुलिस ने जांच के बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से चोरी के 5500 रुपये बरामद हुए। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है। पुलिस टीम में महिला उपनिरीक्षक सरिता चौधरी समेत पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### राशन कोटेदार पर कालाबाजारी और घटतौली का आरोप

**बिसौली।** तहसील क्षेत्र की बड़ी ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर के राशन कोटेदार जावेद नवी पर ग्रामीणों ने सरकारी राशन की कालाबाजारी और घटतौली करने का गंभीर आरोप लगाया है। मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शपथ पत्रों के साथ एसडीएम बिसौली प्रियंका कुमारी गोयल को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि राशन वितरण के दौरान ई-पॉश मशीन पर अंगूठा लगवाने के बाद सर्वर डाउन होने की बात कहकर उन्हें बिना राशन दिए लौटा दिया जाता है। इसके अलावा प्रत्येक यूनिट पर करीब एक किलो राशन कम देने का भी आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि सरकारी राशन में अनियमितता के कारण पात्र लाभार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# कहीं हो रही पुष्प वर्षा...... इस्लामनगर पुलिस कांवड़ियों से ही भिड़ गई

## कांवड़िया व पुलिस में झड़प का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

जागरण मोर्चा कार्यालय


इस्लामनगर क्षेत्र में पुलिस और कांवड़िया के बीच होती झड़प। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** जिले में कांवड़ यात्रा को लेकर जहां जगह-जगह शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जा रहा है, वहीं इस्लामनगर थाना क्षेत्र में कांवड़ियों और पुलिस के बीच विवाद का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में कांवड़ियों और पुलिसकर्मियों के बीच तीखी बहस होती दिखाई दे रही है। हालांकि, वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।

बताया जा रहा है कि कांवड़ियों का जत्था यात्रा के दौरान इस्लामनगर थाना क्षेत्र से गुजर रहा था। इसी दौरान कांवड़ यात्रा के मार्ग पर कुछ सवारियां मौजूद थीं। एक शिवभक्त ने कांवड़ियों के सुरक्षित निकलने के लिए सवारियों को रास्ते से हटाने की बात कही। आरोप है कि मौके पर मौजूद एक दरोगा ने इस बात पर कांवड़िया से कथित तौर पर नाराजगी जताते हुए उसे खरी-खोटी सुना दी। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई।

देखते ही देखते मौके पर अन्य कांवड़िये भी एकत्र हो गए। पुलिस और शिवभक्तों के बीच करीब 20 मिनट तक बहस होती रही। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने मामला बढ़ता देख कांवड़ियों को समझाकर शांत कराया। इसके बाद कांवड़ियों का जत्था आगे की ओर रवाना हो गया।

विवाद के दौरान किसी तरह की मारपीट या गंभीर घटना की पुष्टि नहीं हुई है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस के रवैये को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। कांवड़ यात्रा के दौरान प्रशासन और पुलिस लगातार सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर जोर दे रहे हैं। ऐसे में पुलिस और कांवड़ियों के बीच हुई इस कहासुनी ने व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस अधिकारियों की ओर से मामले में जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है।

**आयोजन** सीडीओ की अध्यक्षता में जिला गंगा, पर्यावरण और वृक्षारोपण समिति की बैठक

# सोत नदी के पुनरुद्धार की कार्ययोजना तीन दिन में शासन को भेजने के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय


बैठक को संबोधित करती हुई सीडीओ गामिनी सिंगला। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** विकास भवन सभागार में मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक हुई। इसमें सोत नदी के पुनरुद्धार एवं कायाकल्प को लेकर विभागवार कार्ययोजना की समीक्षा की गई। सीडीओ ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्ययोजना तैयार कर तीन दिन के भीतर उच्च स्तर पर भेजने के निर्देश दिए।

सीडीओ ने राजस्व विभाग को सोत नदी के बहाव क्षेत्र का सीमांकन कराने को कहा। उन्होंने कार्ययोजना में नदी के पारिस्थितिक तंत्र एवं जैव विविधता के संरक्षण, अतिक्रमण की रोकथाम के लिए सघन पौधरोपण, जल उपयोग दक्षता बढ़ाने के लिए फसल चक्र में बदलाव, मनरेगा के माध्यम से जल स्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन को शामिल करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ग्रे वाटर व सीवेज प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, नदी प्रदूषण की निगरानी, डी-सिल्टेशन और जल प्रवाह प्रबंधन पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने भूजल पर निर्भरता कम करने के लिए चेकडैम निर्माण, ड्रिप सिंचाई को बढ़ावा देने और मत्स्य उत्पादन बढ़ाने से संबंधित कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने बताया कि अधिकांश विभागों ने अपनी कार्ययोजना तैयार कर ली है। नगर पालिका परिषद बदायूं, बिसौली तथा नगर पंचायत उसहैत और मुड़िया की कार्ययोजना नहीं मिलने पर संबंधित अधिशासी अधिकारियों को दो दिन के भीतर कार्ययोजना उपलब्ध कराने के कड़े निर्देश दिए। सीडीओ ने सभी विभागों के प्रस्तावों का समेकन कर अभिसरण और कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के माध्यम से सोत नदी के पुनरुद्धार की विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर शासन को भेजने को कहा। जिला वृक्षारोपण समिति की समीक्षा में वर्ष 2026 में कराए गए पौधरोपण की जियो टैगिंग तत्काल पूरी कर इसकी सूचना प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। वहीं जिला पर्यावरण समिति की समीक्षा में संबंधित विभागों को पर्यावरण से जुड़े विभिन्न प्रकार के वेस्ट की सूचना निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराने को कहा गया।

बैठक में प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग विनीता सिंह, डीसी मनरेगा मीनाक्षी सक्सेना, जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे अनुज प्रताप सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी यावर अब्बास, अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) अमित कुमार, एलबीसी राकेश मिश्रा समेत संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू चढ़ूनी ने की पंचायत, पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

जागरण मोर्चा कार्यालय


पांच सूत्रीय ज्ञापन देते भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) की ओर से मंगलवार को मालवीय आवास गृह परिसर में मासिक पंचायत आयोजित की गई। पंचायत में किसानों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए जिलाधिकारी को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार छबील को सौंपा गया।

पंचायत को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सतीश साहू ने कहा कि किसान इस समय तमाम समस्याओं से जूझ रहा है। उसहैत क्षेत्र के गांवों में बाढ़ से हालात खराब हैं। कदम नगला में बाढ़ के कारण हुई जनहानि से ग्रामीणों में भय और परेशानी का माहौल है। उन्होंने राजस्व विभाग से प्रभावित ग्राम पंचायतों में जनहानि और नुकसान का सर्वे कराकर पीड़ित किसानों एवं ग्रामीणों को उचित सहायता उपलब्ध कराने की मांग की।

किसान नेताओं ने बताया कि अंबियापुर विकासखंड के ग्राम पिण्डोल में जल जीवन मिशन के तहत ओवरहेड टैंक का निर्माण कराया गया था, लेकिन वर्तमान में जलापूर्ति बाधित है। कई स्थानों पर पाइपलाइन भी फट गई है। इससे ग्रामीणों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। यूनियन ने तत्काल जलापूर्ति बहाल कराने और क्षतिग्रस्त पाइपलाइन ठीक कराने की मांग की। साथ ही क्षेत्र की टूटी सड़कों की मरम्मत कराने पर भी जोर दिया।

जिला महासचिव बीयीशुदास ने कहा कि विकासखंड उसावां के ग्राम टिकरा में आंगनबाड़ी केंद्र का भवन बनकर तैयार है, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के चलते अब तक केंद्र का संचालन शुरू नहीं हो सका है। उन्होंने सवाल उठाया कि ग्रामीणों को पोषाहार का वितरण कब से शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्राम टिकरा में भाकियू चढ़ूनी की मांग के बाद गौशाला का निर्माण शुरू तो हुआ, लेकिन लंबे समय बाद भी कार्य पूरा नहीं हो सका है। इसके चलते आवारा गोवंश किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। यूनियन ने गौशाला का निर्माण जल्द पूरा कराने तथा निर्माण पूर्ण होने तक गोवंश के लिए वैकल्पिक आश्रय की व्यवस्था करने की मांग की। पंचायत में जिलेभर के सभी खाद केंद्रों पर यूरिया और डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मांग भी उठाई गई। किसान नेताओं ने कहा कि किसानों के हित में नियमों को सरल बनाया जाए, ताकि खाद एवं अन्य कृषि सुविधाएं प्राप्त करने में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस दौरान यार्वेंद्र यादव, नूरुद्दीन, बीयीशुदास, सत्येंद्र यादव, मुन्शी, इरशाद खान, छत्रपाल यादव, छोटे सलमानी, ओमकार, भगवान दास राजपूत, शराफत खां, मुमत्याज खां, सत्यपाल और जान मोहम्मद समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## एक नजर

### कार ने बाइक में मारी टक्कर, बाइक सवार दो लोग घायल

**बदायूं।** दसवां संस्कार में शामिल होकर बाइक से अपने गांव भगवतीपुर लौट रहे दो लोगों को सोमवार रात तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिझवाया। पुलिस ने कार चालक को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरु कर दी है। हादसा सोमवार रात सदर कोतवाली क्षेत्र में हुआ। मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव भगवतीपुर निवासी विद्याराम (32) अपने साथी छत्रपाल (55) के साथ घटियारी गांव में दसवां संस्कार में शामिल होने गए थे। वहां से दोनों बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

# रामा हॉस्पिटल में इलाज के दौरान होमगार्ड की मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र स्थित रामा हॉस्पिटल में पथरी की समस्या के चलते भर्ती कराए गए एक होमगार्ड जगदीश की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर उपचार में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि ऑपरेशन के बाद होमगार्ड का इलाज अस्पताल में चल रहा था, इसी दौरान उसकी हालत बिगड़ गई और मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में आक्रोश फैल गया।



मृतक जगदीश।

परिजनों के मुताबिक होमगार्ड जगदीश जगत के रहने वाले थे उनको पथरी की समस्या थी। इसके चलते उसे रामा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों ने जांच के बाद ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद भी उसका उपचार अस्पताल में ही चल रहा था। परिजनों का आरोप है कि इलाज के दौरान उसकी हालत लगातार बिगड़ती गई, लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने समय रहते उचित उपचार और आवश्यक कदम नहीं उठाए। आखिरकार उसकी मौत हो गई।

मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने अस्पताल में हंगामा करते हुए उपचार में लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि यदि समय रहते मरीज की बिगड़ती हालत को गंभीरता से लिया जाता और बेहतर उपचार दिया जाता तो उसकी जान बच सकती थी। परिजनों ने पूरे मामले की जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



गमगीन बैठे जगदीश के परिवार के लोग। -जागरण मोर्चा

### स्वास्थ्य विभाग जानबूझ कर बन रहा अनजान

शहर में रामा अस्पताल के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। जबकि 10 दिन में तीन मौत अस्पताल की लापरवाही से होना सामने आई है। बताया जा रहा है कि अस्पताल संचालक की एक महिला रिश्तेदार स्वास्थ्य विभाग में जिम्मेदार पद पर तैनात है, जिसकी आड़ में अस्पताल में मौत का खेल चल रहा है, इसकी गहन जांच की मांग परिजनों ने की है।

### 10-12 दिनों में तीसरी मौत, कार्रवाई के नाम पर खेला

परिजनों ने आरोप लगाया कि रामा हॉस्पिटल में पिछले 10-12 दिनों के दौरान यह तीसरी मौत है। उनका कहना है कि अस्पताल में मरीजों के उपचार और व्यवस्थाओं को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। परिजनों ने अस्पताल में होने वाली मौतों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

### पुलिस पर भी लगाए गंभीर आरोप

मृतक के परिजनों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन की पुलिस से सांठगांठ होने के कारण शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती। परिजनों का यह भी आरोप है कि अस्पताल के खिलाफ आवाज उठाने वाले पीड़ित परिवारों पर ही पुलिस की ओर से मुकदमे दर्ज किए जाते हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर यह पता लगाया जाना चाहिए कि इलाज के दौरान किन परिस्थितियों में होमगार्ड की मौत हुई और क्या उपचार में किसी स्तर पर लापरवाही बरती गई।

## संक्षेप समाचार

### नाथ कॉरिडोर परियोजना में गुलड़िया गौरी शंकर मंदिर को शामिल करने की मांग



राष्ट्रीय मानव सेवा संस्थान की राष्ट्रीय अध्यक्ष बिंदु इशिका सिंघानिया पहुंची गुलडिया गौरी शंकर मंदिर नाथ कॉरिडोर में सम्मिलित न होने पर जताया रोष।

**बदायूं।** राष्ट्रीय मानव सेवा संस्थान ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष बिंदु इशिका सिंघानिया ने मंगलवार को आंवला तहसील क्षेत्र के गुलड़िया गांव स्थित प्राचीन गौरी शंकर मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। उन्होंने अपनी टीम के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान शंकर, माता पार्वती और गणेश जी का आशीर्वाद लिया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष बिंदु इशिका सिंघानिया ने कहा कि गुलड़िया गौरी शंकर मंदिर का धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार यहां महाभारत काल से भगवान शंकर, माता पार्वती और गणेश जी के साथ शिवलिंग विराजमान हैं। मंदिर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी हुई है और दूर-दराज के क्षेत्रों के साथ ही देश-विदेश से भक्त यहां दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से बरेली के प्राचीन एवं ऐतिहासिक शिव मंदिरों को आपस में जोड़ने और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नाथ कॉरिडोर परियोजना पर कार्य किया जा रहा है। इससे बरेली को वैश्विक स्तर पर धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में पहचान मिलने के साथ श्रद्धालुओं को आवागमन की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होने की उम्मीद है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि गुलड़िया गौरी शंकर मंदिर को इस परियोजना में शामिल नहीं किए जाने से मंदिर के पुजारी, सेवकों और क्षेत्रवासियों में रोष है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए गुलड़िया गौरी शंकर मंदिर को भी नाथ कॉरिडोर परियोजना में शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि परियोजना में शामिल होने से मंदिर का सौंदर्यीकरण, यातायात मार्ग, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित हो सकेंगी। इससे यहां आने वाले शिव भक्तों को सुविधा मिलेगी और मंदिर के धार्मिक एवं पर्यटन महत्व को भी बढ़ावा मिलेगा। जलाभिषेक के दौरान मंदिर के पुजारी पंडित रामजी शुक्ला, राष्ट्रीय मानव सेवा संस्थान के राष्ट्रीय महामंत्री नरेंद्र पाल सहित संस्थान की टीम के सदस्य मौजूद रहे।

### सीडीओ ने मानसिक मंदित आश्रय गृह का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश



मासिक मंदिर आश्रय ग्रह का निरीक्षण करती सीडीओ गामिनी सिंगला।

**बदायूं।** मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला ने मंगलवार को मोहल्ला महाराजनगर स्थित सर्व हिताय संस्थान द्वारा संचालित मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संस्था के प्रतिनिधि दीपक यादव मौजूद रहे। सीडीओ ने आश्रय गृह में रहने वाले बच्चों के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के समय कुल 10 कर्मचारियों में से नौ कर्मचारी उपस्थित मिले, जबकि नर्स नूरे आलम अवकाश पर पाए गए। सीडीओ ने आश्रय गृह में आवश्यक सुविधाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कूलर, रूम हीटर और पर्याप्त लाइट की व्यवस्था कराने को कहा, ताकि बच्चों को मौसम के अनुसार किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने रसोईघर का भी निरीक्षण किया और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण में भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुरूप बनता हुआ पाया गया। सीडीओ ने संस्था के प्रतिनिधियों को भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता बनाए रखने के लिए नियमित निगरानी करने को कहा। मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों को उनकी क्षमता और रुचि के अनुसार रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने पर भी जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों को विभिन्न रचनात्मक कार्यों के लिए प्रशिक्षित किया जाए, जिससे उनमें आत्मनिर्भरता और कौशल का विकास हो सके। उन्होंने आश्रय गृह में साफ-सफाई, मूलभूत सुविधाओं और बच्चों की देखभाल की व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

### मेगा विद्युत कैंप में सुनीं उपभोक्ताओं की समस्याएं, मौके पर हुआ निस्तारण



उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुनते एसडीओ बिसौली। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** विद्युत वितरण उपखंड आसफपुर पर आयोजित मेगा विद्युत कैंप में एसडीओ यश कुमार ने उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनीं और कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया। कैंप में बिजली बिल में गड़बड़ी, खराब मीटर और स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायतें लेकर बड़ी संख्या में उपभोक्ता पहुंचे। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन की ओर से विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए 31 अगस्त तक मेगा विद्युत कैंप अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आसफपुर विद्युत उपकेंद्र पर शिविर आयोजित किया गया। कैंप में बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं की शिकायतें दर्ज कीं और उनके समाधान की कार्रवाई की। अवर अभियंता राजेंद्र चौधरी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य उपभोक्ताओं को बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए विभागीय कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत देना है। उन्होंने उपभोक्ताओं से कैंप में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान कराने की अपील की। इस दौरान अवर अभियंता राजेंद्र चौधरी, लिपिक थान सिंह, नवीन, मोहसिन, शत्रुघ्न, यशवीर, जितेंद्र शर्मा, ऋषिपाल आदि मौजूद रहे।

### तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो लोग गंभीर रूप से घायल

**बिसौली।** मंगलवार देर शाम आसफपुर-बिसौली मार्ग पर कुआंडाढ़ा गांव के पास तेज रफ्तार दो बाइकें आमने-सामने भिड़ गईं। हादसे में दोनों बाइक सवार घायल हो गए। सूचना पर हेड कांस्टेबल हरिवीर रेपड के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को सीएचसी बिसौली भेजा। घायलों की पहचान दूनपुर निवासी कृष्णा पुत्र राकेश और दबथरा गांव निवासी युवक के रूप में हुई है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकें क्षतिग्रस्त हो गईं। दबथरा निवासी युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि हादसे के समय दोनों बाइक सवारों ने हेलमेट नहीं पहन रखा था।

## सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत, परिवार में कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**इस्लामनगर थाना क्षेत्र में बिल्सी रोड पर 9 अगस्त को हुआ हादसा**

**बदायूं।** 9 अगस्त को ट्रक की टक्कर से घायल हुए बुजुर्ग ने सोमवार की शाम मुरादाबाद के निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। बुजुर्ग की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव सिठौली निवासी रमेश चंद्र (65) पुत्र पूसे खेतीबाड़ी करते थे। परिजनों ने बताया कि 9 अगस्त को वह साईकिल से कुंदावली से घर लौट रहे थे। रास्ते में बिल्सी रोड पर लालबाग के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी साईकिल में टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रुप से घायल हो गए। परिजन उन्हें नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां से उनको डॉक्टर ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उनको मुरादाबाद ले गए और निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सोमवार शाम बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई।

उधर, टक्कर मारने के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस ट्रक चालक की तलाश कर रही है।

## युवा पंडित श्रीराम बाजपेई के आदर्शों से ले प्रेरणा : महेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

- भारतीय स्काउटिंग के जनक पंडित श्रीराम बाजपेई का मनाया 147 वहां जन्मदिवसोत्सव

**बदायूं।** स्काउट भवन प्रशिक्षण केंद्र में भारतीय स्काउटिंग के जनक पंडित श्रीराम बाजपेई की 147वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। स्काउट संस्था के पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला मुख्यायुक्त महेश चंद्र सक्सेना ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पंडित श्रीराम बाजपेई ने भारतीय स्काउटिंग को प्रशिक्षण के साथ चरित्र निर्माण, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और समाजसेवा का सशक्त माध्यम बनाया। उन्होंने युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और देश के प्रति



स्काउट भवन प्रशिक्षण केंद्र पर पंडित श्रीराम बाजपेई की 147 वीं जयंती पर पुष्पार्चना करते जिला मुख्यायुक्त महेश चंद्र सक्सेना, मु.असरार, सुभाष मैथिल, संजीव कुमार शर्मा।

समर्पण की भावना जागृत करने का कार्य भी किया। आज के युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। जिला संगठन कमिश्नर मोहम्मद असरार ने कहा कि पंडित श्रीराम बाजपेई का जीवन त्याग, साहस और सेवा की प्रेरणादायी मिसाल है। उन्होंने युवाओं को संगठित कर उनमें राष्ट्रीय चेतना का संचार किया। स्वतंत्रता आंदोलन के दौर में देशभक्ति की भावना को मजबूत करने और युवाओं को राष्ट्रहित के लिए तैयार किया। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि पंडित श्रीराम बाजपेई का मानना था कि राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके संस्कारवान और चरित्रवान युवाओं में होती है। उन्होंने युवाओं को साहस, स्वावलंबन, सेवा और नेतृत्व का प्रशिक्षण देकर उन्हें राष्ट्र प्रहरी बनाया। श्रीराम प्रसाद बिस्मिल जैसे क्रांतिकारी तैयार किए। उनका जीवन आज भी स्काउट-गाइड के प्रत्येक सदस्य को कठिन परिस्थितियों में धैर्य और साहस के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। स्काउट संस्था के एडिटर सुभाष मैथिल ने कहा कि पंडित श्रीराम बाजपेई समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए सदैव तैयार रहे। उनके विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। स्काउट संस्था पदाधिकारियों ने पंडित श्रीराम बाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पार्चन किया। बाजपेई का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का प्रकाशस्तंभ है। उन्होंने सेवा को सर्वोच्च धर्म मानते हुए अनुशासन, साहस, सहयोग और राष्ट्रप्रेम को जीवन मूल्यों के रूप में स्थापित किया। इस मौके पर स्काउट प्रशिक्षक नंदराम शाक्य, निखिल चौहान आदि मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, परिवार में कोहराम

- 26 जुलाई को दातागंज क्षेत्र के गांव भूड़ के पास हुआ हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** 26 जुलाई को सड़क हादसे में घायल हुए युवक ने मंगलवार तड़के इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। हादसा दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव भूड़ के पास 26 जुलाई को हुआ। दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव पुरैनी निवासी मनवीर (20) पुत्र पातीराम अपनी बाइक से सामान खरीदने दातागंज जा रहा था। परिजनों ने बताया कि इसी दौरान गांव भूड़ के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें मनवीर गंभीर रुप से घायल हो गया। परिजन उसे तत्काल सीएचसी पर ले गए। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिस पर परिजन उसे बरेली ले गए और निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत में सुधार नहीं होने पर परिजन उसे सैफई मेडीकल कालेज ले गए। लेकिन उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद परिजन उसे घर ले आए। जहां मंगलवार तड़के तीन बजे उसकी मौत हो गई। मनवीर अपने तीनों भाईयों में सबसे बड़ा था। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा है।



मृतक मनवीर।



जानकारी देते मनवीर के परिजन। -जागरण मोर्चा

## कच्चे रास्ते पर गंदगी और गड्ढों से ग्रामीण परेशान, जिम्मेदारों के खिलाफ आक्रोश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** थाना क्षेत्र के गांव चंजरी में कच्चे रास्ते की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। गांव से जगत जाने वाले मुख्य कच्चे रास्ते पर जगह-जगह गंदगी और बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि रास्ते की समस्या को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ।

ग्रामीण रविंद्र सिंह ने बताया कि इसी रास्ते से गांव के लोग जगत में अनाज बेचने के लिए जाते हैं। इसके अलावा गांव के बच्चे भी इसी रास्ते से स्कूल जाते हैं। रास्ते पर कीचड़ और गंदगी होने के कारण बच्चों को सबसे अधिक परेशानी होती है। कई बार बच्चे कीचड़ में गिर जाते हैं, जिससे उनके कपड़े खराब हो जाते हैं और उन्हें स्कूल पहुंचने में दिक्कत होती है।



रास्ते में कीचड़ और जल भराव को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन। -जागरण मोर्चा

ग्रामीणों का आरोप है कि चुनाव के समय राजनीतिक दलों और जनप्रतिनिधियों के लोग गांव में पहुंचकर विकास के तमाम वादे करते हैं, लेकिन चुनाव समाप्त होने के बाद गांव की समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं देता। ग्रामीणों ने बताया कि रास्ते की समस्या को लेकर क्षेत्रीय विधायक और सांसद से भी कई बार गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन अभी तक रास्ते की स्थिति में सुधार नहीं हुआ। रास्ते की बदहाली को लेकर ग्रामीणों में इतना आक्रोश है कि उन्होंने अब चुनाव के दौरान किसी भी राजनीतिक व्यक्ति को आश्वासन देने से इनकार करने की बात कही है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक रास्ते की समस्या का स्थायी समाधान नहीं कराया जाता, तब तक वे जनप्रतिनिधियों से जवाब मांगते रहेंगे।

ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव से जगत जाने वाले रास्ते की तत्काल मरम्मत कराने, गड्ढों को भरवाने और जलभराव व गंदगी की समस्या का समाधान कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि रास्ता ठीक होने से बच्चों के स्कूल जाने के साथ किसानों और अन्य ग्रामीणों को भी आवागमन में राहत मिलेगी। इस दौरान रविंद्र सिंह, धीरू सिंह, जसवीर, रामराज, संजीव, राजपाल, नन्हे, गुड्डू, विनोद, बाबाजी, विपिन, अजीत समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

**शिवरात्रि** — जुबान पर रहा बम-बम भोले का जयघोष, मंदिरों में दिनभर हुआ जलाभिषेक; भगवा रंग में रंगी रहीं शहर की सड़कें

# शिवरात्रि पर शिवमय हुआ बदायूं, शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** शिवरात्रि के पावन पर्व पर मंगलवार को पूरा जिला भगवान शिव की भक्ति में डूबा नजर आया। सुबह से ही शहर से लेकर गांवों तक शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर बेलपत्र, धतूरा, पुष्प और प्रसाद अर्पित किया। मंदिरों में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से वातावरण शिवमय बना रहा। बड़ी संख्या में कांवड़ियों और श्रद्धालुओं के पहुंचने से प्रमुख मंदिरों और मार्गों पर आस्था का उत्सव दिखाई दिया।

शहर के प्रसिद्ध बिरुआबाड़ी मंदिर में तड़के से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। मंदिर के कपाट खुलते ही भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस बल तैनात रहा। मंदिर की ओर जाने वाले मार्गों पर भी पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे, जिससे श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो।



मंदिर में जल अभिषेक करते श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा



मंदिर में लगी शिव भक्तों की भीड़। -जागरण मोर्चा

वजीरगंज के प्रसिद्ध भोलेनाथ मंदिर पर भी सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दूर-दराज के गांवों से लोग पैदल और वाहनों से मंदिर पहुंचे। भक्तों ने भगवान शिव को गंगाजल और दूध अर्पित कर जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर में लगातार हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। भीड़ को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली और श्रद्धालुओं को कतार में लगाकर दर्शन कराए। सरह बरौलिया स्थित शिव मंदिर पर भी शिवभक्तों की भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। जलाभिषेक के बाद लोगों ने यहां लगे मेले का आनंद लिया। बच्चों ने झूले और खिलौनों का आनंद लिया, वहीं महिलाओं और पुरुषों ने मेले में खरीदारी की। मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानें सजी रहीं। पूरे क्षेत्र में दिनभर चहल-पहल बनी रही।

महाशिवरात्रि के चलते जिले की सड़कों पर जगह-जगह भगवा रंग नजर आया। हाथों में भगवा ध्वज और कांवड़ लिए शिवभक्त शिवालयों की ओर जाते दिखाई दिए। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए सेवा शिविर लगाए गए, जहां पानी, शरबत और प्रसाद का वितरण किया गया। कांवड़ियों के जत्थों के साथ डीजे और धार्मिक गीतों की धुन पर युवा शिवभक्ति में झूमते नजर आए।

शहर के प्रमुख मार्गों और मंदिरों के आसपास पुलिस की तैनाती रही। भीड़ वाले स्थानों पर पुलिसकर्मियों ने यातायात व्यवस्था संभाली। संवेदनशील और अधिक भीड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल भी मुस्तैद रहा। पुलिस अधिकारियों ने लगातार व्यवस्थाओं का जायजा लिया, ताकि पर्व के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

महाशिवरात्रि को लेकर सुबह से शुरू हुआ पूजा-अर्चना का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। मंदिरों में विशेष सजावट और धार्मिक आयोजन किए गए। श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर भगवान शिव की आराधना की। शाम को मंदिरों में आरती के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। घंटियों और शंख की ध्वनि के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

महाशिवरात्रि के पर्व ने पूरे जिले को एक सूत्र में बांध दिया। शहर से लेकर गांव तक हर ओर भगवान शिव की भक्ति दिखाई दी। शिवालयों में उमड़ी भीड़ और सड़कों पर निकले शिवभक्तों के चलते बदायूं का माहौल पूरी तरह शिवमय नजर आया।



## एक नजर

### मासूम पर बंदरो ने किया हमला, ज़ख्मी

**शाहबाद।** तहसील क्षेत्र के बेरुआ ललवारा गांव में मंगलवार को घर के बाहर खेल रहे एक 5 वर्षीय मासूम बच्चे पर बंदरों के झुंड ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।



बेरुआ ललवारा निवासी सलीम का 5 वर्षीय पुत्र अलतमश अपने घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान अचानक आए बंदरों ने मासूम पर हमला बोल दिया। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर दौड़े परिजनों ने बमुश्किल उसे बंदरों के चंगुल से छुड़ाया, लेकिन तब तक बंदर उसे काटकर लहूलुहान कर चुके थे। परिजनों द्वारा आनन-फानन में घायल मासूम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया। डॉक्टरों ने मुस्तैदी दिखाते हुए घायल बच्चे का प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टरों ने मासूम को एंटी-रेबीज का इंजेक्शन लगाने के बाद घर भेज दिया।

# शाहबाद में हेड कांस्टेबल ने डीजे का वाहन रोका, धरने पर बैठे कावड़ियां

## सीओ द्वारा हेड कांस्टेबल पर कार्रवाई के आश्वासन पर धरने से उठे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** हरिद्वार से जल लेकर शाहबाद पहुंचे शिवभक्तों से ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल द्वारा कथित अभद्रता किए जाने से नाराज़ कावड़ियां धरने पर बैठ गए। उन्होंने संबंधित पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कांवड़ियों के सड़क पर बैठने से पुलिस-प्रशासन में खलबली मच गई। विहिप नेता शोभित गुप्ता उर्फ सोनू ने बताया कि महाकाल डाक कांवड़ बेड़े के साथ कांवड़िये हरिद्वार से जल लेकर लक्खीबाग स्थित प्राचीन शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए पहुंचे थे। मंदिर मार्ग पर ड्यूटी कर रहे एक हेड कांस्टेबल ने कांवड़ियों को रोक दिया। कांवड़ियों ने हलका प्रभारी से पुलिसकर्मी की बातचीत भी कराई। लेकिन आरोप है कि इसके बाद भी उन्हें आगे जाने की अनुमति नहीं दी गई। हेड कांस्टेबल द्वारा कांवड़ यात्रा की अनुमति दिखाने को कहने पर कांवड़ियों और पुलिसकर्मी के बीच कहासुनी हो गई। कांवड़ियों का आरोप है कि इस दौरान हेड कांस्टेबल ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। इससे आक्रोशित शिवभक्त सड़क पर बैठ गए। पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। कांवड़ियों ने कहा कि धार्मिक यात्रा के दौरान शिवभक्तों के साथ अभद्र व्यवहार किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। मामले की सूचना मिलते ही सीओ देवकीनंदन और कोतवाल रणवीर सिंह ने मौके पर पहुंचकर श्रद्धालुओं से बात की। सीओ ने मामले में कार्रवाई का आश्वासन देते हुए संबंधित हेड कांस्टेबल के खिलाफ कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। सीओ के आश्वासन के बाद कांवड़िया धरने से उठे। कांवड़ियों का बेड़ा लख्खीबाग स्थित प्राचीन शिव मंदिर में दाखिल हुआ। जहां शिवभक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। सीओ देवकीनंदन ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस लाइन से कांस्टेबल ड्यूटी पर आया हुआ था, धरने पर बैठे कावड़ियों को शांत कराकर जलाभिषेक कराया गया है। कांस्टेबल के विरुद्ध कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को बताया गया है।



शिवमन्दिर पर धरने पर बैठे कावड़ियों से वार्ता करते कोतवाल रणवीर सिंह।

## निशुल्क ऋण आवेदन कैम्प 17 अगस्त को

**रामपुर।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र अनुराग यादव ने बताया कि जनपद में युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत 17 अगस्त को प्रातः 10: बजे से सायं 4:30 बजे तक ब्लॉक स्वार में निशुल्क ऋण आवेदन कैम्प का आयोजन किया जाएगा। कैम्प में इच्छुक अभ्यर्थियों के ऑनलाइन ऋण आवेदन पत्र निःशुल्क भरवाए जाएंगे तथा उद्यम पंजीकरण भी बिना किसी शुल्क के किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र अभ्यर्थियों को 5 लाख रुपये तक का ऋण 4 वर्षों के लिए बिना ब्याज एवं बिना गारंटी उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही परियोजना लागत का 10 प्रतिशत अथवा अधिकतम 50,000 रुपये तक की सब्सिडी भी प्रदान की जाती है। आवेदक की आयु 21 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा न्यूनतम शैक्षिक योग्यता 8वीं पास निर्धारित है, जबकि हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

# डीपीआरओ, ईओ स्वतंत्रता दिवस पर सफाई कार्य को दें प्राथमिकता : डीएम

## समारोह की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय गौरव एवं देशभक्ति का पर्व है, इसलिए जनपद में आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों को पूरी गरिमा, अनुशासन एवं आपसी समन्वय के साथ संपन्न कराया जाए।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने तथा कार्यक्रमों के दौरान आवश्यक सुरक्षा, यातायात, साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। नगर मजिस्ट्रेट सालिक राम ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रातः गांधी समाधि से स्वार रोड पर 5 किलोमीटर की क्रॉस कंट्री रेस और छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाएगी। जिलाधिकारी ने प्रभात फेरी के दौरान यातायात व्यवस्था प्रबंध करने के निर्देश दिए। बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनपद के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी भवनों, गांधी समाधि और सभी शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए कि स्वच्छता अभियान के दौरान सफाई कार्य को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए। जलभराव, कूड़ा निस्तारण एवं साफ-सफाई की व्यवस्था कराई जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वतंत्रता दिवस के सभी कार्यक्रमों में आमजन की सहभागिता की जाए। कार्यक्रम स्थलों पर पेयजल, साफ-सफाई, विद्युत, चिकित्सा सहायता, सुरक्षा एवं यातायात संबंधी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर जनपद के प्रत्येक नागरिक में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक समरसता की भावना को और मजबूत करने के लिए प्रभावी कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करते हुए आपसी समन्वय के साथ कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र, अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सालिक राम, जिला विकास अधिकारी हरिश्चंद्र प्रजापति सहित आदि मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में बोलते जिलाधिकारी। -जागरण मोर्चा

## अंडर-19 तीरंदाजी में पुलकित पटेल का चयन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** तीरंदाजी के उभरते खिलाड़ी पुलकित पटेल का चयन अंडर-19 रिकर्व बॉयज वर्ग में सीबीएसई नॉर्थ जोन-1 आर्चरी चैंपियनशिप के लिए हुआ है। प्रतियोगिता का आयोजन 20 से 23 जुलाई 2026 तक बालूनी पब्लिक स्कूल (टल्ला मोटाढक) में किया गया। जारी चयन सूची में पुलकित पटेल का नाम अंडर-19 रिकर्व बॉयज के व्यक्तिगत वर्ग में तीसरे स्थान पर दर्ज है। वह मानस स्थली, एनएच-24, फरीदपुर, बरेली के छात्र हैं। पुलकित पटेल उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष कैलाश बाबू पटेल, उच्च प्राथमिक विद्यालय अहमदनगर कुंदनपुर, ब्लॉक मिलक की शिक्षिका प्रीति पटेल के पुत्र हैं। पुलकित ने इससे पहले भी तीरंदाजी में शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। हरियाणा के भिवानी में 11 और 12 अप्रैल को आयोजित दो दिवसीय ओपन नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में पुलकित ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक और एक रजत पदक अपने नाम किया था। लगातार बेहतर प्रदर्शन के चलते अब उनका चयन सीबीएसई नॉर्थ जोन-1 चैंपियनशिप के लिए हुआ है। पुलकित के चयन की जानकारी मिलते ही परिजनों, शिक्षकों और क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है।



पुलकित पटेल। -जागरण मोर्चा

## आज रामपुर आएंगे शिवपाल, आजम से करेंगे मुलाकात

- जौहर यूनिवर्सिटी का भी करेंगे दौरा, विवि के प्रशासनिक अधिकारियों से होगी बातचीत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव बुधवार को रामपुर पहुंचेंगे। वह जिला कारागार में बंद सपा नेता आजम खान से मुलाकात करेंगे। इसके बाद उनकी पत्नी तंजीन फातिमा और जौहर यूनिवर्सिटी के अधिकारियों से भी बातचीत करेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार, शिवपाल यादव सुबह करीब 11 बजे जिला कारागार पहुंचेंगे। यहां वे जेल में बंद आजम खान से मिलेंगे। जेल से निकलने के बाद वह आजम खान के आवास पर जाएंगे। जहां उनकी पत्नी पूर्व राज्यसभा सांसद तंजीन फातिमा से मुलाकात करेंगे। इसके बाद शिवपाल यादव जौहर यूनिवर्सिटी का दौरा करेंगे, जहां विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उनकी बातचीत निर्धारित है। सपा जिलाध्यक्ष अजय सागर ने बताया कि राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव का रामपुर दौरा बुधवार सुबह 11 बजे से शुरू होगा।



शिवपाल यादव, सपा राष्ट्रीय महासचिव। -जागरण मोर्चा

# भोट में निकली भव्य तिरंगा यात्रा, जगह-जगह ग्रामीणों ने किया स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**भोट।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति की भावना को मजबूत करने और लोगों को राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान का संदेश देने के लिए मंगलवार को चमरव्वा मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली। करीब नौ बजे कोयला गांव स्थित पंचायत भवन से शुरू हुई यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए। यात्रा के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से वातावरण देशभक्तिमय हो गया।तिरंगा यात्रा रवाना होने से पहले जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष मोहन लाल सैनी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। यह देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतिनिधित्व करता है। कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य केवल हाथों में झंडा लेकर चलना नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के मन में देश के प्रति सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करना है।कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। हर नागरिक अपने घर पर तिरंगा फहरा सके, इसके लिए झंडा संहिता में भी बदलाव किए गए हैं। कार्यकर्ताओं से अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने और लोगों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के प्रति जागरूक करने की अपील की।इसके बाद तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लेकर बांसनगली, नगला, अहमदनगर तराना, पीपलगांव, मनुनगर, देवरनिया शर्की, जिठनिया शर्की, खैरूल्लापुर, मोहनपुर और पत्थरखेड़ा होते हुए आगे बढ़े। यात्रा के गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने उत्साह के साथ स्वागत किया। कई स्थानों पर लोगों ने तिरंगे का अभिवादन किया और कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया।यात्रा के दौरान कार्यकर्ता लगातार देशभक्ति के नारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। गांवों की गलियों और मुख्य मार्गों से गुजरती तिरंगा यात्रा लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही।दोपहर बाद करीब दो बजे तिरंगा यात्रा भोट कस्बा स्थित शिव मंदिर परिसर पहुंची। यहां यात्रा का समापन किया गया।इस दौरान जिला पंचायत सदस्य कृष्ण अवतार लोधी, सौरभ पाल सिंह, पंकज कुमार लोधी, भूकन लाल लोधी, राजकिशोर सैनी, सुरेंद्र कुमार लोधी, पूरन लाल लोधी, कांता प्रसाद लोधी, लालता प्रसाद लोधी और गजेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।



भोट में तिरंगा यात्रा निकालते भाजपा कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

**मतदान** सचिव डॉ .अजीज हसन, उपाध्यक्ष डॉ .राजीव चंदेल, संपादक बने डॉ .युगल किशोर

# डॉ .दशरथ सिंह के सिर सजा अध्यक्ष का ताज, मनाया जश्न



जिला अस्पताल में मतदान के दौरान मौजूद मतदाता, निर्वाचन अधिकारी।



मतदान करतीं सीएमओ।



मतदान करते सीएमएस।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ ने चुनाव में अध्यक्ष का ताज डॉ.दशरथ सिंह के सर सजा। सचिव डॉ.अजीज हसन, उपाध्यक्ष डॉ.राजीव चंदेल, संपादक डॉ.युगल किशोर चुना गया। जबकि उपाध्यक्ष महिला डॉ. अंजू सिंह, वित्त सचिव डॉ. सुभाष सिंह, केंद्रीय कार्यकारी सदस्य डॉ. पदम सिंह निर्विरोध हुए है। जिला चिकित्सालय में जीत के खुशी में जश्न मनाया गया। चिकित्सकों ने एक दूसरों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। मंगलवार को जिला अस्पताल में प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ का चुनाव सुबह 9 बजे जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.ओपी आर्य, रिर्टनिंग ऑफिसर राजेश गंगवार की देखरेख में शुरू हुआ। चुनाव में सीएमओ डॉ.दीपा सिंह, सीएमएस डॉ.बीसी सक्सेना, डॉ.अनवर सादात समेत अन्य चिकित्सकों ने मतदान किया। अध्यक्ष पद के लिए डॉ. दशरथ सिंह और डॉ. सतपाल सिंह के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिला। शाम को मतदान प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद मतगणना हुई जिसमें डॉ.दशरथ सिंह ने 11 वोटों से डॉ. सतपाल सिंह से हरा दिया। उपाध्यक्ष के लिए डॉ.राजीव चंदेल को 53, डॉ.सतवीर सिंह को 37, डॉ.मणिक अग्रवाल 44, सचिव के लिए डॉ.अजीज हसन को 47, डॉ.लखवीर सिंह को 34, संपादक पद के लिए डॉ.युगल किशोर को 36 और डॉ.नवीन प्रसाद 34 को वोट मिले। जीत की खुशी में अध्यक्ष, सचिव समेत कार्यकारिणी को प्रमाण पत्र दिए गए। इस मौके पर डिप्टी एसीएमओ डॉ.संतोष कुमार, एसीएमओ डॉ.आरके वर्मा, डॉ.केके चहल, डॉ.सत्यप्रकाश, डॉ. एचके मित्रा, डीके वर्मा, डॉ. संजय अग्रवाल, डॉ.हैदर, देवेश चौधरी, समेत आदि मौजूद रहे।

## हरदासपुर से जल लेने गया युवक हरिद्वार में डूबा, मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैदनगर।** हरदासपुर से जल लेने हरिद्वार गया युवक गंगा नदी में डूब गया। कई घंटे की मशक्कत के बाद गोताखोरों ने युवक का शब बाहर निकाल। युवक की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है।

घटना हरिद्वार स्थित गंगा नदी में हुई। अजीमनगर थाना क्षेत्र के हरदासपुर कोठरा गांव निवासी प्रेम सिंह का पुत्र जयवीर सैनी उम्र 22 वर्ष अपने साथियों के साथ तीन दिन पहले हरिद्वार से कावड़ लेने के लिए गया था। सोमवार सुबह सभी लोग हरिद्वार पहुंचकर जल लाने की तैयारी करने लगे। सुबह करीब 10 बजे युवक गंगा नदी में स्नान करने लगा। पानी का बहाव तेज होने के कारण युवक गंगा की धार में बह गया। पास खड़े अन्य साथियों ने माजरा देखा तो उनके होश उड़ गए। शोर मचाने पर गोताखोर मौके पर पहुंच गए। करीब 8 घंटे की मशक्कत के बाद गोताखोरों ने युवक का सब बाहर निकाला। हादसे की सूचना घर पहुंची तो कोहराम मच गया। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद हरिद्वार पुलिस ने शव को परिजनों के हवाले कर दिया।




मृतक का फाइल फोटो।

## संक्षेप समाचार

### शिवरात्रि पर शाहबाद के शिवमन्दिर पर श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



शिवतेरस के मौके पर शाहबाद के शिवमन्दिर पर कतारों में लगकर जलाभिषेक करते श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

**शाहबाद।** शिवतेरस के मौके पर नगर के प्राचीन शिवमंदिर पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटनी शुरू हो गई। हजारों की संख्या में पहुंचे कांवड़ियों और शिव भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया और पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। कांवड़ियों के पहुंचने से मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर भगवान शिव के दर्शन किए और शिवलिंग पर जल चढ़ाया। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए मंदिर परिसर और आसपास के मार्गों पर पुलिस बल तैनात रहा। पुलिसकर्मी लगातार भीड़ को नियंत्रित करने और श्रद्धालुओं की आवाजाही सुचारु बनाए रखने में जुटे रहे। शिव तेरस के चलते पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना रहा और दिनभर श्रद्धालुओं का मंदिर पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। एसडीएम आदेश कुमार, सीओ देवकीनंदन और कोतवाल रणवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### घर घर तिरंगा अभियान के तहत बड़ागांव ने निकली तिरंगा यात्रा



शाहबाद के बड़ागांव पर तिरंगा यात्रा के दौरान मुख्य अतिथि के साथ बच्चे।

**शाहबाद।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत नगर मंडल शाहबाद की ओर से बड़ागांव में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा डालचंद इंटर कॉलेज से शुरू होकर एसपीएस इंटर कॉलेज तक पहुंची। यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं और विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ लोगों को हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वर्तमान जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू ने शिरकत की। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राष्ट्रध्वज के सम्मान और देश के प्रति नागरिकों के कर्तव्यों पर अपने विचार रखे। इसके साथ ही कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। तिरंगा यात्रा के दौरान लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। यात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं और छात्रों ने देशभक्ति के नारों के साथ वातावरण को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक सुरेश बाबू गुप्ता, नगर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, सभासद अर्पित वशिष्ठ, अमित चंद्रवंशी, पूर्व सभासद मनीष शर्मा, भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष महेश चंद्रवंशी, गन्ना समिति रामपुर के अध्यक्ष विवेक पांडे, एडवोकेट रोहित कुमार, प्रदीप, उमेश दिवाकर, कृष्ण पाल सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### शाहबाद के युवक की कैंची मारकर गाजियाबाद में हत्या, मातम



फाइल फोटो मृतक अवनेश।

**शाहबाद।** तहसील क्षेत्र के करेथी गांव का एक परिवार सालों पहले लोनी गाजियाबाद चला गया था। गाजियाबाद के लोनी की एक फैक्ट्री में 40 वर्षीय अवनेश सक्सेना सुपरवाइजर की नौकरी करते थे। आरोप है कि सोमवार को ड्यूटी के दौरान अवनेश पर साथ काम करने वाले दर्जी ने कैंची से हमला कर जख्मी कर दिया और खुद मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची गाजियाबाद की ट्रोनिका सिटी थाने की पुलिस ने अचेत हालत में पड़े अवनेश सक्सेना को लोनी के सीएचसी ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बड़े भाई ने आरोपी दर्जी के विरुद्ध तहरीर देकर हत्या करने का केस दर्ज कराया। मिली जानकारी के अनुसार अवनेश कुमार के तीन बेटे है। शाहबाद के करेथी गांव निवासी अवनेश कुमार का परिवार कई सालों से गाजियाबाद के लोनी में रह रहा था।

### कार की टक्कर लगने से बाइक सवार जख्मी, हालत गंभीर

**शाहबाद।** कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को एक तेज़ रफ्तार कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार नवाबपुरा निवासी गोपी पुत्र चरन सिंह बाइक पर सवार होकर कपड़े लेने भुडासी ग्राम जा रहा था। जैसे ही वह भुडासी पेट्रोल पंप के सामने पहुंचा, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गोपी सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तुरंत एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने घायल गोपी को प्राथमिक उपचार दिया। हालांकि, उसकी हालत नाजुक बनी हुई थी। डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे जिला चिकित्सालय रामपुर रेफर कर दिया।

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा सिविल लाइन मण्डल ने निकाली तिरंगा यात्रा



तिरंगा यात्रा में शामिल लोग। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को भाजपा सिविल लाइन मण्डल ने तिरंगा यात्रा निकाली जो माया देवी धर्मशाला से शुरू होकर श्री राम चौक पर संपन्न हुई इस दौरान कार्यकर्त्ताओ ने हाथो में तिरंगा लेकर देश भक्ति के नारे लगाए। तिरंगा यात्रा का आयोजन माननीय शहर विधायक आकाश सक्सेना ने माया देवी धर्मशाला से शुभआरम्भ किया एवं नगर अध्यक्ष अन्नू सक्सेना के नेतत्व मे कि गयी यात्रा मे मण्डल के सभी कार्यकर्त्ताओ के साथ बूथ अध्यक्ष, सेक्टर सयोजक,और पार्टी के पदाधिकारी शामिल हुए तिरंगा यात्रा के दौरान माननीय शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहाँ तिरंगा की आन बान शान का प्रतिक हैं कार्यकर्त्ताओ ने यात्रा के दौरान भारत माता की जय बन्दे मातरम के नारे लगाए इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अन्नू सक्सेना,नगर महामंत्री गोपाल कश्यप,मीडिया प्रभारी सुमित कुमार,हिमांशु सक्सेना,सुनीता सिंह,सेक्टर सयोजक कुलदीप सक्सेना,विशाल गुप्ता,गौरव सक्सेना, सौरव सक्सेना,आदि भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे!

एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत



**चंदौसी।** थाना कुढफतेहगढ़ क्षेत्र के गांव दारनी में एक महिला की मंगलवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसकी मौत से परिणाम को आराम मच गया पुलिस में शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव निवासी इम्मन सिंह मंगलवार की सुबह चार बजे दूसरे गांव में शिव मंदिर पर जलाभिषेक करने गया था। घर पर पत्नी बेटा अकेले थे। इसी दौरान अचानक झम्मन की पत्नी तुलसा देवी 55 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बेटे सोनू ने इसकी सूचना पिता को दी। पिता ने वहीं से पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। पति भी मंदिर से आ गया । महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ था। पुलिस ने पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है । थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही अगली कार्रवाई की जाएगी।

# हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजे शिवालय

## महाशिवरात्रि पर उमड़ी श्रद्धालुओं की लगीं भीड़, डाक कांवड़ियों ने गंगाजल से किया भोलेनाथ का जलाभिषेक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** चंदौसी में सावन की महाशिवरात्रि पर शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह पांच बजे से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। पहुंचे सैकड़ों डाक कांवड़ियों ने हरिद्वार राजघाट नरौरा से लाए गंगाजल से प्राचीन शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

मंगलवार को सावन की महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिरों में भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु पहुंचने लगे। सुबह पांच बजे से ही प्रमुख शिवालयों में दिनभर रही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सीता रोड स्थित मूंछों वाले शिव मंदिर के कपाट खुलते ही जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। इसके अलावा मौलागढ़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर बड़ा महादेव स्थित प्राचीन शिव मंदिर, मुंसिफ रोड स्थित शिव मंदिर, कैथल गेट स्थित श्री गंगा देवी मंदिर, घंटाघर स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर, आवास विकास स्थित शिवालय मंदिर, बेरनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर बहजोई स्थित प्राचीन सादात वाड़ी पातालेश्वर शिव मंदिर सहित नगर के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की और मनोकामना पूरी होने की कामना की। मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्तिमय माहौल बना रहा। मंदिरों में शिवभक्तों की सुरक्षा दृष्टि से एसडीएम सीओ और भारी पुलिस बल व पीएससी तैनात रही।



नवदुर्गा पूर्णागिरी मंदिर पर जलाभिषेक के लिए लगीं श्रद्धालुओं की लाइन।



श्रीदेवी गंगा मंदिर पर पूजा-अर्चना करतें श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा



चंदौसी में मंदिर पर जलाभिषेक करने जाते कांवड़िये।

### मॉडल कॉलेज में एनसीसी भर्ती और तिरंगा अभियान

**चंदौसी।** मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत एनसीसी भर्ती प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। 9 यूपी गर्ल्स और 24 यूपी एनसीसी बटालियन मुरादाबाद के निर्देशन में कैडेट्स ने राष्ट्रगान और डिजिटल जागरूकता के जरिए लोगों को प्रेरित किया। प्रतियोगिता में 110 छात्रों ने शारीरिक दक्षता और लिखित परीक्षा में भाग लिया।

### दो सूने घरों के ताले तोड़कर नकदी समेत एक लाख की चोरी

**चंदौसी।** कोतवाली क्षेत्र के आरआरके स्कूल के पास सोमवार रात चोरों ने दो सूने मकानों के ताले तोड़कर नकदी और आभूषण समेत करीब एक लाख रुपये का माल साफ कर दिया। चोरी का पता मंगलवार सुबह चलने पर इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।चोरों ने विमला देवी के घर से उनकी भतीजी के सोने के कुंडल और अन्य आभूषण चोरी कर लिए। इसके बाद चोरों ने पास में ही रहने वाले फूलचंद के किराए के मकान को निशाना बनाया। फूलचंद शिवतेरस पर गांव गए थे। चोर वहां रखे उनके भांजे की शादी का सामान और 27 हजार रुपये नकद समेट ले गए। प्रभारी निरीक्षक संत कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है, तहरीर मिलते ही रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# मंदिर में स्वयंसेवकों ने की पुलिस की मदद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** जिला प्रशासन के निर्देश पर मंगलवार को राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के वालिंटियर्स ने प्राचीन शिव मंदिर, बेरनी में श्रद्धालुओं को जलाभिषेक कराने में स्थानीय प्रशासन का सहयोग किया।

सावन मास का मुख्य पर्व शिवतेरस होने के कारण मंगलवार को बेरनी के प्राचीन शिव मंदिर पर सुबह से ही जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की लम्बी-लम्बी लाइनें लग गयीं जोकि दोपहर तक जारी रहीं। राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यालय इकाई के प्रभारी शरद शर्मा के नेतृत्व में बेरनी पहुँचे वालिंटियर्स ने कुढ़फतेहगढ़ थाने के प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार वर्मा जी के निर्देशानुसार एसएसआई उपेन्द्र कुमार के साथ मिलकर मंदिर में जलाभिषेक के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने में अपना योगदान किया। इस दौरान मन्दिर में जलाभिषेक की व्यवस्थाओं के निरीक्षण को पहुंचे तहसीलदार रवीन्द्र विक्रम ने वालिंटियर्स के कार्यों की सराहना की। इस दौरान अंकित यादव, रिंकू यादव, अजय, मोहित माथुर, अन्नू, आकाश मीणा, आयुष यादव, कुणाल चौधरी, अमित कुमार, उपेंद्र सिंह, अंश चौहान, वंश चौहान, आदित्य, मोहित कुमार मौर्य, बॉबी, देव चौधरी, अंशु, नितिन कुमार आदि वालिंटियर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



बेरनी शिव मंदिर पर तहसीलदार के साथ सेवा करतें स्वयंसेवक। -जागरण मोर्चा

▸ शिवतेरस पर श्रद्धालुओं को कराया जलाभिषेक

### नहीं रहे पूर्व जिपं अध्यक्ष वीरेंद्र पाल यादव

**शाहजहांपुर।** भाजपा के कद्दावर नेता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष और पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव का दिल्ली स्थित एम्स में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की जानकारी बेटे अजय प्रताप सिंह यादव ने फेसबुक पर साझा की। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे।वीरेंद्र पाल सिंह के निधन से राजनीतिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। नेताओं ने इसे अपूरणीय क्षति बताया है। बुधवार को दोपहर 12 बजे उनके पैतृक गांव नियामतपुर में अंतिम संस्कार किया जाएगा।



# डीएम एसपी ने मंदिर पहुंचे कांवड़ियों पर की पुष्प वर्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** श्रावण माह की शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम दर्शन-पूजन व्यवस्था के दृष्टिगत जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार द्वारा थाना बहजोई क्षेत्रान्तर्गत सातादबाडी शिव मंदिर का निरीक्षण किया गया। महोदय द्वारा मंदिर में विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना एवं भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया।

पूजा-अर्चना के उपरांत मंदिर परिसर एवं आसपास की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन एवं भीड़ नियंत्रण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। महोदय द्वारा मन्दिर पर जल लेकर आने वाले श्रद्धालुओं तथा कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया । निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की भीड़, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था तथा यातायात व्यवस्था का जायजा लिया गया। ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने तथा भीड़ को व्यवस्थित रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को श्रावण माह के दृष्टिगत सुरक्षा, यातायात, भीड़ नियंत्रण एवं श्रद्धालुओं की सुविधा से संबंधित व्यवस्थाओं को प्रभावी एवं सुचारु बनाए रखने को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत, क्षेत्राधिकारी बहजोई स्तुति सिंह आदि अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।



कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा करते डीएम व एसपी। -जागरण मोर्चा

▸ डीएम एसपी ने सादातबाड़ी शिव मंदिर पहुंच पर की सुरक्षा व्यवस्था



शिवरात्रि पर पूजा-अर्चना करते डीएम और एसपी।

# फ्लाई इंफ्राटेक पर किसकी सरपरस्ती?

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** शहीदों की प्रतिमाएं तोड़े जाने के मामले में ब्लैकलिस्ट की गई फिर कोर्ट से ब्लैक लिस्टिंग से हट जाने के बाद फर्म को अचानक से बड़े बड़े काम मिलने शुरू हो गए, जिसकी चर्चा चारो ओर हो रही है। फ्लाई इंफ्राटेक फर्म को नगर निगम में करीब 20 करोड़ रुपये के काम दिए जाने का मामला सामने आया है। ईवी कूड़ा वाहनों की खरीद के भुगतान की फाइल खुलने के बाद पुराने अभिलेख खंगाले गए तो फर्म को दिए गए कार्यों और भुगतान की परतें भी खुलने लगीं। इससे नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। सूत्रों के मुताबिक नगर निगम में कूड़ा उठाने वाली करीब 20 इलेक्ट्रिक गाड़ियों की आपूर्ति करने वाली फ्लाई इंफ्राटेक को 20 करोड़ रुपये से अधिक के अलग-अलग कार्य मिले हैं। इसी फर्म को लेकर शहीदों की प्रतिमाएं तोड़े जाने के मामले में एफआइआर दर्ज हुई थी और नगर निगम ने इसे ब्लैकलिस्ट भी किया था। बाद में फर्म हाईकोर्ट पहुंची। वहां से राहत मिलने के बाद उसे दोबारा काम मिलने लगे। हाल ही में ईवी वाहनों के भुगतान की फाइल सामने आने पर अधिकारियों ने पुराने रिकॉर्ड तलब किए। फाइलों की जांच में कई बिंदुओं पर सवाल उठने के बाद संबंधित भुगतान रोक दिया गया है। पूरे मामले की जांच शुरू करा दी गई है। माना जा रहा है कि जांच का दायरा केवल ईवी खरीद तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि फर्म को दिए गए अन्य कार्यों और उनके भुगतान की भी समीक्षा हो सकती है। फ्लाई इंफ्राटेक के ब्लैकलिस्ट होने के बाद मामला हाईकोर्ट पहुंचा था। फर्म को वहां से राहत नहीं मिलने के बावजूद बाद में उसे दोबारा नगर निगम के कार्यों में शामिल किए जाने को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। निगम के भीतर चर्चा है कि आखिर विवादित फर्म को लगातार बड़े प्रोजेक्ट क्यों दिए जाते रहे।

### भुगतान की फाइल खुली तो सामने आए पुराने मामले

कूड़ा उठाने वाली इलेक्ट्रिक गाड़ियों के भुगतान से जुड़ी फाइल सामने आने के बाद अधिकारियों ने पुराने अभिलेख तलब किए। सूत्रों के अनुसार, रिकॉर्ड की पड़ताल में कई वित्तीय और प्रशासनिक बिंदु सामने आए हैं। इसके बाद संबंधित भुगतान रोक दिया गया। अब फर्म को दिए गए अन्य कार्यों और भुगतानों की भी जांच की संभावना जताई जा रही है।

फ्लाई इंफ्राटेक को उनके कार्यभार संभालने से पहले काम मिला था। फर्म के ब्लैकलिस्ट होने के बाद हाईकोर्ट के आदेश के आधार पर उसे दोबारा कार्यों में शामिल किया गया। ईवी से संबंधित पत्रावलियां तलब की गई हैं और मामले की जांच कराई जा रही है। -सौम्या गुरुरानी, नगर आयुक्त।

# छात्रावास के अनुदान से वीआइपी गेस्ट हाउस बनाने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि, प्रवेश प्रक्रिया और छात्रावास निर्माण समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर सोमवार को भारतीय युवा कांग्रेस और एनएसयूआइ के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। कुलसचिव और कुलपति की अनुपस्थिति में मुख्य कुलानुशासक डॉ. आलोक कुमार सिंह को ज्ञापन दिया गया।

संगठन ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर छात्र हितों की अनदेखी और मनमानी करने के आरोप लगाए। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामजी अवस्थी ने आरोप लगाया कि बीए, बीकाम और बीएससी जैसे सामान्य पाठ्यक्रमों की फीस पहले करीब 1000 से 1200 रुपये थी, जिसे बढ़ाकर 3600 रुपये कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के विद्यार्थियों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि यूजीसी से छात्रावास निर्माण के लिए मिले अनुदान की धनराशि से वीआइपी गेस्ट हाउस बनाया गया है। इसकी जांच कराकर वास्तविक स्थिति सामने लाने की मांग की गई।एनएसयूआइ जिलाध्यक्ष रफी उल हसन ने कहा कि विश्वविद्यालय में पंजीकरण के लिए 15 दिन से भी कम समय दिया गया है। इतने कम समय में विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी हासिल करने और आवेदन करने में परेशानी हो रही है। उन्होंने प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाने, 200 रुपये का रजिस्ट्रेशन शुल्क और प्रॉस्पेक्टस के नाम पर ली जा रही अतिरिक्त धनराशि बंद करने की मांग की। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाने की भी मांग की गई। युवा नगर अध्यक्ष साद उल्लाह खान ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय बनने के बाद पूर्व महाविद्यालय में कार्यरत कर्मचारियों और शिक्षकों के समायोजन के नाम पर धन की मांग की जा रही है। उन्होंने इसे गंभीर मामला बताते हुए सभी समायोजन प्रकरणों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। उन्होंने पूर्व में वेतन संबंधी अनियमितताओं के लगाए गए आरोपों की भी जांच कराने की मांग उठाई।

संगठन के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि विश्वविद्यालय प्रशासन ने जल्द मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो छात्र हित में चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक फरीद अली खान, जिला महासचिव उन्नत मिश्रा मुल्लू, युवा जिला उपाध्यक्ष सोभित मिश्रा, शहर विधानसभा अध्यक्ष रहीम दाद खान, महानगर अध्यक्ष शाहनबाज खान, एनएसयूआइ महानगर अध्यक्ष अनुभव बाल्मीकि, अरुणोद मिश्रा, आशीष तिवारी, छात्र नेता हसन खान, आलोक कुमार शर्मा, राहिल अंसारी, अनुराग वर्मा, रोहित कन्नौजिया, अमित त्रिपाठी, जितेंद्र पाल, शिवओम मिश्रा, शुभम सक्सेना, फरमान खान, परवेज अहमद, दीपांश वर्मा, कासिम अंसारी, धर्म कुमार, गौरव गुप्ता, उपेंद्र मिश्रा, शिवांश मिश्रा एडवोकेट, राघव शुक्ला, सईद अंसारी, हिमांशु मुद्गल, अहसान रजा, मोहम्मद अनस, हर्षित मिश्रा एडवोकेट, मो. निहाल एडवोकेट, फिरोज अहमद, केशव मिश्रा, नितिन तिवारी, सुधांशु मिश्रा एडवोकेट, इरशाद खान, विशाल आदि मौजूद रहे।



विश्वविद्यालय में धरना देते कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

# डाकघर में अभद्रता : अभी पुलिस बुलाकर कह देंगे हमारा कैश लूटा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**तिलहर, शाहजहांपुर।** नगर में मौजमपुर की कुंज गलियों में संचालित डाकघर स्थानीय नागरिकों के लिए सर दर्द बन चुका है ।ग्राहकों से अभद्रता काउंटरों पर लगी भीड़ और कर्मचारियों की अभद्र भाषा शैली केंद्रीय सरकार के नियमो कानून की धज्जियां उड़ा रही है ।कर्मचारी अपनी सीट से हटकर जहां पहचान वालों का काम विशेष रुचि लेकर करते हैं वहीं दूसरी तरफ अनेक काउंटर पर सड़ी गर्मी धूप और बरसात झेलते हुए सामान्य ग्राहक झिड़कियों और दबंगई का शिकार हो रहे हैं ।पोस्टमास्टर का कर्मचारियों पर कोई नियंत्रण नहीं है ।

स्पीड पोस्ट बुकिंग काउंटर पर नियुक्त कर्मचारियों का रिटायरमेंट हो जाने के बाद सबसे ज्यादा मारामारी रहती है ।लिपिक ना होने पर स्थानीय गांव के बीपीएम और अन्य लोगों को काम सौंप दिया गया है जो कि ग्राहकों से अभद्रता करते हैं और जब चाहे काउंटर छोड़कर चले जाते हैं अपनी जान पहचान के लोगों को कार्यालय के अंदर बुलाकर बुकिंग करते हैं एतराज करने पर मंगलवार को बुकिंग काउंटर पर बैठे कर्मचारियों ने एक मीडिया कर्मी को धमकाते हुए कहा अभी पुलिस बुला लेंगे और कह देंगे हमसे मारपीट कर रहे हैं हमारा कैश काउंटर लूट लिया जरा देर में ठीक हो जाओगे इस पर जब मीडिया कर्मी ने पुलिस बुलाने को कहा तो बहुत ही तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई ।बाद में इस मामले की पोस्ट मास्टर से शिकायत भी की गई जिस पर पोस्टमास्टर ने खेद व्यक्त किया ।




तिलहर पोस्ट ऑफिस के काउंटर पर लगी भीड़। -जागरण मोर्चा

### आधार काउंटर पर भी रहती है अव्यवस्था

पोस्ट ऑफिस में आधार अपडेट और बनवाने के काउंटर पर भीड़ लगी रहती है कर्मचारी साइट ना चलने, नेट धीरे चलने नेट धीमा चलने और तरह-तरह के बहाने बनाकर ग्राहकों को छकाते हैं। जनता के प्रति कर्मचारीयों का व्यवहार सद्भावनापूर्ण नहीं रहता है। ग्राहकों को धमकाया जाता है जाओ शिकायत कर दोजो होगा निपट लेंगे इससे स्थानीय नागरिकों में कड़ा आक्रोश व्याप्त है ।

### गंदगी का अंबार, पेयजल, प्रसाधन सुविधा नहीं

खस्ताहाल बिल्डिंग में विगत दिनों टाइल्स लगाकर और रिपेयरिंग करा कर कार्यालय को सुंदर बनाने का प्रयास किया गया जनता के लिये लेकिन पेयजल सुविधा शौचालय पेशाब घर आज की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है ।काउंटर के बाहर सड़ी गर्मी धूपऔर बरसात में खड़े रहने के लिए ग्राहक मजबूर हैं। विंडो के पास जानवरों का मल मूत्र और गंदगी तथा बिल्डिंग के आसपास हानिकारक घास और पेड़ पौधे होने से केंद्र सरकार के अंतर्गत आने वाले कार्यालय में जनता ठोकरे खाने और कर्मचारियों की अभद्र भाषा दबंगई और उत्पीड़न सहन करने पर मजबूर है।

बुकिंग क्लर्क के रिटायर होने के बाद अपने स्तर से लोगों को बिठाकर बुकिंग करनी पड़ रही है। जब तक कोई कर्मचारी नहीं भेजा जाता तब तक जनता को इस प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। -रामविलास, पोस्टमास्टर

# पुलिस ने बरामद किए 249 खोए मोबाइल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्ष (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत के नेतृत्व में आम जनमानस के गुमशुदा व खोये हुए विभिन्न कम्पनियों के चलाया जा रहा है, मंगलवार को 249 मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत लगभग 46 लाख रुपये ) बरामद कर मोबाइल स्वामियों के सुपुर्द किये गये।

जनपद सम्भल में खोये/गुम हुए मोबाईल फोनों के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर संज्ञान लेते हुए कृष्ण कुमार पुलिस अधीक्षक द्वारा शीघ्र बरामदगी हेतु साइबर थाना / जनपदीय साइबर सेल / थाना साइबर सेल जनपद सम्भल को निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में जनपदीय साइबर सेल द्वारा दूरसंचार विभाग द्वारा संचालित सीईआरआई पोर्टल के माध्यम से अभियान चलाकर अथक प्रयास कर जनपद सम्भल, गैर जनपद एवं अन्य राज्यों से कुल 249 मोबाईल फोन (कीमत लगभग 46 लाख रूपये) की बरामदगी की गयी है, जिनको पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार द्वारा मोबाईल स्वामियो को सौंप गए। जनपदीय साइबर सैल जनपदवासियो से अपील करती है कि अगर आपका फ़ोन खो जाए या चोरी हो जाए, तो सबसे पहले, अनधिकृत उपयोग को रोकने के लिए अपने सिम कार्ड को ब्लॉक करें व अपने खातों की सुरक्षा के लए अपने बैंक से सम्पर्क करें। यदि कोई व्यक्ति थाने आकर शिकायत देता है तो वह थाने से पोर्टल पर उसके फ़ोन के आईएमईआई ब्लॉक की रिक्वेस्ट आईडी अवश्य लेकर जाए जिससे यह सुनिश्चित हो सके की ब्लॉक हो गयी है।



खोए हुए मोबाइलों खुशी मनातें मोबाइल स्वामि साथ में शामिल एसपी।



## गीता सार

यदा विनियतं चित्तमात्मन्येवावतिष्ठते।
निःस्पृहः सर्वकामेभ्यो युक्त इत्युच्यते तदा॥

**भावार्थ :** योग में स्थित मनुष्य का योग के अभ्यास द्वारा विशेष रूप से मन जब आत्मा में स्थित परमात्मा में ही विलीन हो जाता है, तब वह सभी प्रकार की सांसारिक इच्छाओं से मुक्त हो जाता है, उस समय वह पूर्ण रूप से योग में स्थिर कहा जाता है।

# नई बिसात

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही प्रदेश के ब्राह्मण राजनीति के केंद्र में आते दिख रहे हैं। पिछड़ा-दलित और अल्पसंख्यक के गठजोड़ 'पीडीए' की राजनीति करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने ब्राह्मणों पर डोरे डालने शुरू कर दिए हैं। समय-समय पर पीडीए की तमाम परिभाषाएं बताने वाले सपा मुखिया ने अब 'पीडीए' के 'पीडी' को पंडित बता दिया है। पार्टी संस्थापकों में शामिल पूर्व केंद्रीय मंत्री जनेश्वर मिश्र की जयंती पर पार्टी मुख्यालय पर आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन में उन्होंने कहा कि 'पीडी' का अर्थ पंडित है। अखिलेश ने कानपुर के विकास दुबे एनकाउंटर के हवाले और अटल बिहारी वाजपेयी के विजन व उनकी स्मृतियों की उपेक्षा के उल्लेख के सहारे भाजपा को घेरने की कोशिश की है। अखिलेश का प्रयास अकारण नहीं है। उत्तर प्रदेश में ब्राह्मणों की आबादी 12 से 14% मानी जाती है।



आंकड़ों के अनुसार यह प्रदेश में विधानसभा की 115 से 120 सीटों का चुनावी गणित प्रभावित करते हैं। पूर्वांचल के कुछ जिलों में तो इनकी आबादी 20% तक भी मानी जाता है। नब्बे के दशक में रामजन्मभूमि आंदोलन पर कांग्रेस की नीति, नीयत और निर्णयों से नाराज ब्राह्मणों ने कांग्रेस का साथ छोड़कर भाजपा का हाथ थाम लिया। इसके पीछे ब्राह्मणों का संस्कृति और सांस्कृतिक सरोकारों के प्रति झुकाव ही था। यही वह दौर था, जब मुसलमान भी कांग्रेस से छिटका। इसकी भी मुख्य वजह कांग्रेस का असमंजस था। साल 1990 के अक्टूबर में संतों के श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति व निर्माण को कारसेवा करने अयोध्या जा रहे हिंदुओं की गिरफ्तारी हुई। कर्फ्यू लगा। सुरक्षा बलों की गोलियों से कई कारसेवकों की मृत्यु हुई। मुसलमानों के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव मसीहा हो गए, क्योंकि उनकी नजर में मुख्यमंत्री ने ऐसा करके उनकी मस्जिद बचाई थी। मुलायम को मुसलमानों का साथ मिला तो उन्हें प्रदेश के 10% यादव व 19% मुसलमानों के योग से अपनी निजी राजनीतिक जमीन मजबूत बनाने की राह दिखी। भाजपा के साथ ब्राह्मण और मुलायम के साथ मुसलमान। इसी समीकरण पर भाजपा ने उत्तर प्रदेश में 1991 में ही बहुमत की सरकार बना ली तो 1993 में सपा ने बसपा के साथ गठबंधन कर पिछड़ा, दलित और मुसलमान के समीकरण से सरकार बनाई। मुलायम व मायावती का गठबंधन टिका नहीं तो मुख्य मुकाबला भाजपा व सपा के बीच होने लगा। कहीं-कहीं बसपा इसमें तीसरा कोण बनाती। गठबंधन के प्रयोगों की विवशता की दुहाई के साथ भाजपा ने राम जन्मभूमि से जुड़े संकल्प पर जब रुख बदलना शुरू किया तो ब्राह्मण क्षुब्ध हुआ। उसने दूसरे विकल्प तलाशने की कोशिश की। भाजपा सिमटने लगी।

### पाक, तुर्की और सऊदी अरब का मक्का समझौता

# सामूहिक रक्षा, सामूहिक प्रतिरोध



**नरेंद्र शर्मा**

> हालांकि सऊदी अरब व तुर्की अमेरिका के सहयोगी हैं, लेकिन दोनों के बीच प्रतिद्वंदिता व खराब संबंध 1814 यानी उस्मानिया खिलाफत से ही चले आ रहे थे और पश्चिम एशिया में अपने-अपने प्रभाव के विस्तार के चक्कर में इस कटुता में विस्तार ही हुआ, विशेषकर इसलिए की तुर्की ने 2010-2011 के अरब बसंत प्रदर्शनों का समर्थन किया, जिसे सऊदी अरब ने राजनीतिक स्थिरता के लिए खतरा माना। दोनों देशों के संबंधों में अतिरिक्त खटास इस वजह से भी आई कि 2018 में इस्तांबुल स्थित सऊदी दूतावास में विद्रोही पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या की गई और फिर अनेक क्षेत्रीय टकरावों, खासकर लीबिया व सीरिया से संबंधित, में सल्तनत व गणराज्य ने एक दूसरे को आमने-सामने वाली बेंचों पर पाया। लेकिन हाल के वर्षों में प्रतिद्वंदिता की यह बर्फ पिघलने लगा है; क्योंकि पश्चिम एशिया में संतुलन में परिवर्तन होने लगा है।

इस पृष्ठभूमि में सऊदी अरब व तुर्की ने 7 अगस्त 2026 को अपने संबंधों में एक नया अध्याय जोड़ा, औपचारिक रूप से त्रिपक्षीय रक्षा समझौता करके, जिसमें तीसरा पार्टनर पाकिस्तान है। पवित्र शहर मक्का में किए गए मक्का समझौते पर सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मुहम्मद बिन सलमान, तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैय्यब इर्दोगान और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हस्ताक्षर किए हैं। तीनों देशों ने आपस में 'सामूहिक रक्षा' व 'सामूहिक प्रतिरोध' को मजबूत करने का वायदा किया है और साथ ही एक पर किए गए हमले को तीनों पर किए गए हमले के रूप में देखा जाएगा। नाटो-शैली का यह सामूहिक सुरक्षा समझौता तीन प्रमुख मुस्लिम-बहुल देशों को साथ लाया है- एक परमाणु हथियारों से लैस दक्षिण एशिया का देश है, एक तेल से भरी फारस की खाड़ी की सल्तनत है और एक नाटो का सदस्य है, जो पश्चिम एशिया व यूरोप के बीच की कड़ी भी है। पश्चिम एशिया ने इस किस्म का समझौता पहले कभी नहीं देखा है।

गौरतलब है कि सितंबर 2025 में पाकिस्तान व सऊदी अरब ने स्ट्रेटेजिक म्यूच्यूअल डिफेंस एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत एक पर हमले को दोनों पर हमला माना जाएगा। सऊदी-पाकिस्तान समझौता दो स्पष्ट संकेत दे रहा था- एक, सऊदी अरब की स्ट्रेटेजिक कमजोरी गहरी होती जा रही है। दो, पाकिस्तान विस्फोटक क्षेत्र में बड़ी सुरक्षा भूमिका निभाने का इच्छुक है। अब इसमें तुर्की को शामिल करके स्ट्रेटेजिक गहराई और सैन्य ताकत में अतिरिक्त मजबूती लाने का प्रयास है। दरअसल, समझौते में शामिल हर सदस्य अपनी-अपनी ताकत और कमजोरी साथ लेकर आ रहा है। पाकिस्तान मुस्लिम संसार की एकमात्र परमाणु शक्ति है, लेकिन उसकी अर्थव्यवस्था तैरते रहने के लिए संघर्ष कर रही है। सऊदी अरब संसार के सबसे बड़े तेल निर्यातकों में से एक है, उसके पास पैसा है, लेकिन उसके समक्ष जबरदस्त सुरक्षा चुनौती है, विशेषकर ईरान व हूती से। तुर्की ने बहुत तेजी से अपनी सैन्य औद्योगिक बेस का विस्तार किया है, जिनमें एडवांस्ड



इमेज

ड्रोन-उत्पादन क्षमताएं भी शामिल हैं, लेकिन उसे पड़ोस में इजरायल की बढ़ती सैन्य ताकत की चिंता है। सऊदी अरब 1940 के दशक से ही अमेरिका का करीबी सहयोगी है। अपनी सुरक्षा के लिए वह अमेरिका पर निर्भर है, जबकि बदले में वह अबाधित तेल सप्लाई का वायदा किए हुए है। लेकिन हाल के वर्षों में इस समझौते की बुनियाद हिल गई है क्योंकि पूर्वी एशिया में चीन के निरंतर बढ़ते कदमों के कारण अमेरिका ने पश्चिम एशिया को वरीयता देना कम कर दिया है। जब 2019 में ईरान-समर्थित हूती ने सऊदी अरब के तेल ठिकानों पर हमला किया तो अमेरिका की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। इसने सऊदी अरब को अमेरिकी सुरक्षा छाते से इतर देखने के लिए मजबूर किया। चीन की मध्यस्थता से सऊदी अरब ने 2023 में ईरान से अपने संबंध सामान्य करने का समझौता किया। लेकिन सऊदी अरब की सुरक्षा चिंताएं बढ़ने लगीं जब इजराइल ने 2023 में ही गजा में नरसंहार करना और लेबनान पर बमबारी करनी शुरू कर दी। फिर अमेरिका व इजराइल ने 28 फरवरी 2026 को ईरान के खिलाफ बेमतलब व बेमकसद का युद्ध छेड़ दिया और वह भी ऐसे समय जब अमेरिका व ईरान जिनेवा में समझौता करने के बहुत करीब थे। जवाब में तेहरान ने सऊदी अरब सहित खाड़ी के सभी अरब देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य बेसों पर हमले करने शुरू कर दिए। चूंकि अमेरिका अपने ही बेस नहीं नहीं बचा पा रहा था, इसलिए रियाद को यकीन हो गया कि वाशिंगटन की सुरक्षा गारंटी में कोई खास दम नहीं है। उसे अपनी सुरक्षा की व्यवस्था स्वयं ही करनी होगी।

तुर्की लंबे समय से पश्चिम एशिया में बड़ी सुरक्षा भूमिका निभाने का इच्छुक रहा है, उसने कतर से गहरे संबंध स्थापित किए हुए हैं, जहां उसके सैनिक भी तैनात हैं। सऊदी अरब से समझौता करके अंकारा को इस क्षेत्र में विस्तृत स्ट्रेटेजिक स्पेस मिल जाएगी। तुर्की की अपनी सुरक्षा चिंताएं भी हैं। इजरायल एयर स्ट्राइक्स व घुसपैठ के जरिये अपनी भूमि का विस्तार करने में लगा हुआ है, जिसकी वजह से अंकारा का मानना है कि भविष्य के आशंकित टकराव के लिए उसे तैयार रहना चाहिए। हालांकि तुर्की नाटो का सदस्य है, लेकिन अंकारा को शक है कि अमेरिका के सबसे करीबी सहयोगी इजराइल से टकराव की स्थिति में नाटो की सामूहिक सुरक्षा गारंटी कोई काम आयेगी। मक्का समझौते का तीसरा एक्टर पाकिस्तान अपने साथ भारत से 'दुश्मनी' को लेकर आता है। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद मई 2025 में पाकिस्तान व भारत के बीच संक्षिप्त हवाई युद्ध हुआ था। नई दिल्ली का कहना है कि उसकी धरती पर जो आतंकी वारदातें होती हैं, उनके लिए पाकिस्तान जिम्मेदार है। इस्लामाबाद काउंटर-समझौते से अपनी प्रतिरोध ताकत को मजबूत करने का प्रयास कर रहा है। बहरहाल, त्रिपक्षीय समझौते व उसके सामूहिक सुरक्षा प्रावधान का अर्थ आवश्यक रूप से यह नहीं है कि पाकिस्तान ईरान या हूती से युद्ध करने लगेगा या भविष्य के भारत-पाक टकराव में तुर्की कूद जाएगा। जब सितंबर 2025 में सऊदी-पाकिस्तान समझौता हुआ था तो उसके बाद अनेक बार पाकिस्तान का तालिबान-शासित अफगानिस्तान से टकराव हुआ।



## श्रीरामचरितमानस

सतिहि ससोच जानि वृषकेतु।
कहीं कथा सुंदर सुख हेतु॥
बरनत पंथ विविध इतिहासा।
विस्वनाथ पहुंचे कैलासा॥3॥

**भावार्थ :** वृषकेतु शिवजी ने सती को चिन्तायुक्त जानकर उन्हें सुख देने के लिए सुंदर कथाएं कहीं। इस प्रकार मार्ग में विविध प्रकार के इतिहासों को कहते हुए विश्वनाथ कैलास जा पहुंचे॥

### बाल कहानी

# घमंडी गुलाब

**विजयपाल सिंह 'बालमन'**

बहुत पुरानी बात है- एक रेगिस्तान में कुछ पौधे थे, जो बहुत मुश्किल से अपनी जिंदगी गुजार रहे थे क्योंकि रेगिस्तान में पानी की कमी होती है और रेत से उपजाऊ खाद भी न के बराबर ही मिलता है। इन पौधों में एक गुलाब का पौधा था और एक कैक्टस का पौधा भी था।



कांटों में खिलने के बावजूद गुलाब को अपनी सुंदरता पर घमंड की हद तक गर्व था। इसमें कोई दो राय नहीं थीं कि गुलाब बहुत ही खूबसूरत था। उसकी लाल रस भरी पंखुड़ियां दूर से ही देखने वालों को मंत्रमुग्ध कर दिया करती थीं। दूसरी ओर कैक्टस में ऊपर से देखने पर कोई ऐसी खास बात न थी कि कोई उसकी ओर आकर्षित होता। वह मोटा, हरा सा एक तरफ खामोश खड़ा रहता, किसी से कुछ न कहता। गुलाब अक्सर अपनी सुंदरता का बखान करता और कैक्टस को यह एहसास कराने का प्रयास करता कि वह बदसूरत है। गुलाब कहता, "कैक्टस, तुम कितने कुरूप हो। कोई तुम्हारी तरफ देखना भी पसंद नहीं करता है। क्या तुम्हें इस बात पर शर्म नहीं आती? मुझे देखो, मैं कितना सुंदर हूं। हर कोई मेरी खूबसूरती का दीवाना है।" इस किस्म की अपमानजनक बातें सुनकर भी कैक्टस खामोश रहता। वह अपने काम से काम रखता। अन्य पौधे गुलाब को समझाने का प्रयास करते। कोई कहता, "गुलाब, अपनी सुंदरता पर इतना घमंड ठीक नहीं है। घमंडी को अक्सर मुंह की खानी पड़ती है।"

कोई अन्य पौधा कहता, "गुलाब, किसी की बनावट की हंसी उड़ाना अच्छी बात नहीं है। हर कोई अपनी जगह सुंदर व उपयोगी है। कोई किसी से कम नहीं है। सब बराबर हैं।" लेकिन गुलाब हर किसी की बात सुनकर अनसुना कर देता। उसे लगता कि संसार में केवल वही श्रेष्ठ है और बाकी सब उसके आगे तुच्छ हैं। हर गुजरते दिन के साथ उसका घमंड बढ़ता जा रहा था। इस बीच गर्मियां आ गईं। रेगिस्तान में किसी भी पौधे के लिए पानी नहीं बचा। पानी की कमी की वजह से गुलाब की सुंदरता भी फीकी पड़ने लगी। उसने कैक्टस की तरफ देखा जैसे कोई पक्षी कैक्टस में अपनी चोंच मारकर पानी पीने की कोशिश में हो। यह सोचकर गुलाब को अपनी हरकतों पर शर्मिंदगी हुई। उसने कैक्टस से कहा, "भाई मुझे थोड़ा पानी दे दो ताकि मैं इन गर्मियों को गुजार सकूं।" कैक्टस ने गुलाब की मदद करना स्वीकार कर लिया, जैसे पहले कभी कुछ हुआ ही न हो। एक दोस्त की तरह कैक्टस ने पूरी गर्मियों गुलाब को पानी दिया, जिससे उसकी सुंदरता बनी रही। इसलिए किसी को कभी जज मत करो।

### तिथि विशेष

## शहीद खुदीराम बोस

11 अगस्त भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में एक भावुक और प्रेरणादायी दिन है। इसी दिन वर्ष 1908 में महान क्रांतिकारी खुदीराम बोस को अंग्रेजी हुकूमत ने फांसी दी थी। मात्र 18 वर्ष की उम्र में देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले खुदीराम बोस भारतीय युवाओं के साहस, देशभक्ति और त्याग के प्रतीक बन गए। खुदीराम बोस का जन्म 3 दिसंबर 1889 को बंगाल के मिदनापुर



जिले के बहुवैनी गांव में हुआ था। बचपन से ही उनके मन में देश के प्रति गहरा प्रेम था। उस समय भारत अंग्रेजी शासन की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था और स्वतंत्रता सेनानियों पर अत्याचार किए जा रहे थे। इन परिस्थितियों ने खुदीराम के मन में अंग्रेजी शासन के खिलाफ विद्रोह की भावना को मजबूत किया।

किशोरावस्था में ही वे क्रांतिकारी गतिविधियों से जुड़ गए। उन्होंने स्वदेशी आंदोलन में भाग लिया और विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार तथा देश की स्वतंत्रता के लिए लोगों को जागरूक किया। धीरे-धीरे वे ब्रिटिश शासन के खिलाफ सशस्त्र क्रांतिकारी गतिविधियों में भी शामिल हो गए। 1908 में खुदीराम बोस और प्रफुल्ल चाकी को मुजफ्फरपुर के तत्कालीन ब्रिटिश मजिस्ट्रेट डगलस किंग्सफोर्ड को निशाना बनाने का कार्य सौंपा गया। 30 अप्रैल 1908 को बम फेंका गया, दुर्भाग्य से जिस गाड़ी को निशाना बनाया गया था, उसमें किंग्सफोर्ड के बजाय दो यूरोपीय महिलाएं सवार थीं। अंग्रेजी सरकार ने व्यापक अभियान चलाया। खुदीराम बोस पकड़े गए और उन पर मुकदमा चलाया गया। अदालत ने उन्हें फांसी की सजा सुनाई। 11 अगस्त 1908 को मुजफ्फरपुर जेल में उन्हें फांसी दे दी गई। कहा जाता है कि उस समय उनकी उम्र महज 18 वर्ष से कुछ अधिक थी। इतनी कम उम्र में उनका अदम्य साहस और ए बलिदान भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की अमर गाथा बन गया।

### भारतीय साहित्य

# हृदय कपट बर बेष धरि



**शीतला प्रसाद दुबे**
(निवर्तमान कार्याध्यक्ष, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी)

> गोस्वामी तुलसीदास जी ने अपनी रचनाओं में अपने समय को तो उद्धृत किया ही है, साथ ही साथ कलिकाल की स्थिति और उसके प्रभाव को भी वर्णित किया है। उन्होंने दोहावली में लिखा है कि कलयुग में कपट पूर्ण आचरण की प्रधानता है। वे कहते हैं कि आजकल के मनुष्य उस मोर पक्षी के समान हैं, जो सुंदर वेशभूषा धारण करते हैं। बन- बनकर बहुत अच्छी तरह बातें प्रस्तुत करना उन्हें आता है, परंतु उनके हृदय में कपट भरा रहता है। ऐसे कपटी लोगों से हृदय खोलकर कैसे मिला जाए? आशय यह है कि जो लोग ऊपर-ऊपर श्रेष्ठतापूर्ण व्यवहार करते हैं, चिकनी चुपड़ी बातें बनाकर स्वयं को श्रेष्ठ प्रमाणित करते हैं, वे सहज प्रेम के आग्रही नहीं हैं। उनके हृदय में सरल-सहज प्रेम और विश्वास नहीं है। बाह्य शरीर भले ही बहुत मनोहर और वाणी अत्यंत मधुर है, परंतु मयूर पक्षी की तरह उनका हृदय इतना कठोर होता है कि वे बड़े-बड़े जहरीले सांपों को भी निगल जाते हैं।

'हृदय कपट बर बेष धरि बचन कबहिं गढ़ि छोलि।
अब के लोग मयूर ज्यों, क्यों मिलिए मन खोलि।।'

गोस्वामी जी ने लिखा है कि प्रत्येक प्राणी का अपना स्वभाव होता है। वह किन्हीं विशेष परिस्थितियों में भले ही विशेष व्यवहार करें, लेकिन सामान्य रूप से अपने स्वभाव और संस्कार के अनुरूप ही व्यवहार करता है। यदि ऐसा कुटिल व्यक्ति किसी सरल हृदय से मिलने का उपक्रम भी करता है, तो यह समझ लेना चाहिए कि उसका कोई न कोई स्वार्थ इसके पीछे छुपा हुआ है। जिस तरह से कोई सांप टेढ़ी चाल चलता हुआ अपने बिल में प्रवेश नहीं कर सकता। उसे सीधा होना पड़ता है, लेकिन इतने से ही उसके व्यवहार में सीधापन नहीं आ जाता। उसकी स्वाभाविक टेढ़ी चाल उसमें अवस्थित रहती है।

'मिलै जो सरलहिं सरल ह्वै, कुटिल न सहज बिहाइ।
सो सहेतु ज्यों बक्र गति ब्याल न बिलहिं समाई।।'

गोस्वामी जी ने अपने एक दोहे में स्पष्ट किया है कि किसी सरल-सहज सज्जन व्यक्ति के लिए असत्य विष की तरह और दुष्ट प्रकृति के व्यक्ति हेतु सत्य विष की तरह होता है। सज्जन व्यक्ति, असत्य को देखकर और दुर्जन सत्य को स्पर्श करते ही उससे वैसे ही दूर हो जाते हैं, जैसे अग्नि की आंच लगते ही पारा उड़ जाता है।

'मिथ्या माहुर सज्जनहि खलहि गरल सम सांच।
तुलसी छुअत पराइ ज्यों पारद पावक आंच।।'

मनुष्य अपने स्वभाव से ही पहचाना जाता है। निकृष्ट व्यक्ति, दूसरों की बुराई, कलुषता, ईर्ष्या आदि से ग्रंथित होकर दूसरों को भी कष्ट देता है, और स्वयं भी उससे पीड़ित रहता है। तुलसीदास ने कहा है कि जिस तरह अमृत और विष दोनों ही अपने स्वभाव -प्रभाव से शोभनीय माने जाते हैं। अमृत इसलिए प्रशंसनीय होता है कि वह दूसरों को अमरत्व प्रदान करता है, विष इसलिए सराहनीय कहा जाता है कि उसके संपर्क में आने से सहज ही मृत्यु सुनिश्चित हो जाती है। ठीक इसी तरह श्रेष्ठ जन, जिनसे जुड़ते हैं उन्हें भला और निकृष्ट जिनके संपर्क में आते हैं, उन्हें भी अपने जैसा ही बना देते हैं। दोहावली में गोस्वामी जी कहते हैं -

'भलो भलाइहि पै लहइ लहइ निचाइहि नीच।
सुधा सराइहि अमरता गरल सराइहि मीचु।।'

तुलसीदास जी कहते हैं कि भंवरा और लकड़हारा दोनों ही वृक्षों के सहारे अपना जीवन यापन करते हैं। भ्रमर, वृक्ष के फूलों का रस पीते हुए भी उसे किसी तरह की क्षति नहीं पहुंचाता, लेकिन लकड़हारा, वृक्ष को काट कर अपनी आजीविका चलाता है। यह सद्बुद्धि और दुर्बुद्धि की बात है। गोस्वामी जी ने विधि-निषेध का औचित्य निरूपित करते हुए कहा है कि जिस तरह गंगा जी में स्नान करने और कर्मनाशा में स्नान न करने का प्रावधान किया गया है, ठीक उसी तरह सच्चरित्र सज्जन व्यक्ति से आत्मीयता और दुर्जन से दूरी बनाए रखना उचित माना गया है। यही जीवन का विधि-निषेध (क्या करें और क्या न करें) है। वे लिखते हैं -

'सुजन कहत भल पोच पथ पापि न परखइ भेद।
करमनास सुरसरित मिस बिधि निषेध बद बेद।।'

उनके अनुसार इस समाज में हर प्रकार के भाव और व्यक्ति रहते हैं। अपने-अपने व्यवहार के अनुरूप ही भावों को जीवन में उतारने की प्रवृत्ति बलवती होती है। सज्जन व्यक्ति जहां पुण्य, प्रेम, प्रतिष्ठा, प्राप्ति (लौकिक लाभ) और परमार्थ के पथ का अनुगामी होता है, वहीं दुर्जन, इस पथ के विपरीत मार्ग पर चलता है। दोनों ही अपने व्यवहार को उचित ही मानते हैं।

'पुन्य प्रीति पति प्रापतिउ परमारथ पथ पांच।
लहहिं सुजन परिहरहिं खल सुनहु सिखावन सांच।।'

इन्हीं दुर्जनों के लिए तुलसीदास जी ने 'मिलत एक दारुन दुख दीन्हा ' कहा है। तुलसीदास जी ने सज्जन और दुर्जन व्यक्तियों के व्यवहार का वर्णन करते हुए हमें यह सीख दी है कि व्यक्ति के आचरण को देखते हुए विधि-निषेध पूर्वक व्यवहार करना चाहिए।

### वायरल

## मंगल पर एलियंस खोजने में मदद करेगी सिरके जैसे पानी वाली नदी

दक्षिण-पश्चिमी स्पेन में रियो टिंटो करीब 50 किलोमीटर तक बहने वाली नदी है। इसका पानी गहरे लाल और नारंगी रंग में नजर आता है। लेकिन इसका रंग किसी केमिकल डाई या हाल की प्रदूषण की वजह से नहीं है। इसके पीछे करोड़ों साल पुरानी भूगर्भीय कहानी, खास तरह के सूक्ष्मजीवों और हजारों वर्षों से चली आ रही खनन गतिविधियां जिम्मेदार हैं।



रियो टिंटो ऐसे इलाके से होकर गुजरती है, जहां कभी बड़े पैमाने पर ज्वालामुखी गतिविधियां हुआ करती थीं। यहां जमीन के नीचे सल्फाइड से भरपूर खनिजों के विशाल भंडार मौजूद हैं। जब बारिश या भूजल इन खनिजों तक पहुंचता है और उनका संपर्क हवा में मौजूद ऑक्सीजन से होता है, तो कई तरह की रासायनिक प्रतिक्रियां शुरू हो जाती हैं। इन प्रक्रियाओं के कारण लोहे और सल्फर के यौगिक पानी में घुलने लगते हैं और नदी का पानी बेहद अम्लीय यानी खट्टा हो जाता है। इस पूरी प्रक्रिया में नदी के अंदर रहने वाले कुछ खास बैक्टीरिया भी बड़ी भूमिका निभाते हैं। ये सूक्ष्म जीव लोहे और सल्फर के यौगिकों को ऑक्सीडाइज करते हैं।




### X का एक्सरे

दोनों सदनों के कामकाज में बाधा के लिए सरकार जिम्मेदार है। विपक्ष बहस चाहता है, लेकिन सरकार इस मुद्दे पर जवाब नहीं दे रही। सरकार छात्रों और युवाओं की समस्याओं का समाधान नहीं करना चाहती। सदन में जवाब देने के बजाय प्रधानमंत्री रात में इंस्टाग्राम पर रील बना रहे हैं।



**मल्लिकार्जुन खरगे**

छात्रों पर पैलेट गन, कील लगी लाठियां और आंसू गैस के गोले दागे गए, जबकि वे शांतिपूर्वक अपने भविष्य को लेकर सवाल पूछ रहे थे। महिला प्रदर्शनकारियों को पुलिसकर्मियों ने पीटा। कई महिलाओं के निजी अंगों पर चोटें आईं। नाबालिगों की हड्डियां टूट गईं।



**राहुल गांधी**

जब भी मैं यात्रा करता हूं, अपने साथ इहराम रखता हूं, जो मेरा कफन है। मैं तो कहता हूं कि मैं जहां भी मर जाऊं मुझे वहीं गाड़ देना। मैं जानता हूं, मैं आप सब से प्यार करता हूं। लेकिन एक दिन मुझे जाना ही है। मैं आपको इसके लिए तैयार नहीं कर रहा हूं, लेकिन मैं खुद इसके लिए तैयार हूं।



**लकी अली**

वर्ष 2023 में मुझे मुख्य कोच बनना था। निजी कारणों से मैं यह जिम्मेदारी नहीं ले सका। मैं जय शाह से दो बार जाकर मिला और उन्होंने मेरी परिस्थितियों को समझा। इसके बाद राहुल द्रविड़ का कार्यकाल आगे बढ़ाया गया और उन्होंने 2024 टी20 विश्व कप तक टीम की कमान संभाली।



**वीवीएस लक्ष्मण**

### एक नजर

### ट्रैक्टर की टक्कर से डिलीवरी ब्वाय की मौत

**लखनऊ (एजेंसी)।** रायबरेली रोड स्थित वृंदावन कॉलोनी सेक्टर-12 में सोमवार रात तेज रफ्तार ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक सवार डिलीवरी ब्वाय को टक्कर मार दी। हादसे में घायल 21 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्राली समेत मौके से फरार हो गया।पुलिस के अनुसार, मोहनलालगंज के मेरख नगर निवासी नितिन चौरसिया सोमवार रात करीब सवा दस बजे बाइक से डिलीवरी देने जा रहे थे। इसी दौरान सामने से गलत दिशा (रॉन्ग साइड) से आ रही ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि नितिन का सिर ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आ गया। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से उन्हें ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# एकलव्य विद्यालय की अव्यवस्थाओं पर सत्ता और विपक्ष आमने-सामने

## ढांचा खड़ा करने से नहीं विद्यालय की अव्यवस्था को देखना भी सरकार का दाईत्व : विधायक राणा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** एकलव्य विद्यालय में व्याप्त अनियमिताओं के मामले में सत्ता व विपक्ष दल आमने-सामने खड़े दिखे। बीते रोज अध्ययन रत छात्रों की शिकायत पर एकलव्य विद्यालय कैंपस पर छात्रों एवं उनके अभिभावकों ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान किये प्रदर्शन व नारेबाजी को लेकर नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा व सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह राणा मौके पर पहुंचे। इस बीच सत्ता व विपक्ष की टीमें ने जमकर एक दूसरे पर तंज कसते व नारेबाजी करते देखे गए। एकलव्य विद्यालय के छात्र व उनके अभिभावकों की शिकायत पर भाजपा नेता रंदीप पोखरिया ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर वार्ता कर विद्यालय की अव्यवस्था एवं अनियमिताओं की जानकारी दी।

### विधायक होने के नाते अव्यवस्था सुधारने व जरूरतों को पूरा करना जरूरी : सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र राणा

छात्र व उनके अभिभावकों की मांग के अनुरूप विद्यालय के प्राचार्या भारती यादव को हटाकर जनजाति कल्याण अधिकारी कार्यालय से अटैच कर दिया। यहां की निगरानी के लिए एक कमेटी गठित करने का निर्देश दिया। सीएम पुष्कर सिंह धामी द्वारा तत्काल प्रधानाचार्य को हटाए जाने पर छात्र एवं उनके अभिभावकों ने भाजपा नेता पोखरिया तथा दर्जा राज्य मंत्री मोहिनी पोखरिया के साथ सीएम के जयकारे लगाए। मौके पर पहुंचे नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा ने कहा कि सरकार द्वारा



विद्यालय में मौजूद छात्र-छात्राएं एवं आमने-सामने जनप्रतिनिधि। -जागरण मोर्चा



विद्यालय में प्राप्त खराब गुड़ व एक्सपायर चावल।

इतना बड़ा ढांचा तो खड़ा कर दिया लेकिन अध्यनरत छात्रों को भरपूर सुविधा नहीं दी हैं। उन्होंने कहा कि एकलव्य विद्यालय में अध्यनरत जनजाति को बच्चों को एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री भोजन में दी जा रही हैं। इस विद्यालय में अच्छी मेरिट वाले जनजाति परिवारों के बच्चे पढ़ने आते हैं लेकिन उनकी परवरिश में खांसी कोताही बरती जा रही है। पीने को स्वच्छ पानी, भीषण गर्मी से बचने के लिए बिजली गुल रहने पर वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है, गंदे शौचालय स्वच्छता के अभाव में बच्चों को वमुश्किल पढ़ाई करनी पड़ रही है। विद्यालय कैंपस में बेहद गंदगी तथा झाड़ झंकार के बीच विषैले कीड़े मकोड़ों का हमेशा भय बना रहता है। सरकार व उसके सहयोगी समस्या के समाधान के बजाय राजनीति करते हैं। विधायक राणा ने कहा कि उनके द्वारा बच्चों के लिए फर्नीचर व ओपन जिम की व्यवस्था की गई है।

इस दौरान सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह राणा ने कहा कि देश के नौनिहालों के हित में कुछ कार्य विपक्ष को भी करने चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि विधायक होने के नाते आपके द्वारा इन बच्चों के हित में क्या किया गया। विद्यालय की तरफ कभी पलट कर देखा तक नहीं जाता है। फिलहाल इस दौरान सत्ता व पक्ष के बीच तनातनी आरोप प्रत्यारोप का माहौल बना रहा। सांसद प्रतिनिधि रविंद्र राणा एवं पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने विद्यालय में शुद्ध जलापूर्ति हेतु जल संस्थान के अधिकारियों से वार्ता की। उन्होंने समुचित प्रकाश व्यवस्था के लिए जिलाधिकारी के माध्यम से सौर ऊर्जा की व्यवस्था की जा रही है। जिससे आरओ एवं बच्चों के पंखे चलाए जा सकें। इस गहमा-गहमी के बाद सभी अलर्ट मोड़ पर हैं। नगर पालिका की कूड़ा उठाने वाली गाड़ी भी यहां नियमित रूप से भेजने का निर्णय लिया।

### एकलव्य विद्यालय के छात्रों की शिकायतें जायज : तहसीलदार सजवाण

**खटीमा।** एकलव्य विद्यालय के छात्रों की दिक्कतों का तहसीलदार वीरेन्द्र सिंह सजवाण ने भी संज्ञान लिया। उन्होंने बताया कि विद्यालय के अध्यनरत छात्रों एवं उनके अभिभावकों की शिकायत वाजिफ है। इसी का संज्ञान लेते हुए उच्चाधिकारियों ने प्राचार्य को अन्य शिफ्ट किया गया है। अजंता छात्रों को उचित सुविधा मोहिया करवाई जा रही हैं।

# ग्राम सुरक्षा समितियों को सशक्त बनाएगा मंच

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा, सामाजिक एकजुटता और जन-जागरण को मजबूत करने के उद्देश्य से सीमा जागरण मंच ने सीमावर्ती खंडों और गांवों में ग्राम सुरक्षा समितियों को सशक्त एवं प्रभावी बनाने का संकल्प लिया। मंगलवार को नगला तराई में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को सीमा सुरक्षा से जुड़े कार्यों से जोड़ने और गांवों में सामूहिक सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया गया। प्रदेश संगठन मंत्री आशीष वाजपेयी ने कहा कि गांवों में खेलकूद, मंदिरों और सामूहिक आयोजनों के माध्यम से ग्रामीणों को एकजुट किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध घुसपैठ, पहचान छिपाकर नशे की तस्करी और अन्य सामाजिक चुनौतियों को



कार्यक्रम में मौजूद सीमा जागरण मंच के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

लेकर समाज को सजग रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ग्राम सुरक्षा समितियों के माध्यम से गांव-गांव में जन-जागरण गोष्ठियां आयोजित की जानी चाहिए। ग्रामीणों को अपने क्षेत्र की गतिविधियों के प्रति जागरूक करते हुए संदिग्ध गतिविधियों की सूचना संबंधित प्रशासन को देने के लिए प्रेरित किया जाए। वाजपेयी ने गांवों के सांस्कृतिक मूल्यों, परंपराओं और महापुरुषों के जीवन-संघर्ष से युवाओं को परिचित कराने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक चेतना के माध्यम से सीमावर्ती गांवों को मजबूत बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में ऊधम सिंह नगर जनपद के महामंत्री अमित सिंह बिष्ट, भूपाल सिंह, बिरजन, दीपू मेहरा, रामदरश, बीडीसी सदस्य समकेशी, रिंकू राणा, शिक्षा राणा समेत अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# संसद हंगामे पर बसपा प्रमुख मायावती का प्रहार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ (एजेंसी)।** बसपा प्रमुख मायावती ने मंगलवार को बीजेपी और विपक्षी पार्टियों की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि ये पार्टियां मॉनसून सत्र के दौरान संसद की कार्यवाही में बाधा डाल रही हैं ताकि केंद्र और राज्य सरकारों की कमियों से लोगों का ध्यान भटकाया जा सके।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में BSP प्रमुख ने कहा कि उनकी पार्टी देश के युवाओं, यानी 'जेन Z' के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि उनका विरोध सीधे तौर पर छात्रों और उनके माता-पिता की समस्याओं से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि BSP इन मुद्दों का समाधान खोजने की पूरी कोशिश कर रही है। BSP

### कहा- कमियां छिपाने के लिए सत्ता और विपक्ष में अंदरूनी समझौता

प्रमुख मायावती ने कहा जैसा कि सभी जानते हैं, कुछ समय से सत्ता पक्ष और विपक्ष (BJP, कांग्रेस और अन्य) किसी न किसी मुद्दे पर संसद में बाधा डाल रहे हैं और जनहित के अहम मुद्दों से लोगों का ध्यान भटका रहे हैं। हो सकता है कि केंद्र और राज्यों में अपनी सरकारों की कमियों से लोगों का ध्यान हटाने के लिए उनके बीच कोई अंदरूनी समझौता हो, या फिर इन मुद्दों पर बात करने से बचने के लिए कोई साजिश हो। देश के लोग साफ देख सकते हैं कि क्या हो रहा है। अब देश के युवा, यानी 'जेन Z', अपनी कई समस्याओं को लेकर बहुत परेशान और चिंतित हैं।

# हिंद पब्लिक स्कूल के 7 छात्र चयनित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के तहत हिंद पब्लिक स्कूल के सात विद्यार्थियों का जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। विद्यालय के अनुसार चयनित विद्यार्थियों ने ब्लॉक स्तर पर आयोजित मोटर फिटनेस टेस्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया था। चयनित विद्यार्थियों में मयंक कुंवर, निर्भय सागर, नियासा राणा, अंशिका सोनी, मोहम्मद ईशान, दिव्यांशु भट्ट और इंदु चंद शामिल हैं। सभी चयनित खिलाड़ी 12 से 14 अगस्त तक रुद्रपुर स्थित मनोज सरकार स्टेडियम में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। विद्यालय प्रबंधक नीरज कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने



प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना में चयनित विद्यार्थी एवं शिक्षक। -जागरण मोर्चा

कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत और लगन से विद्यालय का गौरव बढ़ा है। विद्यालय की प्रशासिका मंजू खन्ना, प्रधानाचार्य भुवन चंद्र जोशी और उपप्रधानाचार्या पूजा जोशी समेत शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर नीमा कन्याल, उपासना बिष्ट, रेनू सिंह, रोली सक्सेना, डिक्सी बेस्टियन, रंजीत मेहरा, विष्णु भास्कर त्रिपाठी, पुष्पा धामी, ब्रजेश कुमार, विपिन चंद्र गहतोड़ी, गीता कन्याल, योगेश गुप्ता, पूनम गुम्बर, पूजा गुलाटी, ममता बिष्ट, शशि कश्यप, दीपा नेगी, पायल जोशी, चंद्रप्रभा, पूजा पांडे, कविता बिष्ट, निकिता राय, विनीता पाठक, रोहित सिंह, नीतू कन्याल, प्रिया भट्ट, हिमांशु भट्ट, राधिका कुंवर, श्वेता नेगी, रूबी खान, ईश्वरी जोशी, योगिता पांडे, इफ्त यासमीन, श्वेता सिंह, लता जोशी आदि मौजूद रहे।

# एकलव्य विद्यालय और हॉस्टल का किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय खटीमा में एक्सपायरी खाद्य सामग्री एवं विद्यालय की तमाम अव्यवस्थाओं को लेकर बीते रोज जहां दिन भर हंगामा रहा, वही छात्र- छात्राओं के द्वारा जमकर धरना एवं विरोध प्रदर्शन किया गया था। वही मंगलवार को विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और छात्रावास की व्यवस्थाओं को लेकर जिला समाज कल्याण अधिकारी ने एकलव्य आवासीय विद्यालय एवं हॉस्टल का निरीक्षण किया, इस मौके पर उनके साथ सांसद एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रविन्द्र राणा तथा पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी मौजूद रहे। अधिकारियों के निरीक्षण से विद्यालय प्रबंधन में भी सक्रियता दिखाई दी और विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी



एकलव्य आवासीय आदर्श विद्यालय में स्वच्छता को देखते हुए डस्टबिन वितरित किए गए।

से जायजा लिया गया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यालय परिसर, कक्षाओं और छात्रावास की व्यवस्थाओं को देखा तथा विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों के लिए साफ-सफाई, भोजन, पेयजल, रहने की व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का भी जायजा लिया गया।इस दौरान स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विद्यालय में डस्टबिन का वितरण किया गया। अधिकारियों ने कहा कि शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई के साथ-साथ स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाए रखना भी बेहद जरूरी है। विद्यार्थियों को कूड़ा इधर-उधर न फेंकने तथा निर्धारित स्थान पर ही कूड़ा डालने के लिए प्रेरित किया गया। पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा के साथ

### व्यवस्थाओं का लिया जायजा, स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए वितरित किए डस्टबिन

स्वस्थ वातावरण भी आवश्यक है। विद्यालय परिसर को साफ-सुथरा रखने में विद्यार्थियों और स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी से स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। वहीं जिला समाज कल्याण अधिकारी ने विद्यालय प्रबंधन से विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी लेते हुए व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने पर जोर दिया। वहीं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रविंद्र सिंह राणा ने भी विद्यालय और हॉस्टल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक सहयोग का भरोसा दिलाया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रबंधन एवं संबंधित कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# थारू राणा परिषद की बैठक शीघ्र होगी निगरानी समिति गठित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** राणा थारु परिषद की बैठक में एकलव्य विद्यालय में लगातार दूसरी बार हुई अनियमिताओं को लेकर आयोजित बैठक में खासी गहमा-गहमी रही। परिषद के संरक्षक नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा, परिषद अध्यक्ष दान सिंह राणा (मम्मा), सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह राणा एवं परिषद के विधि सलाहकार पूनम राणा, व्याम सिंह राणा आदि ने गहन विचार विमर्श के बाद एक टीम गठित करने का निर्णय लिया। यह टीम थारू जनजाति से सरोकार रखने वाली सभी सरकारी, अर्द्ध सरकारी विभागों के कार्यों की निगरानी रखेंगी।

थारु विकास भवन के कार्यालय में परिषद अध्यक्ष दान सिंह राणा मम्मा की अध्यक्षता में संरक्षक



थारू राणा परिषद की बैठक में मौजूद पदाधिकारी शीघ्र होगी निगरानी समिति गठित।

विधायक गोपाल सिंह राणा की देखरेख में हुई बैठक में वक्ताओं ने थारू समाज के प्रति आम जनता, सरकारी, अर्द्ध सरकारी विभागों एवं राजनैतिक दलों की भूमिका को चिंताजनक बताया। वक्ताओं ने राणा थारु परिषद को गैर राजनीतिक संगठन बताते हुए इसमें राजनैतिक दलों के हस्तक्षेप पर चिंता व्यक्त की और कहां कि थारु समाज राजनैतिक दलों की भीड़ जुटाने का माध्यम नहीं , बल्कि राष्ट्र की मुख्य धारा से जुड़ने वाला समुदाय है। वक्ताओं ने कहा कि एकलव्य विद्यालय, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, कन्या राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संचालन संबंधित खामियां समय-समय पर उजागर होती हैं। वक्ताओं गत वर्ष एकलव्य विद्यालय में छात्राओं से

### एकलव्य विद्यालय सहित अन्य संस्थाओं पर अनियमिताओं का आरोप

हुई छेड़-छाड़ का मामला उठाया और कहा कि तमाम समस्याओं के बाद भी इन संस्थाओं द्वारा नेक नीयति से कार्य नहीं किया जाता है। बैठक में एकलव्य विद्यालय की भोजन व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, स्वास्थ्य उपचार, साफ सफाई, प्रदूषित जल के सेवन, विद्यालय परिषद का बना जंगल के स्वरूप पर गहनता से चर्चा की। बैठक में ओपी राणा उपाध्यक्ष, दिनेश राणा सचिव, शमशेरवती, मूलिया देवी, मिथिलेश राणा, गौरव राणा, दीपक राणा, जवाहर सिंह राणा, मनीष राणा, ग्राम प्रधान लक्ष्मण सिंह राणा, मोहित राणा, विकास राणा, अनुज राणा आदि ने महत्वपूर्ण सुझाव रखें।

# खटीमा में वाहन चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, 8 बाइक बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना खटीमा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। झनकट चौकी पुलिस ने चेकिंग के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो किशोरों को पकड़ा। पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर ओकलैण्ड होटल से करीब 500 मीटर आगे आम की बगिया में झाड़ियों के बीच छिपाकर रखी गईं सात अन्य चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। पुलिस ने कुल आठ बाइक कब्जे में लेकर वाहन चोरी की अन्य घटनाओं से इनके संबंध की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, 10 अगस्त को चौकी झनकट की टीम क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दोनों बालक मोटरसाइकिल




बरामद वाहनों के साथ मौजूद पुलिस। -जागरण मोर्चा

संख्या UP23AE1186 के साथ पकड़े गए। जांच में यह मोटरसाइकिल थाना खटीमा के मुकदमा अपराध संख्या 224/2025, धारा 303(2) बीएनएस से संबंधित चोरी का वाहन निकली। पूछताछ में बालकों ने पूर्व में चोरी की गई अन्य मोटरसाइकिलों को आम की बगिया में छिपाकर रखने की जानकारी दी। पुलिस टीम ने उनकी निशानदेही पर मौके से सात अन्य बाइक बरामद कर लीं। इनमें 7 अगस्त को पुलिस द्वारा पकड़ी गई मोटरसाइकिल UK06BN-6698 भी शामिल है। पुलिस के मुताबिक, बरामद कई वाहनों की नंबर प्लेट हटाकर या तोड़कर पहचान छिपाने का प्रयास किया गया था। वाहनों के वास्तविक स्वामियों की जानकारी जुटाने के साथ ही अन्य थानों में दर्ज वाहन चोरी के मामलों से भी इनका मिलान किया जा रहा है। मामले में धारा 317(2)/3(5) बीएनएस की वृद्धि की गई है। दोनों बालकों के संबंध में किशोर न्याय प्रावधानों के तहत बाल-अनुकूल प्रक्रिया अपनाई गई। उन्हें परिजनों की अभिरक्षा में दिया गया है और 11 अगस्त को किशोर न्याय बोर्ड, ऊधम सिंह नगर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। उनकी पहचान

### दो किशोर पकड़े गए, आम की बगिया में झाड़ियों के बीच छिपाकर रखी थीं सात चोरी की मोटरसाइकिलें

सार्वजनिक नहीं की गई है। वहीं थाना खटीमा पुलिस ने आमजन से अपने वाहनों को सुरक्षित स्थान पर खड़ा करने, लॉक करने में सावधानी बरतने तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक विजेन्द्र शाह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक केसी आर्या, उपनिरीक्षक अशोक काण्डपाल, विवेचक भुवन चन्द्र गहतौड़ी, कांस्टेबल नवीन रजवार, देवेन्द्र सिंह तथा पीआरडी बीरेन्द्र सिंह शामिल रहे।

# नोजगे पब्लिक स्कूल के छात्र राहुल पोखरिया ने बढ़ाया विद्यालय का मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** नोजगे पब्लिक स्कूल (हैप्पी) के पूर्व छात्र राहुल पोखरिया (बैच 2015-16, कक्षा 12) ने अपनी उत्कृष्ट उपलब्धियों से विद्यालय का नाम रोशन किया।

राहुल पोखरिया ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एन0 आई0 टी0), तिरुचिरापल्ली, तमिलनाडु से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में एम.टेक की डिग्री 8.74 ग्रेड के साथ सफलतापूर्वक पूर्ण की। अपनी उच्च तकनीकी दक्षता और परिश्रम के बल पर उन्होंने हाल ही में नासा के विक्रम-I लॉन्च टीम में सहभागिता कर देश और विद्यालय दोनों का गौरव बढ़ाया है। वर्तमान में राहुल हैदराबाद



छात्र राहुल पोखरिया।

स्थित स्काई रूट कंपनी में कार्यरत हैं, जहाँ वे अपने क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

राहुल के माता-पिता ने भी इस सफलता पर अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय द्वारा प्रदान की गई शिक्षा, अनुशासन एवं मार्गदर्शन की प्रशंसा की। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इसी मजबूत शैक्षिक आधार ने राहुल को इस मुकाम तक पहुँचने में सहायता प्रदान की। विद्यालय की प्रबन्ध निदेशिका सुरेन्द्र कौर (हैप्पी मैम) तथा प्रधानाचार्य हेम चन्द्र पंत ने राहुल की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने राहुल के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे होनहार छात्र ही विद्यालय की असली पहचान होते हैं। विद्यालय परिवार ने राहुल पोखरिया को उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।







## एक नजर

### देवर ने भाभी-भाई को पीटा, भाई का होंठ फटा, दांत टूटा

**पूरनपुर।** महिला ने देवर पर मारपीट करने व पति पर ईंट से हमला कर घायल करने का आरोप लगाकर पुलिस से शिकायत की, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। सेहरामऊ थाना गांव निवासी रोली देवी ने बताया कि उसका देवर आए दिन शराब पीकर गाली गलौच कर विवाद करता है। नौ अगस्त को देवर मुकेश कुमार शराब पीकर आया और गंदी गंदी गालियां देने लगा। उसने इसका विरोध किया तो उसको लात घूंसो से मारा पीटा। बचाने आए पति राजीव कुमार को भी मारा पीटा। इसके बाद देवर ने उसके पति पर ईंट से हमला कर दिया। ईंट लगने से राजीव गंभीर रुप से घायल हो गया। ईंट से उसका एक दांत टूट गया और होठ फट गए।बमुश्किल लोगों ने विवाद को शांत कराया। महिला ने वताया कि पति का मेडिकल कराया गया था। लेकिन मामला परिवार का होने के चलते शिकायत दर्ज नही कराई थी।

# साहित्यिक पात्रों के किरदार में नजर आए विद्यार्थी, 'लिटरेटी' में दिखी रचनात्मक प्रतिभा

## बेन-हर पब्लिक स्कूल में अंग्रेजी साहित्य एवं भाषा प्रदर्शनी का आयोजन, शेक्सपियर से हैरी पॉटर तक की कृतियों को विद्यार्थियों ने आकर्षक अंदाज में किया प्रस्तुत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** बेन-हर पब्लिक स्कूल में अंग्रेजी भाषा और साहित्य को लेकर विद्यार्थियों की रचनात्मक सोच का अनूठा नजारा देखने को मिला। विद्यालय के अंग्रेजी क्लब की ओर से कक्षा छह से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए 'लिटरेटी—अंग्रेजी साहित्य एवं भाषा प्रदर्शनी' का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न साहित्यिक कृतियों, लेखकों और भाषा संबंधी विषयों को मॉडल, चार्ट, रचनात्मक लेखन और रोचक गतिविधियों के जरिए प्रस्तुत किया।

प्रदर्शनी का शुभारंभ विद्यालय की संस्थापिका रंजीत सैहमी ने फीता काटकर किया। उन्होंने प्रदर्शनी में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों से उनकी प्रस्तुतियों के बारे में जानकारी ली। बच्चों की



बेन-हर पब्लिक स्कूल में 'लिटरेटी' अंग्रेजी साहित्य एवं भाषा प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ करतीं विद्यालय की संस्थापिका रंजीत सैहमी। –जागरण मोर्चा





बेन-हर पब्लिक स्कूल में आयोजित साहित्य प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए मॉडल एवं प्रस्तुतियों का अवलोकन करते अभिभावक और आगंतुक। छात्रा प्रदर्शनी की जानकारी देती हुई। –जागरण मोर्चा

मेहनत और विषयों को प्रस्तुत करने के रचनात्मक अंदाज की उन्होंने सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ अपनी कल्पनाशक्ति और प्रतिभा को लगातार निखारने के लिए प्रेरित किया।

प्रदर्शनी में अंग्रेजी भाषा के विकास और साहित्य की विभिन्न विधाओं को अलग-अलग प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शाया गया। विलियम शेक्सपियर के नाटक, जे.के. रोलिंग की हैरी पॉटर श्रृंखला, रॉबर्ट फ्रॉस्ट, विलियम वड्र्सवर्थ, द जंगल बुक, अरेबियन नाइट्स, चार्ली एंड द चॉकलेट फैक्ट्री, ऑस्कर वाइल्ड की द कैंटरविल घोस्ट, द लैबर्नम टॉप, डिस्कवरिंग टट तथा जर्नी टू द एंड ऑफ द अर्थ जैसे विषयों पर विद्यार्थियों ने आकर्षक सामग्री तैयार की।

कार्यक्रम में साहित्यिक पात्रों, कवियों और प्रसिद्ध लेखकों की भूमिकाओं को विद्यार्थियों ने वेशभूषा के माध्यम से जीवंत किया। इससे प्रदर्शनी देखने पहुंचे लोगों की उत्सुकता बढ़ी। वहीं लघु पुस्तकालय, रचनात्मक लेखन, साहित्यिक चार्ट, उच्चारण अभ्यास, मुहावरे, जिह्वा-व्यायाम वाक्य, वर्तनी प्रतियोगिता और चित्र पहचान जैसी गतिविधियों ने भाषा सीखने को रोचक बना दिया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजन की तैयारियां की गईं। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. परविंदर सिंह और मैनेजिंग ट्रस्टी गुरदित्त सिंह सैहमी ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। एक्टिविटीज इंचार्ज रोशनी बग्गा के समन्वय में प्रदर्शनी की व्यवस्थाएं की गईं।

विद्यालय की सीनियर हेड मिस्ट्रेस निर्मला शर्मा, जूनियर हेड मिस्ट्रेस नेहा पांडेय, एग्जामिनेशन इंचार्ज मीतू शर्मा, एचआर एवं आईटी हेड विजय जायसवाल, प्राइमरी हेडमिस्ट्रेस रचना वाधवा तथा नर्सरी इंचार्ज मोहिनी उपाध्याय ने भी विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की। अंग्रेजी विभाग की शिक्षिकाओं मुक्ता पांडेय, अनु अग्रवाल, रोशनी बग्गा, निर्मला शर्मा, संस्कृति कश्यप, पूनम रानी, उला कुरैशी, वीना दुलवानी, आर्ची, जूही खानम, आस्था आनंद एवं हिना मुमताज़ ने विद्यार्थियों को प्रदर्शनी की तैयारियों में मार्गदर्शन दिया। प्रदर्शनी देखने पहुंचे अभिभावकों ने बच्चों द्वारा तैयार किए गए मॉडल, चार्ट और साहित्यिक प्रस्तुतियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उनकी अभिव्यक्ति क्षमता और रचनात्मक सोच को मजबूत करते हैं। साथ ही साहित्य एवं भाषा के विषयों को केवल पुस्तकों तक सीमित रखने के बजाय उन्हें गतिविधियों के माध्यम से समझने का अवसर मिलता है।

## तिरंगे की शान में सजेगा पीलीभीत, व्यापार मंडल ने 15 अगस्त की तैयारियों को दिया अंतिम रूप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** स्वतंत्रता दिवस के पर्व को उत्साह और राष्ट्रभक्ति के साथ मनाने के लिए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। संगठन की कोर कमेटी की बैठक में 15 अगस्त को होने वाले कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुबह नौ बजे प्रदेश मंत्री अश्विनी अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर ध्वजारोहण किया जाएगा।

बैठक के दौरान पदाधिकारियों ने स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को अधिक से अधिक लोगों से जोड़ने पर जोर दिया। संगठन की ओर से व्यापारियों और आम नागरिकों को अपने घरों तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। पदाधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व की गरिमा तभी बढ़ती है, जब समाज के हर वर्ग की इसमें सक्रिय भागीदारी हो।

व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि तिरंगा देश की स्वतंत्रता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। इसके प्रति सम्मान प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। संगठन का उद्देश्य है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पीलीभीत में राष्ट्रभक्ति का ऐसा वातावरण बने, जिसमें व्यापारी वर्ग के साथ आम नागरिक भी उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता दर्ज कराएं।

बैठक में जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल, संरक्षक संजीव मोहन अग्रवाल, जिला महामंत्री विनीत अग्रवाल, जिला महामंत्री अंकुर अग्रवाल, संजय अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष अजीम, जिला उपाध्यक्ष राशिद नूर, जिला उपाध्यक्ष आलोक बंसल, नगर उपाध्यक्ष करनदीप सिंह, युवा नगर महामंत्री निमित अग्रवाल, विशाल अग्रवाल समेत संगठन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 25 हजार का इंजेक्शन, फिर बिगड़ी हालत... बुजुर्ग महिला की मौत पर निजी अस्पताल में हंगामा

- परिजनों का आरोप समय पर नहीं मिला इलाज, इमरजेंसी के नाम पर पहले लिए 1200 रुपये

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** शहर के गांधी स्टेडियम रोड स्थित एक निजी अस्पताल में विगत दिवस सोमवार को उपचार के दौरान 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सकीय स्टाफ पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाकर किसी तरह शांत कराया। मामले को लेकर अस्पताल में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिलगवा निवासी 60 वर्षीय गंगा देवी पत्नी सुखी राम की सोमवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ गई। हालत खराब होने पर उनका पुत्र राजेश कुमार और पौत्र प्रमोद कुमार उन्हें थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के




गांधी स्टेडियम रोड स्थित एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल पहुंचने के बाद काफी देर तक महिला को समुचित उपचार नहीं मिला। दोपहर करीब तीन बजे तक महिला की हालत बिगड़ती रही। परिजनों के मुताबिक उन्होंने कई बार अस्पताल स्टाफ से मरीज को चिकित्सक को दिखाने का आग्रह किया। आरोप है कि इमरजेंसी में चिकित्सक को दिखाने के नाम पर उनसे 1200 रुपये जमा कराए गए। रुपये जमा करने के कुछ समय बाद चिकित्सक ने महिला की जांच की और उसकी हालत गंभीर बताते हुए करीब 25 हजार रुपये कीमत का इंजेक्शन मंगाने को कहा। परिजनों ने किसी तरह इंजेक्शन की व्यवस्था कराई और उसे महिला को लगवाया गया। परिजनों का आरोप है कि इंजेक्शन लगने के कुछ ही देर बाद गंगा देवी की हालत और ज्यादा बिगड़ गई। कुछ समय बाद महिला ने दम तोड़ दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजन आक्रोशित हो गए और अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने चिकित्सक व अस्पताल स्टाफ पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। हंगामे की सूचना मिलते ही थाना सुनगढ़ी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने परिजनों से बातचीत कर उन्हें शांत कराया। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। महिला की मौत वास्तव में किन परिस्थितियों में हुई, इसमें चिकित्सकीय लापरवाही थी या नहीं, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

## संक्षेप समाचार

### बाबा गुलेशन नाथ मंदिर पर सावन भर जारी रहेगी जलसेवा, कांवड़ियों को मिलेगी राहत

**बीसलपुर।** श्रावण मास में बाबा गुलेशन नाथ मंदिर पहुंचने वाले कांवड़ियों और शिवभक्तों की सुविधा को देखते हुए कला-ईश फाउंडेशन की ओर से शुरू की गई जलसेवा पूरे सावन माह जारी रखने का निर्णय लिया गया है। सावन के प्रथम सोमवार से मंदिर परिसर में लगाए गए सेवा शिविर के माध्यम से श्रद्धालुओं को नि:शुल्क शीतल पेयजल, ओआरएस सहित विश्राम की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। बड़ी संख्या में कांवड़िये और श्रद्धालु शिविर में पहुंचकर जल ग्रहण कर रहे हैं। 130 विधानसभा बीसलपुर की पूर्व प्रत्याशी दिव्या पी. गंगवार ने सेवा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि श्रावण मास में बाबा गुलेशन नाथ मंदिर आने वाले शिवभक्तों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए कला-ईश फाउंडेशन द्वारा सावन के प्रथम सोमवार से अंतिम सोमवार तक लगातार जलसेवा शिविर संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की सेवा करना पुण्य का कार्य है तथा संस्था पूरी निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारी निभा रही है। उन्होंने बताया कि सेवा शिविर में श्रद्धालुओं के लिए ठंडा पेयजल, ओआरएस तथा कुछ समय विश्राम करने की व्यवस्था की गई है। गर्मी और लंबी यात्रा के बीच यह सेवा कांवड़ियों के लिए काफी राहत पहुंचाने वाली साबित हो रही है। कला-ईश फाउंडेशन के संस्थापक चौधरी प्रदीप सिंह पटेल ने कहा कि संस्था की ओर से पिछले कई वर्षों से श्रावण मास में शिवभक्तों की सेवा की जा रही है। उन्होंने कहा कि बाबा गुलेशन नाथ की कृपा और श्रद्धालुओं के सहयोग से यह सेवा निरंतर आगे भी जारी रहेगी। संस्था का उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक सेवा और जनजागरूकता को भी बढ़ावा देना है। सेवा शिविर में कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए फाउंडेशन के कार्यकर्ता व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं। सावन के अंतिम सोमवार तक जलसेवा जारी रहने से मंदिर आने वाले शिवभक्तों को पूरे श्रावण मास में सुविधा मिलने की उम्मीद है।

## हर घर तिरंगा रैली में गूंजे देशभक्ति के नारे, माय भारत स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिला प्रशासन के तत्वावधान एवं मेरा युवा भारत, के समन्वय से मंगलवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने किया। कलेक्ट्रेट परिसर से शुरू हुई रैली नेहरू पार्क तक पहुंची। रैली में मेरा युवा भारत के स्वयंसेवकों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। स्वयंसेवकों की टीम का नेतृत्व जिला युवा अधिकारी शिवम शर्मा ने किया। हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए युवाओं ने पूरे मार्ग में देशभक्ति के नारे लगाए और लोगों को राष्ट्रध्वज के सम्मान तथा हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जागरूक किया।रैली के दौरान युवाओं में




राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला। स्वयंसेवकों ने नागरिकों से अपने घरों पर तिरंगा फहराने और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्र के प्रति गौरव एवं सम्मान की भावना प्रदर्शित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला प्रशासन एवं मेरा युवा भारत की ओर से युवाओं को राष्ट्र निर्माण, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक जिम्मेदारी में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया गया। तिरंगा रैली ने जिले में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया।

## 13 अगस्त को सड़कों पर दिखेगी किसानों की एकजुटता, ट्रैक्टर मार्च और तिरंगा यात्रा की तैयारियां तेज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने 13 अगस्त को प्रस्तावित ट्रैक्टर मार्च और तिरंगा यात्रा को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। मंगलवार को संगठन के पदाधिकारियों और किसानों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इसके बाद मंडी समिति स्थित किसान भवन में संगठन की बैठक हुई, जिसमें प्रस्तावित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रणनीति पर मंथन किया गया। बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि ट्रैक्टर मार्च और तिरंगा यात्रा के माध्यम से किसानों की एकजुटता के साथ ही देश की एकता एवं अखंडता का





संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम में अधिक से अधिक किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रवार जिम्मेदारियां तय की गईं। पदाधिकारियों से किसानों से संपर्क कर उन्हें कार्यक्रम की जानकारी देने और यात्रा को अनुशासित ढंग से संचालित कराने का आह्वान किया गया। मंडल अध्यक्ष बरेली सतविंदर सिंह कहलों ने कहा कि किसान अपनी मांगों और अधिकारों को लेकर संगठित हैं। 13 अगस्त का कार्यक्रम किसानों की सामूहिक शक्ति और राष्ट्र के प्रति सम्मान की भावना को प्रदर्शित करेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से शांतिपूर्ण ढंग से अधिक से अधिक किसानों को यात्रा से जोड़ने की अपील की। जिला अध्यक्ष गुरदीप सिंह गोगी के नेतृत्व में हुई बैठक में कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, किसानों की भागीदारी और अनुशासन बनाए रखने को लेकर भी चर्चा हुई। संगठन पदाधिकारियों ने ट्रैक्टर मार्च एवं तिरंगा यात्रा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने का संकल्प लिया। बैठक में प्रदेश सचिव वेद प्रकाश शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान, मंडल उपाध्यक्ष इलियास, जिला मीडिया प्रभारी गुरजीत सिंह वर्क, जिला महासचिव बलजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष दशरथ, जिला उपाध्यक्ष दिलशाद राजा, जिला उपाध्यक्ष मुन्नी साबिर, तहसील उपाध्यक्ष सदर हाजी डॉ. इसरार अहमद, जिला सचिव मुन्ना गौतम, जिला सचिव सोनू मदारी, जसराज सिंह, नानक सिंह, शहजाद, रमेश कुमार, नगर अध्यक्ष इजहार अहमद मंसूरी समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और किसान मौजूद रहे। बैठक का समापन 'जय जवान, जय किसान', 'भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) जिंदाबाद' और 'किसान एकता जिंदाबाद' के नारों के साथ हुआ।

अभियान

विकास भवन चौराहे से नेहरू पार्क तक निकली रैली, एसएसबी, एनसीसी, विद्यार्थी, स्वयं सहायता समूह और सामाजिक संगठनों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

## हर घर तिरंगा अभियान में गूंजा राष्ट्रभक्ति का जयघोष, शहर में निकली भव्य तिरंगा रैली

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत विशाल एवं भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। विकास भवन चौराहे से शुरू हुई रैली में हाथों में तिरंगा थामे लोगों ने देशभक्ति के नारों के साथ पूरे उत्साह और उमंग का प्रदर्शन किया। रैली का समापन नेहरू पार्क में हुआ। रैली का शुभारंभ वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ किया गया। जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक सुर्कीति माधव के संयुक्त नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, युवा और



आम नागरिक शामिल हुए।तिरंगा रैली विकास भवन चौराहे से रवाना होकर टनकपुर मार्ग से होते हुए नेहरू पार्क पहुंची। इस दौरान पूरा मार्ग देशभक्ति के नारों और तिरंगे से सराबोर नजर आया। रैली में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), एनसीसी कैडेट्स, विद्यार्थी, महिला स्वयं सहायता समूह, युवा कल्याण विभाग, सामाजिक संगठनों, विभिन्न संस्थाओं और नागरिकों के साथ नेकी की दीवार सामाजिक संस्था के सदस्यों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान लोगों को हर घर तिरंगा अभियान के उद्देश्य से अवगत कराते हुए अपने घरों, प्रतिष्ठानों और कार्यालयों पर सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज फहराने का संदेश दिया गया। साथ ही नागरिकों से राष्ट्र के प्रति सम्मान, कर्तव्य और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया गया। रैली के माध्यम से स्वच्छता, सामाजिक सौहार्द, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, कर्तव्य पालन और स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का संदेश भी दिया गया। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत तहसील, ब्लॉक और नगर पालिका क्षेत्रों में भी तिरंगा रैलियों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को और अधिक प्रगाढ़ करना तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद करना है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि 13 से 15 अगस्त तक अपने-अपने घरों, प्रतिष्ठानों और कार्यालयों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा अवश्य फहराएं।पुलिस अधीक्षक सुर्कीति माधव ने रैली में युवाओं और नागरिकों के अनुशासन एवं उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय पर्व को सभी लोग हर्षोल्लास, गरिमा और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं। कार्यक्रम में डीएफओ सामाजिक वानिकी, मुख्य विकास अधिकारी, एसएसबी कमांडेंट, नगर मजिस्ट्रेट, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, उपायुक्त स्वतः रोजगार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## सेवा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण का संदेश लेकर मनाया पंडित श्रीराम वाजपेयी दिवस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश, जनपद पीलीभीत के स्काउट भवन में सोमवार को भारतीय स्काउटिंग के जनक पंडित श्रीराम वाजपेयी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वज शिष्टाचार के साथ हुआ। इस दौरान स्काउट-गाइड आंदोलन के उद्देश्यों, अनुशासन, प्रशिक्षण, सेवा भावना और राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सचिव अनुपम शर्मा ने की। जिला आयुक्त स्काउट नरेश चंद्र शुक्ला, जिला आयुक्त गाइड सुमन देवी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट सचिन सक्सेना तथा जिला संगठन आयुक्त गाइड शालिनी पांडे



अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आईटी कॉर्डिनेटर अभिषेक प्रजापति ने किया।

अतिथियों ने स्काउट-गाइड के नियमों, प्रशिक्षण और अनुशासन के साथ समाजसेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में सेवा, सहयोग, नेतृत्व, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करने का माध्यम भी है।

इस अवसर पर उपस्थित स्काउट-गाइड को पंडित श्रीराम वाजपेयी के जीवन और भारतीय स्काउटिंग के क्षेत्र में उनके योगदान की जानकारी दी गई। उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने तथा समाज एवं राष्ट्र की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में स्काउट-गाइड की विभिन्न गतिविधियों और प्रशिक्षण को समाजसेवा से जोड़ने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उनकी भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि अनुशासित और सेवाभावी युवा ही देश को मजबूत दिशा प्रदान कर सकते हैं।






## एक नजर

### बंदर से टकराकर बाइक अनियंत्रित, एक ही परिवार के चार लोग घायल

**बीसलपुर।** दियोरिया कला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से दवा लेकर लौट रहे एक ही परिवार के चार लोग सड़क हादसे का शिकार हो गए। लभौआ नहर पुलिया के पास अचानक सामने बंदर आ जाने से बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे पति-पत्नी, साली और मासूम बच्चा घायल हो गए। दियोरिया कला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिंधौरा बिंदुआ निवासी अजीत कुमार अपनी पत्नी रूबी, साली मोनी और बेटे अभि के साथ सीएचसी दियोरिया कला से दवा लेकर वापस अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक लभौआ नहर पुलिया के पास पहुंची, तभी अचानक सड़क पर एक बंदर आ गया। बंदर को बचाने के चक्कर में अजीत बाइक पर से संतुलन खो बैठे और बाइक जोर से सड़क पर फिसल गई। हादसे में अजीत, उनकी पत्नी रूबी, साली मोनी और बेटा अभि गंभीर रूप से घायल हो गए।

# ससुरालियों से परेशान महिला टावर पर चढ़ी, आत्महत्या की कोशिश

## टावर पर गले में फंदा लगाकर जान देने की कोशिश, पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे, 4 घंटे बाद टावर से उतरी महिला

जागरण मोर्चा कार्यालय



टावर पर चढ़ी महिला पुलिस अधिकारियों से वार्ता करती हुई। -जागरण मोर्चा



मौके पर पहुंचे एसडीएम और पुलिस व लगी भीड़। -जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** दहेज उत्पीड़न का शिकार महिला को जब पुलिस कार्रवाई न्यायपूर्ण नहीं लगी तो वह बीसलपुर के मुहल्ला दुर्गा प्रसाद में स्थित टावर पर चढ़ गई। टावर पर चढ़कर महिला ने गले में टावर में दुपट्टा बांधकर गले में फंदा लगाकर जान देने का प्रयास किया। एसडीएम व प्रभारी निरीक्षक के अथक प्रयासों से 4 घंटे बाद वमुश्किल पीड़ित महिला टावर से नीचे उतरी। उसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए।

बीसलपुर के मोहल्ला पटेल नगर कॉलोनी निवासी स्वर्गीय पूरनलाल की पुत्री मनीषा की शादी 29 अप्रैल 2025 को बिलसंडा थाना क्षेत्र के गांव दियोरिया खुर्द के निवासी धर्मेंद्र के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिनों तक तो सब ठीक चलता रहा परंतु बाद में पति पत्नी के रिश्ते मे दरार पढ़नी शुरू हो गई। जनवरी 2025 में महिला ने अपने पति सास ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दहेज में 200000 की नगदी व सोने की चेन न देने पर ससुराल पक्ष द्वारा उत्पीड़न करने का आरोप लगाया गया था। महिला को ससुराल पक्ष ने घर से निकाल दिया था मुकदमा न्यायालय में बिचाराधीन चल रहा है। पिता की मृत्यु हो जाने के बाद महिला का अपने भाइयों से भी विवाद हो गया था उन्होंने उसे अपने घर में शरण देने से इनकार कर दिया था महिला नगर के मोहल्ला बख्तावर लाल में किराए के मकान में रहने लगी थी। महिला ने बताया कि 4 अगस्त को पति कमरे से बुलाकर अपने साथ घर ले गए थे कमरे पर रखा सारा सामान भी साथ ले गए थे। आरोप लगाया कि पति ने उसका जेवर व अन्य कीमती सामान छीन लिया कमरे में बंद कर कर पीटा, हत्या करने का भी प्रयास किया। वमुश्किल वह ससुराल से भाग कर आई। 2 दिन पूर्व बिलसंडा थाने में पति व उनके घर वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने पहुंची पुलिस ने उसे डांट कर भगा दिया।

ससुराल पक्ष के लोग लगातार मनीषा को प्रताड़ित कर रहे थे। पुलिस की ओर से न्यायपूर्ण कार्रवाई न होने पर मंगलवार को सुबह 8:30 बजे महिला मोहल्ला दुर्गा प्रसाद में स्थित मोबाइल टावर के ऊपर चढ़ गई और फंदे से लटककर जान देने के लिए दुपट्टा टावर में बांध दिया। सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स के साथ ही एसडीएम नागेंद्र पांडेय, प्रभारी निरीक्षक संजीव शुक्ला व तहसीलदार मौके पर पहुंच गए। 4 घंटे तक अथक प्रयास के बाद महिला टावर के नीचे उतरने को राजी हुई। परंतु गर्मी के कारण उसकी हालत बिगड़ने लगी और उसने नीचे उतरने में असमर्थता जताई। टावर के दो लाइन मैन रस्सी के सहारे टावर के ऊपर आखिरी पायदान पर बैठी महिला के पास पहुंचे और उसे सुरक्षित नीचे उतारा। लगभग 12:20 बजे पुलिस महिला को कोतवाली पुलिस लेकर गई। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में लोग उसे देखने के लिए मौके पर एकत्र हो गए।

### महिला को सुरक्षित उतारने का साहस नहीं कर पाया अग्निशमन दल

**बीसलपुर।** टावर के ऊपर चढ़ी महिला को सुरक्षित बचाने के लिए अग्निशमन दल की टीम मौके पर तो आई परंतु टीम ने टावर पर चढ़ने में असमर्थता जाता दी। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी भी टावर पर चढ़ने का साहस नहीं कर पाए। अंत में बिजली की रिपेयरिंग करने वाले दो लाइनमैन बुलाए गए और उन्होंने ही साहस कर टावर के सबसे ऊपर तख्ते पर बैठी महिला को सुरक्षित नीचे उतारने में उसकी मदद की।

### महिला की हालत बिगड़ी

4 घंटे तक प्रचंड धूप में टावर के ऊपर खड़ी रहने वाली महिला मनीषा की हालत बिगड़ गई। उसे पुलिस पहले अपने साथ लेकर कोतवाली गई बाद में उसे मोहल्ला बख्तावर लाल में उसकी परिचित महिला के पास भेज दिया गया। शरीर में पानी की कमी हो जाने के कारण मनीषा को चक्कर आने लगे और वह मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर नहीं दे पाई। महिला ने बताया कि शाम को पति सास ससुर देवर और नंद के खिलाफ उसकी कीमती सामान छीन लेने कमरे में बंद करके पिटाई करने व हत्या का प्रयास करने का मुकदमा दर्ज कराएगी। प्रभारी निरीक्षक संजीव शुक्ला ने बताया कि इस मामले में अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा।

# विधायक ने रविदास जी की प्रतिमा पर की पुष्पांजलि अर्पित

जागरण मोर्चा कार्यालय



सिर पर कलश रखे विधायक बाबूराम पासवान। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के पावन उपलक्ष्य में समरसता संकल्प अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर के ग्राम बुधेली से 'कलश वंदन यात्रा' के शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पूरनपुर भाजपा विधायक वावूराम पासबान पहुंचे, श्रद्धा, भक्ति, आस्था और सामाजिक समरसता के संदेश से ओत-प्रोत इस पावन यात्रा का हिस्सा बनकर मन हर्ष, गौरव और कृतज्ञता से भर उठा। उन्होने कहा कि यह केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि संत रविदास जी के उस महान विचार और संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प है। जिसमें समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए समान सम्मान, समान अवसर और भाईचारे की भावना निहित है। यह यात्रा ग्राम बुधेली से प्रारंभ होकर सपहा, चतीपुर, हरिपुर किशनपुर, सुल्तानपुर, पिपरा मुजप्ता सहित विभिन्न ग्रामों में पहुँचेगी और लोगों को संत रविदास जी के विचारों एवं उनके समरस समाज के संकल्प से जोड़ने का कार्य करेगी। कार्यक्रम के दौरान परम पूज्य संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर कोटि-कोटि नमन कर उनके चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# भारत माता के जयकारों से गूंजा क्षेत्र, निकाली तिरंगा यात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय



तिरंगा यात्रा में मौजूद विधायक बाबूराम पासवान। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत पूरनपुर विधानसभा के सुल्तानपुर मंडल क्षेत्र में सोमवार को ग्राम जहूरगंज से विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे भाजपा विधायक वावूराम पासबान के नेतृत्व में हाथों में तिरंगा लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण और भाजपा कार्यकर्ता यात्रा में शामिल हुए।

यात्रा के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। तिरंगा यात्रा का आयोजन मंडल अध्यक्ष मनोज वर्मा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि ने कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के साथ यात्रा में सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य देशवासियों के भीतर राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत करना है।

यात्रा ग्राम जहूरगंज से प्रारंभ हुई और नजीरगंज, सपहा, चतीपुर तथा बागर होते हुए सुल्तानपुर पहुंची। रास्ते भर लोगों ने तिरंगा लहराकर यात्रा का स्वागत किया। बड़ी संख्या में युवा और ग्रामीण हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर यात्रा में शामिल हुए। भारत माता के जयकारों से यात्रा का माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। जगह-जगह ग्रामीणों ने तिरंगा यात्रा का स्वागत किया।

कार्यक्रम में जिला महामंत्री अनुराग अग्निहोत्री, महादेव गाईन, जिला मंत्री सृष्टि गुप्ता, गन्ना विकास समिति अध्यक्ष नितिन दीक्षित, मंडल अध्यक्ष मनोज वर्मा, जितेंद्र सिंह, रोहित मिश्रा सहित मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अलावा आसपास के कई गांवों से पहुंचे सैकड़ों लोगों ने तिरंगा यात्रा में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आयोजकों ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के प्रति सम्मान, एकता और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने का अभियान है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से लोगों को देश की एकता और अखंडता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का संदेश दिया गया।

## संक्षेप समाचार

### मंगनी के बाद दहेज में बुलेट और कार की मांग, रिश्ता तोड़ने व धोखाधडी का आरोप, मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बेटी की मंगनी तय होने के बाद युवक और उसके परिजनों पर दहेज की मांग करने, अभद्रता और धमकी देने के साथ ही पूर्व में हुई शादी और तलाक की बात छिपाकर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़ित पिता ने बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी गोला निवासी एक युवक के साथ तय की थी। दोनों परिवारों की सहमति के बाद 10 मई को मंगनी की रस्म आयोजित की गई। कार्यक्रम में दोनों पक्षों के रिश्तेदार, परिचित और अन्य लोग शामिल हुए थे। परिवार के लोगों के अनुसार मंगनी की रस्म के दौरान सब कुछ सामान्य था, लेकिन बाद में लेनदेन को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। आरोप है कि मंगनी के दौरान युवक ने अचानक लेनदेन को लेकर विवाद शुरू कर दिया और वहां मौजूद लोगों के सामने गाली-गलौच करने लगा। लड़की पक्ष का आरोप है कि युवक ने रिश्तेदारों के साथ अभद्र व्यवहार किया और उन्हें अपमानित भी किया। इससे मंगनी समारोह का माहौल तनावपूर्ण हो गया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि मंगनी की रस्म पूरी होने के बाद युवक पक्ष की ओर से दहेज में बुलेट बाइक और कार की मांग की जाने लगी। लड़की पक्ष ने अतिरिक्त दहेज देने में असमर्थता जताते हुए मांग पूरी करने से इनकार कर दिया। आरोप है कि मांग पूरी न करने पर युवक पक्ष की ओर से धमकी दी गई और बाद में तय रिश्ता भी तोड़ दिया गया। लड़की पक्ष के अनुसार, रिश्ता टूटने के बाद उन्हें जानकारी हुई कि जिस युवक के साथ उनकी बेटी की शादी तय हुई थी, उसकी पहले ही शादी हो चुकी थी और बाद में उसका तलाक भी हो चुका है। आरोप है कि युवक और उसके परिवार ने यह महत्वपूर्ण जानकारी लड़की पक्ष से छिपाई। परिजनों का कहना है कि यदि उन्हें युवक की पूर्व शादी और तलाक के बारे में पहले से जानकारी होती तो वे रिश्ता तय ही नहीं करते। पीड़ित ने आरोप लगाया कि युवक पक्ष ने पूर्व वैवाहिक संबंध की जानकारी छिपाकर उनके साथ धोखाधड़ी की। साथ ही, मंगनी और बेटी की शादी की तैयारियों में परिवार की ओर से करीब ढाई लाख रुपये खर्च किए गए। रिश्ता टूटने के बाद परिवार को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### बीसलपुर में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा



तिरंगा यात्रा निकालते भाजपाई। -जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा नगर में उत्साह एवं देशभक्ति के माहौल के साथ भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा संगठन के नगर कार्यालय से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मुख्य मार्गों से गुजरी, जहाँ स्थान-स्थान पर इसका स्वागत किया गया। इसके पश्चात यात्रा पुन: नगर कार्यालय पहुंचकर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामकर देशप्रेम का संदेश दिया। वही इस यात्रा के दौरान आर्मी के जवानों को फूल माला पहनाकर सम्मानित भी किया गया। इस आयोजन में संगठन के कई प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें नगर अध्यक्ष उमाकांत मिश्रा, महामंत्री कुलदीप शुक्ला, राकेश गंगवार उपाध्यक्ष विकेश गुप्ता, आनंद कृष्ण गुप्ता, शिवम शुक्ला, नरेंद्र गंगवार नगर मंत्री नितिन वाल्मीकि, अजय गुप्ता, संजय भारती, कोषाध्यक्ष उजाला अग्रवाल इसके अलावा सत्येंद्र पाल सिंह, संजय कुमार, विशाल कुमार, हरिराम एवं दरवाजे सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गुरनाम सिंह चढ़ूनी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट

## संगठन ने घुंघचाई थाने पहुंच कर एसओ को सौंपा पत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय



घुंघचाई एसओ को ज्ञापन देते भाकियू चढ़ूनी गुट। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** भाकियू चढ़ूनी के प्रदेश सचिव ने संगठन के पदाधिकारियो के साथ घुंघचाई थाने पहुंच कर ज्ञापन सौंपा।जिसमे उन्होने संगठन के राष्टीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी पर सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक पोस्ट और वीडीओ वायरल करने वालों के खिलाफ कार्रवाही की मांग कि। मंगलबार को भाकियू चढ़ूनी ने घुंघचाई थाने पहुंच कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि आठ अगस्त को किसान पक्ष भाकियू नामक फैसवुक पेज पर एक पोस्ट और वीडीओ वायरल किया गया। इसमे कैथल जिले फरल गांव निवासी गुनी प्रकाश ने गुरनाम सिंह चढ़ूनी पर कथित तोर पर अभद्र अपमान जनक और भ्रमिक भाषा का इस्तेमाल किया।आरोप है कि वीडीओ में चढ़ूनी पर कई आपत्किजन टिप्पणीया की गईं। चढ़ूनी की दाढी को लेकर टिप्पणी से सिख समाज की भावनाएं आहत हुई है। वीडीओ में जान से मारने व मारपीट करने की धमकियां दी जा रहीं हैं। आरोप है कि यह सामीग्री सोशल मीडिया पर वायरल होने से चढ़ूनी की छवि प्रभावित हो रही है। जिससे सामाजिक तनाव की स्थिति हो सकती है। संगठन ने पुलिस से सोशल मीडिया से सामीग्र हटवाने, मुकदमा दर्ज करने, फैसवुक पेज की जाच कराने आपत्तिजनक सामग्री हटवाने और साइबर जांच करने की मांग की है। इस दौरान प्रदेश सचिव गुरविंदर सिंह, रेशम सिंह, साहब सिंह, राधेश्याम, कारज सिंह, मंदीप सिंह, मंगल सिंह सहित संगठन के कई लोग मौजूद रहे।

# भूख हड़ताल पर बैठे संत सत्यगिरि के समर्थन में उतरे किसान और सामाजिक संगठन

जागरण मोर्चा कार्यालय



उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** तहसील के थाना बिलसंडा में मझिगवां गांव के अंतर्गत स्थित प्राचीन एवं धार्मिक महत्व के लंगड़े बाबा आश्रम की समस्याओं व भूमि संबंधी फर्जीवाड़े को लेकर स्थिति अत्यंत चिंताजनक हो गई है। आश्रम के महंत संत सत्यगिरि महाराज विगत लगभग 100 दिनों से निरंतर भूख हड़ताल पर बैठे हुए हैं। इतने लंबे समय से आंदोलन जारी रहने के बावजूद शासन-प्रशासन द्वारा आश्रम की भूमि पर हुए अवैध कब्जों, कूटरचित अभिलेखों और सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं का कोई ठोस निस्तारण नहीं किया गया है। प्रशासन की इस उपेक्षा से व्यथित होकर संत सत्यगिरि महाराज ने 15 अगस्त 2026 को 'जीवित समाधि' लेने की घोषणा कर दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय किसान यूनियन जनशक्ति, श्री राजपूत करणी सेना (उ.प्र.) और भारतीय किसान यूनियन (अखण्ड प्रदेश) सहित कई संगठनों के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी पीलीभीत के नाम ज्ञापन उप जिलाधिकारी नागेंद्र पांडे को सौंपकर संत समाज की न्यायोचित मांगों का पूर्ण समर्थन किया है। जिसमें संगठनों ने कहा कि लंगड़े बाबा आश्रम की भूमि व फर्जी अभिलेखों से जुड़े मामलों की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कराई जाए। आश्रम की संपत्तियों पर अवैध कब्जे और कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर धोखाधड़ी करने वाले दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई हो। संत सत्यगिरि महाराज द्वारा उठाए गए सभी बिंदुओं पर प्रशासनिक स्तर पर तुरंत वार्ता कर समाधान निकाला जाए। आश्रम व संत समाज की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए तथा लंबित शिकायतों की निस्तारण रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए।

हादसा | विद्यालय में टीन शेड गिरने के बाद मौके पर पहुंचे अधिकारी

# स्कूल की टीन शेड गिरी, 40 बच्चे दबे, 8 बच्चे व दो शिक्षिकाएं घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय



घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस। -जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** अमृता खास गांव में जन शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित श्री बालक राम सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में पड़ी टीन शेड अचानक भरभराकर गिर गई। उसके नीचे पढ़ाई कर रहे हैं करीब 40 बच्चे दब गए। हादसे में 8 बच्चे व दो शिक्षकाएं घायल हो गई। शेष बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।एसडीएम व प्रभारी निरीक्षक ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का उपचार कराया। अचानक हुए हादसे के बाद स्कूल परिसर में चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई।

मंगलवार सुबह करीब 11:15 बजे हुई। ग्राम अमृता खास में विद्या भारती की जन शिक्षा समिति द्वारा संचलित श्री बालक राम सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में पढ़ाई चल रही थी। एक टिन सेड के नीचे कक्षा एक से कक्षा 3 तक के करीब 40 बच्चे बैठे हुए थे। लंच का समय हो जाने के कारण शिक्षिकाओ ने बच्चों को पढ़ाना बंद कर दिया था। बच्चे अपने टिफिन खोलने लगे थे ।इसी दौरान अचानक टीन शेड नीचे गिरा। शेड के नीचे मौजूद बच्चे और शिक्षिकाएं दब गये। और मदद के लिए चीखने लगे। मदद के लिए तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंच गए टीन शेड गिरने की आवाज सुनकर स्कूल में मौजूद स्टाफ और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में टीन और उसके मलबे को हटाकर बच्चों को बाहर निकाला गया।

हादसे में ग्राम अमृता खास निवासी रीत राम का पुत्र ऋतिक, कालीचरण का पुत्र यश, अभिषेक का पुत्र अभय प्रताप, सुभाष चंद्र का पुत्र सार्थक सहित आठ घायल बच्चों व घायल शिक्षिका चंचल व दिव्यांशी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। शेष बच्चों को अभिभावक अपने घरों को लेकर चले गए।

एसडीएम नागेंद्र पांडे, सीओ राहुल पांडे व प्रभारी निरीक्षक संजीव शुक्ला मौके पर गांव पहुंचे उन्होंने अपनी निगरानी में सरकारी अस्पताल में घायलों का उपचार करवाया। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रबंधक विष्णु कुमार गोयल के निर्देश पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ रवि शरण सिंह चौहान को घायल बच्चों की मदद के लिए अस्पताल भेजा। प्रबंधक विष्णु गोयल ने बताया कि घायल बच्चों व शिक्षिकाओं का अच्छा उपचार विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा कराया जाएगा। एसडीएम नागेंद्र पांडे ने बताया कि टीन सैड गिरने के बाद जब वह मौके पर पहुंचे तो विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार मौके पर नहीं मिले । उनसे विद्यालय की मान्यता व भवन संबंधी अभिलेखों के साथ जबाव मांगा गया है।

### शिक्षिका ने जान पर खेल कर बचाई तीन बच्चों की जान

**बीसलपुर।** अमृता खास विद्यालय में जब अचानक टिन सैड गिरा तो उसे समय शिक्षिका चंचल बच्चों को पढ़ा रही थी तीन बच्चे थमले से दबने वाले थे उन्हें खींचकर अपने नीचे छुपा लिया और वह बच्चों के ऊपर झुक गई। इस दौरान टिन शेड ऊपर गिर जाने से उनकी पीठ में गंभीर चोट आई। उनका एक्सरा कराया जा रहा है। तीनों बच्चे सुरक्षित बच गए।

# गन्ना समिति बीसलपुर में 30 वर्षों के बकाया ब्याज के लिए किसानों का प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय




गन्ना समिति में प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ता।

**बीसलपुर।** गन्ना समिति बीसलपुर में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के बैनर तले किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार वी.एम. सिंह द्वारा माननीय उच्च न्यायालय (हाईकोर्ट) में जीते गए ऐतिहासिक गन्ना ब्याज भुगतान मामले के तहत, किसानों के ब्याज का विवरण प्राप्त करने के उद्देश्य से किया गया।

प्रदर्शन के दौरान किसान नेता गुल्लू पहलवान ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 30 वर्षों से गन्ना मूल्य के देर से हुए भुगतान पर किसानों का 15% ब्याज बकाया है। उन्होंने सभी किसानों से अपील की कि वे अपनी संबंधित गन्ना समिति से अपना ब्याज का विवरण हासिल करें और उसे राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के किसी भी पदाधिकारी के पास जल्द से जल्द जमा कराएं, ताकि उनका कानूनी हक उन्हें दिलाया जा सके। इस मौके पर रामौतार, अर्जुन प्रताप, रामसेवक, ओमप्रकाश वर्मा, तेजराम, राजू, कल्याण, नत्थु लाल, आनंद कश्यप और दानिश सहित भारी संख्या में किसान मौजूद रहे और समिति प्रशासन से विवरण शीघ्र उपलब्ध कराने की मांग की।

# क्या लामिन यमाल और इनेस गार्सिया का हुआ ब्रेकअप

## बिकनी वाली लड़की संग याट की तस्वीरों की सच्चाई क्या है?

## यमाल-इनेस के रिश्ते पर सवाल!

### याट वाली तस्वीरों ने बढ़ाया सस्पेंस? जानें इस कहानी की पूरी सच्चाई





**एजेंसी न्यूज**

**मैड्रिड।** स्पेन और बार्सिलोना के स्टार फुटबॉलर लामिन यमाल और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर इनेस गार्सिया सैंटोस एक बार फिर अपने रिश्ते को लेकर चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हुए इनेस के एक भावुक और क्रिप्टिक पोस्ट के बाद दोनों के ब्रेकअप की अफवाह फैल गई। इसी बीच यमाल को राफिन्हा की बहन बताई जा रही एक महिला के साथ जोड़ने वाली फर्जी तस्वीरों और दावों ने भी इस कहानी को हवा दी। लामिन यमाल और इनेस गार्सिया सैंटोस के रिश्ते की चर्चा काफी समय से चल रही थी, लेकिन मई 2026 में दोनों का रिश्ता सार्वजनिक तौर पर सामने आया। इसके बाद इनेस को यमाल के साथ कई मौकों पर देखा गया। स्पेन के 2026 विश्व कप अभियान के दौरान भी वह यमाल को सपोर्ट करती नजर आईं।

यमाल की लोकप्रियता लगातार बढ़ने के साथ उनकी निजी जिंदगी भी सोशल मीडिया के निशाने पर आ गई। इनेस को लेकर भी तरह-तरह के दावे किए जाने लगे। सोशल मीडिया पर यहां तक कहा गया कि उन्होंने यमाल के लिए अपने कई साल पुराने रिश्ते को खत्म किया था। हालांकि, इन दावों की विश्वसनीय पुष्टि नहीं हुई और इनेस ने खुद ऑनलाइन फैल रही गलत सूचनाओं तथा ट्रोलिंग पर नाराजगी जताई थी।

स्पेन के विश्व कप जीतने के बाद यमाल और इनेस का रिश्ता एक बार फिर सोशल मीडिया की सुर्खियों में आ गया। इनेस को लेकर ऑनलाइन ट्रोलिंग भी हुई। उनके पुराने रिश्ते को लेकर कई दावे, स्क्रीनशॉट और पोस्ट शेयर किए गए, जिनमें से कुछ को फर्जी बताया गया।

इनेस ने सोशल मीडिया पर लोगों से अधिक संवेदनशील होने की अपील की और कहा कि वह भी एक इंसान हैं, उन्हें भी भावनाएं होती हैं और वह रोती हैं। इस पूरे विवाद के बाद उनके रिश्ते को लेकर सोशल मीडिया पर लगातार अटकलें लगती रहीं।

बस यहीं से सोशल मीडिया पर ब्रेकअप की अटकलें शुरू हो गईं। फैंस ने इनेस की पोस्ट को सीधे यमाल से जोड़ना शुरू कर दिया। कुछ यूजर्स ने दावा किया कि यह पोस्ट यमाल के साथ उनके रिश्ते में आई दरार का संकेत है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इनेस ने अपनी पोस्ट में न तो यमाल का नाम लिया और न ही यह कहा कि उनका रिश्ता खत्म हो गया है।

क्रिप्टिक पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर एक और दावा तेजी से फैलने लगा। कहा गया कि इनेस ने इंस्टाग्राम पर यमाल को अनफॉलो कर दिया है। यूजर्स ने इसे कथित ब्रेकअप का सबूत बताना शुरू कर दिया। हालांकि, बाद की जांच में इस दावे की पुष्टि नहीं हुई।

उपलब्ध जानकारी के मुताबिक दोनों के एक-दूसरे को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो करने की बात भी सही नहीं है। अमर उजाला ने जब दोनों के इंस्टाग्राम अकाउंट चेक किए, तो अनफॉलो किए जाने का दावा गलत निकला। दोनों अब भी एक-दूसरे को फॉलो कर रहे हैं। इसलिए केवल सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे स्क्रीनशॉट या पोस्ट के आधार पर यह कहना सही नहीं होगा कि दोनों अलग हो चुके हैं।

# आखिर किस बात ने सारा तेंदुलकर को इतना बेचैन कर दिया?

## खुद बताई कहानी; घबराहट इतनी कि नाखूनों से करने लगीं ऐसा





**एजेंसी न्यूज**

**मुंबई।** सारा तेंदुलकर ने बचपन से ही क्रिकेट को बेहद करीब से देखा है। सचिन तेंदुलकर की बेटी होने के कारण उन्होंने खेल में प्रदर्शन का दबाव और उससे जुड़ी उम्मीदों को करीब से महसूस किया है। लेकिन खुद टीम की जिम्मेदारी संभालने के बाद उन्हें एक अलग तरह का अनुभव हुआ। दरअसल, सारा अब ई-क्रिकेट में बतौर टीम मालकिन कदम रख चुकी हैं। इसी कड़ी में सारा की टीम मुंबई ग्रिजलीज ग्लोबल ई-क्रिकेट प्रीमियर लीग (GEPL) सीजन-3 के फाइनल में पहुंची तो वह बेहद तनाव में दिखीं। सारा का यह बतौर मालकिन दूसरा सीजन है। उन्हें उम्मीद थी कि दूसरे सीजन फाइनल तक पहुंचते-पहुंचते वह अपना तनाव संभालना सीख जाएंगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अपने अनुभव को साझा करते हुए सारा ने कहा, 'मैं जितना संभव हो सके उतना शांत रहने की कोशिश करती हूं। मुझे नहीं पता कि आपने देखा या नहीं, लेकिन मैं अपने नाखूनों के आसपास की त्वचा खींच रही थी, क्योंकि मैं बहुत ज्यादा नर्वस थी।' सारा के लिए यह खेल की दुनिया में एक अलग भूमिका है। उन्होंने अब तक अपना अधिकांश जीवन क्रिकेट को मैदान पर देखते हुए बिताया था, लेकिन ई-क्रिकेट टीम की ओनर बनने के बाद उन्हें खेल के पर्दे के पीछे की जिम्मेदारियों को समझने का मौका मिला। उन्होंने कहा, 'मैंने अपनी पूरी जिंदगी सिर्फ मैदान पर होने वाले क्रिकेट को देखा है, इसलिए यह मेरे लिए कुछ बिल्कुल नया और बहुत अलग था। मुझे अभी बहुत कुछ सीखना है।' हालांकि, सारा का मानना है कि मैदान पर खेले जाने वाले क्रिकेट और ई-क्रिकेट में एक बड़ी समानता भी है। उन्होंने कहा, 'एक चीज जो मैदान पर होने वाले क्रिकेट और ई-क्रिकेट में समान है, वह यह है कि दोनों में बहुत ज्यादा समर्पण और मेहनत की जरूरत होती है।' मुंबई ग्रिजलीज के लिए ग्लोबल ई-क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन-3 का फाइनल सारा के लिए सिर्फ टीम से जुड़ा मुकाबला नहीं था, बल्कि परिवार के लिए भी खास मौका रहा। फाइनल में सारा की मां अंजलि तेंदुलकर भी उनके साथ मौजूद थीं। कई लोगों के साथ बैठकर मुंबई ग्रिजलीज को लाइव मुकाबला करते हुए देखा। सारा तेंदुलकर बतौर टीम ओनर अपने दूसरे सीजन में हैं। मैदान पर क्रिकेट से अलग ई-क्रिकेट में उनकी यह नई भूमिका उन्हें खेल को एक नए नजरिए से समझने का मौका दे रही है। मुंबई ग्रिजलीज ने इस सप्ताहांत ग्लोबल ई-क्रिकेट प्रीमियर लीग के तीसरे सीजन के फाइनल में हिस्सा लिया। सारा के लिए यह अनुभव बताता है कि क्रिकेट से उनका जुड़ाव सिर्फ दर्शक के तौर पर नहीं, बल्कि अब टीम के पीछे सक्रिय भूमिका निभाने तक पहुंच चुका है।

# महान लियोनल मेसी ने फुटबॉल से अनिश्चितकाल के लिए ब्रेक लिया; क्यों किया ऐसा? जानें पूरा मामला

**एजेंसी न्यूज**

**ब्यूनस।** अर्जेंटीना और इंटर मियामी के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी ने अपने पिता जॉर्ज मेसी के निधन के बाद प्रतिस्पर्धी फुटबॉल से अनिश्चितकाल के लिए ब्रेक ले लिया है। मेसी अपने परिवार के साथ रहने के लिए अर्जेंटीना के रोसारियो लौट गए हैं। इंटर मियामी ने उन्हें पूरी तरह समर्थन देते हुए वापसी के लिए कोई समयसीमा तय नहीं की है। ऐसे में यह स्पष्ट नहीं है कि 39 वर्षीय मेसी कब मैदान पर लौटेंगे।

मेसी के पिता जॉर्ज मेसी का शुक्रवार को निधन हो गया था। इसके बाद इंटर मियामी के कप्तान निजी विमान से अपने गृहनगर रोसारियो पहुंचे, जहां उन्होंने परिवार के साथ निजी अंतिम संस्कार में हिस्सा लिया। मेसी उस समय दक्षिण फ्लोरिडा में मौजूद थे और इंटर मियामी के आगामी लीग्स कप मुकाबले की तैयारी कर रहे थे। पिता के निधन की खबर मिलने के बाद उन्होंने तुरंत अर्जेंटीना लौटने का फैसला किया।

स्पेनिश प्रकाशन मार्का की रिपोर्ट के मुताबिक, इंटर मियामी ने मेसी को पूरा समर्थन दिया है और उन्हें बिना किसी शर्त के छुट्टी दी गई है। क्लब ने मेसी की वापसी



के लिए फिलहाल कोई तारीख भी तय नहीं की है। इसका मतलब है कि मेसी तब तक अर्जेंटीना में अपने परिवार के साथ रह सकते हैं, जब तक वह खुद फुटबॉल में लौटने के लिए तैयार महसूस नहीं करते। उनकी वापसी और टीम में चयन पूरी तरह उनकी व्यक्तिगत स्थिति और तैयारी पर निर्भर करेगा।

जॉर्ज मेसी का अपने बेटे के करियर में बेहद अहम योगदान रहा। वह मेसी के शुरूआती दिनों से ही उनके मैनेजर, प्रतिनिधि और सलाहकार की भूमिका निभाते रहे। रोसारियो में मेसी के युवा करियर के शुरूआती दौर से लेकर विश्व फुटबॉल के शिखर तक पहुंचने के सफर में जॉर्ज उनके साथ रहे। ऐसे में उनका निधन मेसी के लिए निजी और पेशेवर, दोनों स्तर पर बेहद बड़ी क्षति है।

मेसी का फुटबॉल से ब्रेक ऐसे समय आया है जब वह दोबारा शानदार फॉर्म में लौट रहे थे। उन्होंने हाल ही में लीग्स कप में एटलेटिको सैन लुइस के खिलाफ दो गोल किए थे। लेकिन पिता के निधन के बाद फिलहाल मेसी के लिए फुटबॉल से जुड़े सभी लक्ष्य पीछे हो गए हैं। उनकी प्राथमिकता इस समय परिवार के साथ रहना है। 2023 में इंटर मियामी से जुड़ने के बाद मेसी ने उत्तर अमेरिकी फुटबॉल में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने मेजर लीग सॉकर, कॉनकाकाफ टूनामेंट, लीग्स कप और घरेलू कप मुकाबलों को मिलाकर 107 मैचों में 92 गोल किए हैं। उनका औसत प्रति मैच 0.86 गोल का रहा है। मेसी के करियर में अब तक कुल 921 गोल दर्ज हैं और वह 1,000 गोल के ऐतिहासिक आंकड़े से 79 गोल दूर हैं। हालांकि, फिलहाल ये आंकड़े मेसी के लिए मायने नहीं रखते। वह रोसारियो में अपने परिवार के साथ हैं और मैदान पर उनकी वापसी की कोई निश्चित तारीख अभी सामने नहीं आई है।

# क्रिकेटर पोरेल दुष्कर्म के आरोपों में गिरफ्तार, तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेजे गए

**एजेंसी न्यूज**

**कोलकाता।** युवा क्रिकेटर अभिषेक पोरेल की गिरफ्तारी की खबर ने खेल जगत को हिला कर रख दिया है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए आईपीएल में खेलने वाले बंगाल के इस क्रिकेटर को एक आपराधिक मामले में गिरफ्तार किया गया है। एक मेडिकल छात्रा ने पोरेल पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के साथ मारपीट और आपराधिक धमकी देने का आरोप लगाया है।

पोरेल की गिरफ्तारी के बाद हुगली (ग्रामीण) के पुलिस अधीक्षक कुंवर भूषण सिंह ने मामले की जानकारी देते हुए कहा, 'उनके खिलाफ मामला दर्ज था और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए अदालत का आदेश था। उन्हें कल देर रात गिरफ्तार किया गया। इसके बाद अदालत में पेश किया गया। चिनसुराह की एक अदालत ने पोरेल को जमानत देने से इनकार कर दिया और तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।' पुलिस के मुताबिक, पोरेल को मोगरा पुलिस ने सोमवार देर रात गिरफ्तार किया था।

पोरेल की गिरफ्तारी कलकत्ता हाईकोर्ट के 20 जुलाई के आदेश के बाद हुई। अदालत ने पुलिस को इस मामले में क्रिकेटर को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था। अदालत ने शिकायतकर्ता की तस्वीरों के प्रसार को रोकने के लिए पोरेल के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त करने का भी आदेश दिया था।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, कर्नाटक की एक युवा मेडिकल छात्रा ने 23 जून को मोगरा पुलिस थाने में पोरेल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में छात्रा ने आरोप लगाया कि वह और पोरेल करीब साढ़े तीन साल से रिश्ते में थे और दोनों ने शादी करने की योजना बनाई थी। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि दोनों विदेश यात्रा पर साथ गए थे, लेकिन बाद में पोरेल ने उनके रिश्ते से इनकार कर दिया। इसके बाद उसने पुलिस से संपर्क किया।

शिकायत के मुताबिक, करीब डेढ़ साल पहले दोनों के बीच विवाद हुआ था। यह विवाद बढ़कर पुलिस थाने तक पहुंचा था, लेकिन उस समय कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई थी। 23 जून को शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस की टीमें पोरेल के चंदननगर स्थित घर पर कई बार गईं, लेकिन वह वहां नहीं मिले। इसके बाद महिला ने कलकत्ता हाईकोर्ट का रुख किया। अदालत ने 20 जुलाई को पुलिस को पोरेल को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया।

# शेयर बाजार में बिकवाली हावी, सेंसेक्स 388 अंक लुढ़का; निफ्टी 24500 के नीचे बंद

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों प्रमुख सूचकांकों में करीब आधा फीसदी की कमी आई। कच्चे तेल के बढ़ते दाम और रुपये में कमजोरी से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गहरे लाल निशान में फिसल गया।

सेंसेक्स 388 अंक से अधिक गिरकर 78,154 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 50 में 112 अंक से ज्यादा की गिरावट आई। निफ्टी सत्र के अंत में 24,472 पर समाप्त हुआ, जो 24,500 के महत्वपूर्ण स्तर से नीचे है। सेंसेक्स 0.49 फीसदी की गिरावट के साथ 78,154.25 पर बंद हुआ। निफ्टी 0.46 फीसदी की कमी के साथ 24,471.70 पर समाप्त हुआ। यह दोनों प्रमुख सूचकांकों के लिए एक नकारात्मक सत्र रहा। निवेशकों ने सतर्कता बरती और अपने निवेश में मुनाफावसूली की। भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि के चलते मंगलवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 13 पैसे गिरकर 95.43 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

व्यापक बाजारों में मिला-जुला रुख देखने को मिला। निफ्टी मिडकैप 100 लाल निशान में बंद हुआ। जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 हरे निशान में रहा। टाटा कंज्यूमर के शेयरों में तीन फीसदी की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। अल्ट्राटेक के शेयर भी दो फीसदी नीचे गिरे।

भारतीय शेयर बाजार में गिरावट के कई कारण सामने आए




हैं। कच्चे तेल की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे चिंताएं बढ़ी हैं। भारतीय रुपये का मूल्य भी डॉलर के मुकाबले कमजोर हुआ है। इन वैश्विक और घरेलू कारकों ने निवेशकों के उत्साह को कम किया। इसके चलते बाजार में बिकवाली का दबाव बढ़ गया और सूचकांक नीचे आए। बाजार में गिरावट का सबसे बड़ा कारण कच्चे तेल की कीमतों में आया तेज उछाल और साप्ताहिक एफएंडओ एक्सपायरी के कारण बाजार में रहा उतार-चढ़ाव था। दरअसल, वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 2.18 प्रतिशत बढ़कर 89.63 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जिसने बाजार का ध्यान फिर से महंगाई के बढ़ते खतरों की ओर खींच लिया।

इसके अलावा, हॉर्मुज जलडमरूमध्य में तेल आपूर्ति बाधित होने की आशंका और अमेरिका-ईरान के बीच चल रही वार्ताओं ने भी निवेशकों को सतर्क कर दिया, विशेष रूप से भारत और अमेरिका के आने वाले महंगाई के आंकड़ों से ठीक पहले।

बाजार के इस दबाव के बीच अल्ट्राटेक सीमेंट, एक्सिस बैंक, इंटरग्लोब एविएशन, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस और पावर ग्रिड जैसे बड़े शेयरों में गिरावट दर्ज की गई, जबकि इसके विपरीत इटरनल, इन्फोसिस, टाइटन, एचसीएल टेक और टीसीएस बढ़त बनाने वाले प्रमुख शेयर रहे।

## टोल प्लाजा : नजदीक रहने वालों को भी लेना होगा 3000 का वार्षिक पास

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** टोल प्लाजा के आसपास रहने वालों लोगों को भी अब सालाना पास बनवाना होगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय देशभर के टोल प्लाजा पर मल्टी लेन फ्लो फ्री (एमएलएफएफ) सिस्टम लागू करने की तैयारी कर रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। फिलहाल देश में पांच टोल एमएफएलएल हो चुके हैं और जल्द ही 104 टोल पर भी इसे लागू करने की तैयारी है इसकी कीमत ऐसी रखी जाएगी, जिससे लोगों को आर्थिक रूप में फायदा हो इसकी कीमत ऐसी रखी जाएगी, जिससे लोगों को आर्थिक रूप में फायदा हो।

फिलहाल टोल प्लाजा से 20 किलोमीटर की परिधि में रहने वाले लोगों के वाहनों के लिए मासिक पास बनाने का नियम है। इस मासिक पास की कीमत 350 रुपये है। अभी सालाना पास बनाने का कोई नियम नहीं है। मंत्रालय ने सामान्य वाहनों के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग के तहत संचालित एक्सप्रेसवे और राजमार्ग के लिए सालाना पास बनाने का नियम लागू किया है।

## वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत, फिच ने सॉवरेन रेटिंग बरकरार रखी

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** फिच रेटिंग्स ने भारत की सॉवरेन रेटिंग 'इइइ-' पर स्थिर दृष्टिकोण के साथ बरकरार रखी है। एजेंसी ने पश्चिम एशिया संकट और अमेरिका-ईरान संघर्ष की चुनौतियों के बावजूद भारत की मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था और वृद्धि की संभावनाओं की सराहना की। सरकार का ऋण-से-सकल घरेलू उत्पाद अनुपात कम करने का लक्ष्य भी बताया गया। वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने मंगलवार को भारत की सॉवरेन रेटिंग 'इइइ-' पर बरकरार रखी है। एजेंसी ने देश के लिए 'स्थिर दृष्टिकोण' भी बनाए रखा है। फिच ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न ऊर्जा संकट की चुनौतियों के बावजूद भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। फिच को अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़ी अनिश्चितता से भारत की वृद्धि की संभावनाओं पर कोई स्थायी जोखिम नहीं दिखता है। एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि हाल के वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था झटकों के प्रति लचीली रही है। फिच को उम्मीद है कि यह सकारात्मक प्रवृत्ति भविष्य में भी जारी रहेगी। 'इइइ-' रेटिंग सबसे कम निवेश ग्रेड रेटिंग मानी जाती है। भारत की यह रेटिंग उसके मजबूत वृद्धि दृष्टिकोण को दर्शाती है। इसके साथ ही, यह देश के मजबूत बाहरी वित्त बुनियादी सिद्धांतों को भी परिलक्षित करती है। फिच ने मौजूदा वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2027) में भारत की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि 6.4 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। यह वित्त वर्ष मार्च 2027 में समाप्त होगा। व्यापक आर्थिक स्थिरता प्रदान करने का मजबूत होता रिकॉर्ड भारत के लिए एक सकारात्मक संकेत है। नीतिगत विश्वसनीयता में सुधार निरंतर मजबूत वृद्धि का आधार बनेगा। यह देश के आर्थिक लचीलेपन को भी बढ़ाएगा। फिच ने बताया कि यह सब निकट अवधि की व्यापक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद संभव होगा। उच्च वृद्धि संरचनात्मक ऋण मानदंड में निरंतर सुधार का समर्थन करेगी। इससे सरकारी ऋण के नीचे की ओर जाने की संभावना भी बढ़ेगी। वित्त वर्ष 2027 के बजट में सरकार ने ऋण-से-सकल घरेलू उत्पाद अनुपात 55.6 फीसदी अनुमानित किया था। यह वित्त वर्ष 2026 के 56.1 फीसदी से कम है। सरकार ने मार्च 2031 तक अपने ऋण-से-सकल घरेलू उत्पाद अनुपात को 50 फीसदी तक लाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह लक्ष्य देश की वित्तीय स्थिरता को और मजबूत करेगा।







जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।